CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025

वर्ष - 34 | अंक - 355 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

सपर्क करे :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

पहलगाम आतंकी हमला केंद्र सरकार की विफलता का जीता-जागता सबूत : कांग्रेस पृष्ठ

मड़ई
अक्षय फल के दाता अक्षय तृतीया परब पृष्ठ 4

धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी
युवा खिलाड़ियों की निडरता से रवि शास्त्री प्रभावित पृष्ठ 10

देश विदेश
आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरा
ट्रंप ने भारत-पाक तनाव पर मध्यस्थता की भूमिका से किया इंकार
ईरान का भारत-पाकिस्तान को दोस्ती का पैगाम
पृष्ठ 9

# जम्मू-कश्मीर में छह आतंकियों के घर गिराए

## कश्मीर में बुलडोजर नहीं, घरों को ढहाने के लिए हो रहा आईईडी का इस्तेमाल

- संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान जारी
- सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं थी





सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के बाद गुस्साए हुए सुरक्षाबलों ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के चार और मकान ध्वस्त कर दिए गए, जिन पर पहलगाम हमले में शामिल होने का संदेह है। इस तरह से कुल मिला कर 24 घंटों में 6 आतंकियों के 6 घरों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुरान पुलवामा के आतंकी एहसान उल हक शेख के मकान को अधिकारियों ने कल देर रात ध्वस्त कर दिया। इसी तरह कुलगाम में आतंकी जाकिर अहमद गनिया (2023 से सक्रिय) के मकान को मतलहामा में विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया। शोपियां में आतंकी शाहिद अहमद कुटे का मकान भी चोटीपोरा में ध्वस्त कर दिया गया। वह 2002 से सक्रिय है। कल पहलगाम हमले में शामिल होने की बात सामने आने के बाद दो आतंकियों आसिफ अहमद शेख त्राल और आदिल थोकर बिजभेरा के मकान ध्वस्त कर दिए गए थे।

दरअसल पहलगाम हमले में शामिल संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। पुलवामा में सेना ने एक और आतंकी का घर ध्वस्त कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पुलवामा में जैश ए मोहम्मद के आतंकी एहसान उल हक के घर को मिट्टी में मिला दिया गया।

**पहले दो आतंकियों का घर किया था ध्वस्त**–इससे पहले दो और आतंकियों के घर को सुरक्षाबलों ने तबाह किया था। जिसमें अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के त्राल के गोरी इलाके में एक आतंकी के घर को बम से उड़ाया, जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया। बताया जाता है कि एहसान ने 2018 में पाकिस्तान से प्रशिक्षण लिया था और हाल ही में वह फिर से कश्मीर घाटी में दाखिल हुआ था। यह पहलगाम हमले का संदिग्ध है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के मुर्रान में अहसान उल हक शेख का घर और पुलवामा के काचीपोरा इलाके में लश्कर के आतंकवादी हारिस अहमद का घर विस्फोट में नष्ट कर दिया गया। दक्षिण कश्मीर के गुरी के एक गांव में सुरक्षा बलों ने चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध आतंकी के घर को बम से उड़ा दिया। सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों को घर में कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा बल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीछे हट गए। हालांकि, पीछे हटने के कुछ ही देर बाद एक शक्तिशाली विस्फोट से घर को भारी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि यह घर पहलगाम हमले में शामिल आतंकी आदिल का था।

**आर-पार के मूड में हैं नागरिक और जवान**–चपराल (जम्मू फ्रंटियर)। आर या पार। यह नारा और जोश है उन जवानों में जो देश की रक्षा करने की खातिर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार : शाहबाज शरीफ

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

मीडिया चैनलों के लिए एडवाइजरी जारी

### सुरक्षा बलों की गतिविधियों को लाइव ना दिखाएं

नई दिल्ली। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को देश के सभी न्यूज चैनलों, मीडिया प्लेटफार्मों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक सख्त एडवाइजरी जारी की। एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा संबंधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज, रियल-टाइम रिपोर्टिंग या स्रोतों पर आधारित जानकारी का प्रसारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

# भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

## 4 अधिकारियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में भारतमाला प्रोजेक्ट में गड़बड़ी के आरोप में आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने एक दिन पहले यानी बीते शुक्रवार 26 अप्रैल को 16 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया गया था। ईओडब्ल्यू की छापेमारी के दौरान एसडीएम, ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सात दिन की मिली रिमांड

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरमीत खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों को आज को एसीबी/ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने सभी आरोपियों को ईओडब्ल्यू को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।




**इनके ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की रेड**- अमरजीत सिंह गिल (ठेकेदार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दुर्ग), हरजीत सिंह खनूजा (ठेकेदार, मकान नंबर 118 लॉ विष्टा सोसाइटी, कचना रायपुर), जितेंद्र कुमार साहू (पटवारी, अभनपुर), दिनेश कुमार साहू (पटवारी, माना बस्ती रायपुर), निर्भय कुमार साहू (एसडीएम, अटलनगर, नवा रायपुर समेत कांकेर के नरहरपुर स्थित आवास), हरमीत सिंह खनूजा (ठेकेदार, महासमुंद), योगेश कुमार देवांगन (जमीन दलाल, अश्वनी नगर, रायपुर), बसंती घृतलहरे (अभनपुर), अमरजीत सिंह गिल (बैंक कर्मचारी आईसीआईसीआई बैंक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दुर्ग), रोशन लाल वर्मा (आरआई, कचना रायपुर), विजय जैन (कारोबारी, गोलबाजार दुकान और टैगोर नगर स्थित घर रायपुर), उमा तिवारी (महादेव घाट, रायपुर), दशमेश (तेलीबांधा गुरुद्वारा, रायपुर), लखेश्वर प्रसाद किरण (तहसीलदार, कटघोरा और बिलासपुर स्थित घर), शशिकांत कुर्रे (तहसीलदार, माना बस्ती और अभनपुर), लेखराम देवांगन (पटवारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर)। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिकृत किए गए 1-1 भूमि पर फर्जी तरीके से 6-6 लोगों के नाम पर मुआवजे निकलवाए और करोड़ो रुपए गबन कर लिए हैं।

## सार संक्षेप

### एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे 10 लोगों को गाड़ी ने कुचला, 6 की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूहं जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 1 1 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 1 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत 5 1 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है।

### जनता पर ठीकरा फोड़ना बंद करे सरकार : दानिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता कुंवर दानिश अली ने पहलगाम हमले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर ठीकरा नहीं फोड़ना चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि जो जिम्मेदारी उनकी थी उसे वह निभा नहीं पाए। पूर्व सांसद दानिश अली ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मीडिया को दिए एक बयान का वीडियो साझा करते हुए शनिवार को एक्स पर कहा, सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अपनी नाकामी को स्वीकार किया है।

### आरएसएस ने वही किया जो पाक चाहता है: खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थित संगठनों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद ठीक वही किया, जो पाकिस्तान चाहता था। पाकिस्तान इस हमले से यही चाहता था कि कश्मीरियों की रोज़ी रोटी पर हमला हो और भारत में हिंदुओं एवं मुसलमानों के बीच विवाद बढ़े।

# पाकिस्तानियों को छोड़ना पड़ेगा राज्य : साय

**रायपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में रह रहे पाकिस्तान मूल के नागरिकों को जल्द ही राज्य छोड़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। सभी शॉर्ट वीजा को निरस्त कर दिया गया है और अब पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाना होगा।

भारत ने कहा है कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अगले 3 दिनों के भीतर भारत छोड़ देना होगा। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारत सरकार के आदेश के तहत अब छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है। प्रदेश में करीब 2000 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, जिनमें से लगभग 1800 अकेले रायपुर में रहते हैं। इनमें अधिकांश सिंधी समुदाय से हैं। पुलिस द्वारा वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय सीमा से अधिक भारत में न रहे।



- केंद्र सरकार के निर्देश का किया जाएगा पालन

**दीर्घकालिक वीजा धारकों को राहत**

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को जारी दीर्घकालिक वीजा रद्द नहीं किए जाएंगे और उन्हें देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, बिजनेस, मेडिकल या धार्मिक वीजा पर आए लोगों को निर्धारित समयसीमा में भारत छोड़ना अनिवार्य होगा। सार्क वीजा धारकों को फिलहाल तत्काल निकासी की जरूरत नहीं है, लेकिन उनकी भी जांच जारी है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता**

पहलगाम हमले के बाद केंद्र ने पाकिस्तान से भारत आने वाले सभी व्यक्तियों की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस अब वीजा की वैधता, नागरिकता स्थिति और गतिविधियों की जांच कर रही है ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक एक्शन लिया है। इसके तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें जल्द से जल्द देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा अब केवल 27 अप्रैल तक ही वैध रहेगा, जबकि मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक की मोहलत दी गई है।

# राज्य की 13 सेवाएं अब पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के दायरे में

**रायपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने शासकीय कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए एक और महत्वपूर्ण सुधार लागू किया है। राज्य के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, ताकि नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। इस कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत, इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यह प्रणाली न केवल सरकारी कामकाज को गति देगी, बल्कि नागरिकों और व्यवसायियों के बीच सरकार के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ में हर नागरिक और व्यवसायी को सरकारी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**शासकीय सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी के लिए किया महत्वपूर्ण सुधार**



**रोम की चर्च में दफनाए गए पोप फ्रांसिस**– ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हुए।

# 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर ने झाड़ा पल्ला

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।

- दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

# सेंट्रल जेल में कैदी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी से बड़ी खबर सामने आ रही है, यहां रायपुर के सेंट्रल जेल में एक बंदी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है, बंदी की लाश सुबह फांसी से फंदे पर लटकी हुई मिली है। कैदी की पहचान ओमप्रकाश नामक युवक के रूप में हुई है। वह साल 2016 से हत्या के मामले में जेल में बंद था। घटना के बाद से जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस मामले की तस्दीक कर रही है और आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। रायपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी साल की शुरुआत यानी जनवरी माह ने एक अफ्रीकन ड्रग्स डीलर ने फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। अपने ही सेल पर फांसी के फंदे पर लटकता दिखा था। उसे 2021 में गिरफ्तार किया गया था। नवंबर 2024 में फायरिंग की भी घटना हुई थी। जिसमें एक युवक बुरी तरह घायल हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की तस्दीक कर रही है और आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

- हत्या के मामले में काट रहा था सजा

सीजीएमएससी घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई

# ईओडब्ल्यू ने 6 आरोपियों के खिलाफ 18 हजार पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में की पेश

**रायपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) के 421 करोड़ रुपये के घोटाले में एक बड़ी कानूनी कार्रवाई सामने आई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस घोटाले में करीब 18 हजार पन्नों का चालान तैयार कर विशेष अदालत में पेश कर दिया है। ईओडब्ल्यूकी विशेष अदालत में दाखिल इस चार्जशीट में अब तक गिरफ्तार सभी 6 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। इन सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि जिन 6 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें छ्त्तस्स्ष्ट के तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक बसंत कुमार कौशिक, बायो मेडिकल इंजीनियर छिरोद रौतिया, उपप्रबंधक कमलकांत पाटनवार, डॉ. अनिल परसाई, मेडिकल इंजीनियर दीपक कुमार बंधे और मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा का नाम शामिल है।




**छत्तीसगढ़ के राजकोष को किया गया खाली**–कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को खाली किया गया था। इस पूरे मामले को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को पत्र लिखा था।

**दो साल के ऑडिट में खुली थी पोल**–लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससीकी सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था. ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

भारत समिट 2025 में बोले राहुल

# मौजूदा माहौल में विपक्ष को कुचलना लक्ष्य

**हैदराबाद**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था।



**नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे** –भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए।'

राहुल ने कहा- हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर किसी की कुछ मामलों पर अलग-अलग राय होगी, लेकिन हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि मुद्दों पर क्या विचार कर सकते हैं।

तीर्थयात्रा

जून से अगस्त तक की जाएगी आयोजित

# कैलाश मानसरोवर यात्रा छह वर्ष बाद फिर होगी शुरू

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को 'कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025' की औपचारिक घोषणा कर दी। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व**

*गवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण होने के नाते, यह जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनी विशिष्ट वेबसाइट केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण शुरू कर दिया है। इस वर्ष, 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से एक निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से यात्रियों का चयन किया जाएगा और उनको विभिन्न मार्ग एवं बैच आबंटित किए जाएंगे।*



- हिंदुओं, जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व

*कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के जरिए यात्रियों को एक बार मिले मार्ग और बैच में आम तौर पर बदलाव नहीं होगा। हालांकि अगर जरूरी हो तो चयनित यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही किया जा सकेगा। इस मामले में मंत्रालय का निर्णय ही अंतिम होगा। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बावजूद अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से चलेगी, जो इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। हमले के बावजूद गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर में पर्यटन जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी कश्मीर को उसके विकास पथ से नहीं हटा सकता।*

# बड़ियाडीह में प्रस्तावित स्टील प्लांट का ग्रामीणों और कांग्रेस ने किया विरोध

## पर्यावरण संकट की जताई आशंका

**मुंगेली** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सरगांव क्षेत्र के बड़ियाडीह गांव में प्रस्तावित 700 करोड़ रुपये लागत के स्टील पावर प्लांट का विरोध लगातार तेज हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ अब जिला कांग्रेस कमेटी ने भी इस परियोजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पर्यावरण विभाग द्वारा आयोजित जनसुनवाई में 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लेकर प्लांट के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। जनसुनवाई में कुल 88 लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें मात्र 3 लोग पक्ष में और 85 लोग विरोध में खड़े हुए। वहीं लिखित रूप में 27 विरोध और 1 पक्ष में मत दर्ज हुए। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि प्रस्तावित प्लांट से क्षेत्र की नदी, जल स्रोत और मदकू द्वीप की जैव विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर





प्लांट के निर्माण पर आपत्ति जताई। ज्ञापन में कहा गया कि उद्योग से निकलने वाले रसायन, धुआं और अपशिष्ट वायु, जल और भूमि को प्रदूषित कर सकते हैं। इससे सांस व त्वचा रोगों का खतरा बढ़ेगा, जलस्त्रोत प्रभावित होंगे, कृषि भूमि की उर्वरता घटेगी और पशुपालन भी प्रभावित होगा। साथ ही स्थानीय बेरोजगारों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को रोजगार दिए जाने की संभावना भी जताई गई। ज्ञापन में यह भी सवाल उठाया गया कि क्या कृषि भूमि का औद्योगिक उपयोग हेतु विधिवत भूमि परिवर्तन किया गया है या नहीं। यदि नहीं, तो एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने पर भी आपत्ति दर्ज की गई है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अर्जुन तिवारी, उमेश सोनी, श्याम कश्यप, अभिषेक यादव, नेहरू साहू, अहमद अली, मुकेश साहू, इस्माइल मेमन, पुष्पा घृतलहरे, शिव घृतलहरे, ज्योतिष घृतलहरे और घसिया लहरे सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि उद्योग के लिए शिवनाथ नदी से पानी लिए जाने की योजना है, जिससे भविष्य में जल संकट गहरा सकता है। साथ ही मदकू द्वीप और ताला जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। वर्मा ने प्लांट के निर्माण के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज करते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया।

# लोरमी में आधी रात वाहन में आगजनी, दहशत का माहौल





**मुंगेली** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित शीतला मंदिर के पास खड़ी एक चार पहिया वाहन मारुति आर्टिका (क्रमांक CG 10 BT 1376) में बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। यह वारदात 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात लगभग 2 बजे की बताई जा रही है, जिसने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। जानकारी के अनुसार, अयोध्या प्रसाद तिवारी के स्वामित्व वाली आर्टिका वाहन को उनके ड्राइवर करण लोहार प्रतिदिन की भांति शादी समारोह से लौटकर रात्रि 12 से 1 बजे के बीच मंदिर के समीप खड़ा कर घर लौट गए थे। कुछ समय पश्चात राहगीरों ने वाहन में आग लगती देख चालक को सूचित किया। तत्पश्चात मोहल्ले के लोगों ने मिलकर नदी से पानी लाकर आग पर काबू पाया।रात में ही चालक द्वारा वाहन मालिक को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 4 असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। आए दिन वाहनों में तोड़फोड़, चोरी और अब आगजनी जैसी गंभीर घटनाएं घट रही हैं। पुलिस में शिकायत के बावजूद दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि असामाजिक तत्व खुलेआम धमकियां देते हैं और कहते हैं कि चाहे थाने जाओ या कहीं भी शिकायत करो, वे पैसे देकर छूट जाएंगे। इस कारण वार्डवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गंभीर मामलों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई हो तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सार-संक्षेप

## डी ए वी देवरीखुर्द मे आर टी ई अंतर्गत नव प्रवेशी कक्षा का प्रवेश लाटरी के माध्यम से

**तखतपुर** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक संचनालय रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं समग्र शिक्षा, बिलासपुर (छ. ग.) से प्राप्त पत्र के आधार पर सत्र 2025- 26 हेतु निःशुल्क एवम अनिवार्य शिक्षा (आर टी ई) के तहत डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द के लिए नोडल अधिकारियों के माध्यम से कक्षा एल के जी के रिक्त सीट में प्रवेश प्रक्रिया हेतु पालकों से निर्धारित तय सीमा तक आवेदन पत्र जमा करवाने के बाद एवं प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच उपरांत पात्र और अपात्र आवेदन की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। अतएव अभिभावकों को यह सूचना प्रदान की जाती है कि दावा आपत्ति के लिए विद्यालय सूचना पटल पर प्रदर्शित पात्र एवं अपात्र सूची का अवलोकन 30अप्रैल 2025 या उससे पूर्व कर लेवे। दिए गए तिथि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। दावा आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात चयन प्रक्रिया लाटरी के माध्यम से दिनांक 02 मई 2025 को प्रातः 9.00 बजे, स्थान डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द, तखतपुर में की जावेगी। उक्त सूचना आवेदित अभिभावकों के लिए संप्रेषित है।

## गायत्री शक्तिपीठ की बैठक आज

**तखतपुर** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। तखतपुर गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर बिलासपुर में जिला स्तरीय बैठक 27 अप्रैल को प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ होगी जिला के वरिष्ठ परिजन बैठक को संबोधित करेंगे। युग निर्माण योजना शाखा तखतपुर के व्यवस्थापक नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि तखतपुर नगर एवं ब्लाक के गायत्री परिजन भागीदारी निभाएंगे।

## मोबाइल भी है नैतिक पतन का कारण

**तखतपुर** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गिरधौना में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण में योग शिक्षक राम कुमार कश्यप ने जन चेतना कार्यक्रम के तहत नशा से होने वाले बुराईयों चारित्रिक पतन, आर्थिक विपन्नता हो रहा है इसलिए हम सभी नशे से दूर रहे इसके साथ ही वर्तमान में मोबाईल का दूरपयोग भी होने लगा है और यह भी एक नैतिक पतन का कारण है। इसलिए इस पर भी हम अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर महेत राम, हरिराम, विजय कुमार, परमेश्वर, मांघीराम, हर प्रसाद, ओमकार सहित अन्य उपसथित रहे।

## मलेरिया उन्मूलन का संकल्प, मच्छरदानी है बचाव का असरदार उपाय - डॉ मनीष बंजारा



**मुंगेली** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में विश्व मलेरिया दिवस 2025 के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ मनीष बंजारा ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस हर वर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। यह दिन मलेरिया की रोकथाम, पहचान और समय पर उपचार की अहमियत को रेखांकित करता है।डॉ बंजारा ने बताया कि मलेरिया प्लासमोडियम नामक परजीवी से होता है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छर खून चूसते समय यह परजीवी शरीर में छोड़ देता है, जो लीवर और खून की कोशिकाओं को संक्रमित करता है।संक्रमण के 10-15 दिन बाद तेज बुखार, कंपकंपी, ठंड लगना, पसीना आना, सिरदर्द, थकान, उल्टी, दस्त, और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण उभरते हैं। बचाव के उपायस्रोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छर भगाने वाली क्रीम लगाएं, आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, पूरी बांह के कपड़े पहनें और स्वच्छता बनाए रखें। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और समय पर इलाज लें। डॉ बंजारा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों को नियंत्रित करना है। इस कार्यक्रम के तहत गांव और शहरों में मच्छर नियंत्रण और इलाज की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम में (हमने ठाना है, मलेरिया को मिटाना है) जैसे नारों के साथ जनजागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर उर्मिला सिन्हा, मोनिका, किशोर, मिथलेश, दिवाकर, सुधा और त्रिवेणी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल के प्रवास को लेकर तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका 28 एवं 29 अप्रैल को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 28 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर जल संचयन, पौधारोपण, जैविक खेती, स्वच्छता सहित लोक हित एवं जन कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने आज कलेक्ट्रेट में जिला अधिकारियों की बैठक ली और बैठक में चर्चा हेतु तय एजेंडा के अनुसार विभागवार तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने निर्देश दिए। बैठक में वन मंडल अधिकारी श्री रौनक गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण के सुरक्षा के लिए 8 साल से राशि नहीं मिल रहा



**तखतपुर** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। विजयपुर में 2013 में कराए गए वृक्षारोपण के सुरक्षा के संबंध में डीएफओ बिलासपुर को ग्राम वन समिति विजयपुर के अध्यक्ष ने आवेदन दिया है। अपने आवेदन में कहा है कि विजयपुर में 2013 में 55 हेक्टेयर में सागौन तथा अन्य प्रजाति के पौधों का मिश्रित वृक्षारोपण कराया गया जिसकी देखरेख एवं सुरक्षा हेतू अप्रैल 2017 को वन प्रबंध समिति विजयपुर द्वारा एक चोकी दार नियुक्त कर तथा समिति के सदस्यों के द्वारा मिलकर किया जा रहा है वर्तमान में क्षेत्र में निंदाई एक्लीकरण तथा अन्य कार्यो की आवश्यकता है।

समिति द्वारा जब से प्रभार लिया गया है इस वृक्षारोपण क्षेत्र के लिए किसी प्रकार की कोई राशि आबंटित नही की गई है जिससे सुरक्षा एवं प्रबंधन तथा चौकीदारी का भुगतान भी नही हो पा रहा है इसके कारण देखरेख में असुविधा हो रही है। इसलिए तत्काल राशि जारी किया जाए ताकि इस वृक्षारोपण क्षेत्र का उचित सुरक्षा किया जा सके इसके साथ ही जनसूचना अधिकारी बिलासपुर को इस क्षेत्र में किए गए मजदूरों की गड्ढा खोदाई, साफ सफाई, सुरक्षा श्रमिक, कांटा खम्भा की खरीदी में कितनी राशि व्यय की गई है इसकी भी मांग की गई है और इस संबंध में आवेदन कलेक्टर बिलासपुर के साथ साथ मुख्य वन सरंक्षक को आवेदन देने के साथ साथ सुशासन दिवस में भी बलराम कुमार पाल ने आवेदन देकर इस पर कार्यवाही की मांग की है।

# सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का कलेक्टर ने की समीक्षा



**मुंगेली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकासखण्ड, नगरीय निकाय और विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनविश्वास अर्जित करने का माध्यम भी है। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों का फील्ड सत्यापन कर प्रतिवेदन तैयार करने और तत्पश्चात निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यदि किसी कारणवश आवेदन का निराकरण संभव नहीं हो पा रहा है तो संबंधित आवेदक को स्पष्ट रूप से कारण बताने को कहा, ताकि नागरिकों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने आवेदनों की नियमित निगरानी और क्रॉस चेक कर संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के लिए सभी तहसीलदारों को विशेष कोर्ट आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों से मुख्यालय में रहकर अनुशासन के साथ कार्य करने और मुंगेली को राज्य में सुशासन तिहार के तहत नंबर एक स्थान दिलाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जानकारी दी कि 5 मई से 31 मई 2025 तक जिले के विभिन्न ग्रामों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए 15-15 ग्रामों के क्लस्टर बनाए गए हैं और तिहार के सुचारु संचालन हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में बताया गया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत अब तक कुल 1 लाख 21 हजार 943 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 20 हजार 599 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का विभागवार निराकरण प्रक्रिया में है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जम्मू-कश्मीर में छह आतंकियों के...

सीमा पर डटे हुए हैं। यही नारा सीमांत गांवों के लोग भी लगा रहे हैं। पाकिस्तान क्या समझता है अपने आपको। इस बार तो हम दुनिया के नक्शे से ही उसका नामोनिशान मिटा देंगे, यह भी लक्ष्य है उन सैनिकों का जो सीमा पार बढ़े पाक सेना के जमावड़े के पश्चात सीमा पर तैनात किए गए हैं। जम्मू फ्रंटियर की अंतरराष्ट्रीय सीमा की इस चौकी पर एक दूसरे को ललकारने का कार्य भी जारी है। पाकिस्तानी सीमा चौकी की दूरी मात्र 150 गज। जिस स्थान पर यह संवाददाता खड़ा था उससे जीरो लाइन, अर्थात दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की दूरी थी मात्र 75 गज। चिल्लाया न जाए तो भी उस आवाज को दुश्मन के सैनिक सुन लेते हैं। अब बहुत हो गया। इस बार तो हमें आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। अगर हम ऐसे ही हिम्मत हारते गए गए जवानों का जोश ठंडा पड़ जाएगा। यही कारण है कि ऊपर के आदेशों के बाद भी हम संयम को कभी कभी तोड़ देते हैं, 'चौकी पर तैनात अधिकारी ने कहा था। वह अपनी पहचान गुप्त रखना चाहता था।

### भारतमाला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामले में...

तहसीलदार, पटवारी और आरआई सहित राजस्व विभाग के करीब 16 अधिकारियों के घरों पर दबिश दी गई। यह कार्रवाई नया रायपुर, अभनपुर, दुर्ग भिलाई, आरंग, बिलासपुर सहित राज्य के अन्य जिलों में भी की गई। अधिकारियों के ठिकानों से जब्त किए गए दस्तावेज और उपकरण मामले में जांच के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। ईओडब्ल्यू इस पूरे मामले की गहरी जांच कर रही है और गिरफ्तार किए गए अधिकारियों से पूछताछ जारी है।

### राज्य की 13 सेवाएं अब...

में हर नागरिक और व्यवसायी को सरकारी सेवाएं तेजी से और पारदर्शी तरीके से मिलें। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत 13 महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल करना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सुधार न केवल जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, बल्कि राज्य में निवेश और विकास को भी नई गति देगा।

### किन सेवाओं को मिलेगा लाभ

इस नई व्यवस्था में पर्यावरण मंजूरी, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन, टाउन प्लानिंग अनुमोदन और जल संसाधन से संबंधित अनुमतियां जैसी सेवाएं शामिल हैं। पहले इन सेवाओं में देरी के कारण व्यवसायियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब तय समयसीमा के साथ यह सुनिश्चित होगा कि आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द हो। रायपुर अवन्ति बाई चौक के युवा व्यवसायी नान्हू अग्रवाल ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा, पहले मंजूरी के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब समयसीमा तय होने से हमारे कारोबार को गति मिलेगी। यह व्यवसायियों के लिए बहुत बड़ी राहत है। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाई गई यह व्यवस्था सरकारी कामकाज में जवाबदेही को बढ़ावा देगी। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी, बल्कि छत्तीसगढ़ निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनेगा। यह कदम छोटे और मझोले उद्यमों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा, जो समयबद्ध सेवाओं पर निर्भर रहते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार का यह सुधार डिजिटलीकरण और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक और मील का पत्थर है। सरकार की योजना है कि भविष्य में और सेवाओं को इस एक्ट के दायरे में लाया जाए, ताकि राज्य में हर क्षेत्र में विकास को गति मिले। इस पहल से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ नए भारत के निर्माण में अपनी मजबूत भूमिका निभाएगा।

### ईओडब्ल्यू ने 6 आरोपियों के...

के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया। बिना जरूरत की हॉस्पिटलों को सप्लाई-प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी. ऑडिट टीम के अनुसार छ्व।।स् ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

# नवोदय विद्यालय की स्थापना के लिए उपाध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू को औपचारिक मांग पत्र सौंपा है।



जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र बहादुर सिंह ने पत्र में उल्लेख किया कि जीपीएम एक आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहाँ अच्छी आवासीय शिक्षा सुविधाओं का भारी अभाव है। उन्होंने कहा कि यदि जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाती है, तो यह जिले के कमजोर तबके के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। इससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा, (नवोदय विद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को समग्र विकास का मार्ग मिलेगा, और वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने योग्य बन सकेंगे।)

उपेंद्र बहादुर ने मंत्री श्री साहू से अनुरोध किया कि वे केंद्र सरकार से विशेष पहल कर जीपीएम जिले में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति दिलवाने की कृपा करें।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ट्रैक कार्यों का निष्पादन हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG -BSP-T-28-25-26. दिनांक 23/04/2025. कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत थ्रू रेल रिन्यूअल (टी.आर.आर.), थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टी.टी.आर.) आदि जैसे ट्रैक कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्यः ₹ 5,11,71,650.02/-। अमानत राशिः ₹ 4,05,900.00/-। कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 12.05.2025 के 11:00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 26.05.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/31 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail


# शास. कन्या उ.मा. शाला में कक्षा 9वीं और 11 वीं के नतीजे घोषित



**तखतपुर** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्राचार्य हूप सिंह क्षत्रिय ने कहा कि जो हमने वर्ष पर परिश्रम किया है उसका परिणाम आज हमारे सामने है। हमारे लिए यह एक चिंतन का भी समय है कि हम परिणाम में और बेहतर कैसे सुधार कर सकें क्योंकि जैसा हम कर्म करेंगे वैसे ही हमें परीक्षा परिणाम प्राप्त होगा। पूर्व प्राचार्य एस के पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारे आत्म अवलोकन का समय है कि पूरे वर्ष पर हमने जिस अनुपात में मेहनत किया उस अनुपात में हम क्या परिणाम हासिल कर सके हैं। यदि नहीं कर पाए हैं तो उसमें क्या कमियां है इसे कैसे दूर करें इस पर विचार जरूर करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन रश्मि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को जेडी कुजूर, बी आर सूर्यवंशी, संदीप ध्रुव,मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी और माहेश्वरी सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मिनाज खान, कामिनी गुप्ता, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, पारुल यादव, जीडी वैष्णव, अंकितविश्वकर्मा, पुष्पेंद्र दुबे, आमोद एक्का,सहित अन्य उपस्थित रहे। कक्षा नवमी अ में प्रथम मंजू धुरी,द्वितीय भुवनेश्वरी गंधर्व,तृतीय सकीना, नवमी बी में प्रथम शैली ध्रुव,द्वितीय प्राची यादव,तृतीय पायल बर्मन, 11वीं कला में प्रथम चार्ली ठाकुर, द्वितीय उर्वशी पांडे तृतीय दामिनी पटेल, 11वीं विज्ञान में प्रथम गुंजन साहू, द्वितीय मधु कश्यप,तृतीय मुस्कान बघेल, 11वीं कॉमर्स में प्रथम श्रुति यादव,द्वितीय सिद्धि कश्यप एवं तृतीय प्रीति यादव रही।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम मो. रहमतुल्लाह पिता मोहम्मद हबीब अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम मोहम्मद रहमतुल्लाह पिता मोहम्मद हबीब निवासी 10/298 वार्ड नं.23 समीउल्लाह शाबा मंजिल सनराईस टावर के सामने कुम्हारपारा बिलासपुर छ.ग. 495001 रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मोहम्मद रहमतुल्लाह पिता मोहम्मद हबीब से जाना एवं पहचाना जाये।

**मोहम्मद रहमतुल्लाह**
10/298 वार्ड नं.23
समीउल्लाह शाबा मंजिल
सनराईस टावर के सामने
कुम्हारपारा बिलासपुर छ.ग.
495001



**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

**Advt. No.: R/03/2025 dated April 16, 2025**

The Institute invites **Online Applications** from Indian Nationals for **various Non-Teaching positions (Medical cadre)**.

For details regarding educational qualification, experience and updates visit:

http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions

cbc21255/12/0001/2526
कुलसचिव/ Registrar



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना** प्रारुप 10-01

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी सिन्गल फेज शिरोपरी कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद मे उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जायेगा।

| कार्य की विवरण खण्ड/ स्टेशन | मंडल | तारीख |
|---|---|---|
| 1. खोंगसरा स्टेशन के मशीन स्टेबलिंग लाइन Loc: KGS/1002A (CH:783.082) से Loc: KGS/1002 (CH:783.231) तक | द.पू.म.रेलवे बिलासपुर | 10/05/2025 |
| 2. ओवररन लाइन और हॉट एक्सल सह बैंकिंग स्टेबलिंग साइडिंग) Loc: 783/16 (CH :783.468) से Loc: KGS/HAS-6(CH: 783.936) | | |
| 3. डाउन लूप कम आर एंड डी लाइन और ओवररन लाइन (L-5) Loc: KGS/1048N (CH: 784.227) से Loc:KGS/1066 (CH:784.623) तथा क्रॉस ओवर L-5 से DN मेन Loc:KGS/1062 (CH: 784.463) से Loc:784/22N (CH: 784.548) | | |

उप मुख्य वि. अभियंता (गशाई)
सीपीआर/10/30 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

# देश

**उवाच**

“सरकार को आतंकवाद से अत्यंत गंभीरता से निपटना चाहिए, वैश्विक राय को जुटाकर और पूरे देश को विश्वास में लेकर इसके प्रायोजकों को कूटनीतिक और वित्तीय रूप से अलग-थलग करने के लिए निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद हिंदू-मुस्लिम मुद्दा नहीं है।

**-पी.संतोष कुमार, सीपीआई नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4° | 25° |
| मुंबई | 33° | 28° |
| कोलकाता | 32° | 29° |
| चेन्नई | 33° | 29° |

# पहलगाम आतंकी हमला केंद्र सरकार की विफलता का जीता-जागता सबूत : कांग्रेस

## सरकार की सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**लखनऊ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद और निंदनीय करार देते हुए सरकार की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को पूरी तरह विफल बताया। अजय राय ने कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह सरकार की विफलता का जीता-जागता सबूत है। न तो वहां सेना थी, न पैरामिलिट्री फोर्स और न ही खुफिया तंत्र ने कोई भूमिका निभाई। सरकार केवल बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था शून्य है। इस हमले ने सरकार की नाकामी को उजागर किया है और इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार की लापरवाही ही ऐसी घटनाओं को जन्म देती है। अगर पुलिस और सेना मुस्तैद होती, सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त होतीं, तो न कोई जाति पूछता, न धर्म। सरकार की नाकामी के कारण ही समाज में विभाजन की कोशिशें हो रही हैं। अगर सरकार मजबूती से निर्णय ले और सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे, तो ऐसी घटनाएं रुक सकती हैं। यह हिंदुस्तान की बात है, न कि किसी धर्म या समुदाय की।



**हमले ने सरकार की नाकामी को उजागर किया है और इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए : अजय राय**

### केंद्र सरकार के राफेल सौदे पर किया कटाक्ष

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के राफेल सौदे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल विमानों को मिर्च और नींबू बांधकर लाया था। क्या राफेल केवल शोभा के लिए है। सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर देश के साथ मजबूती से खड़ी है। पाकिस्तान से आ रहे बयानों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है। सरकार को आगे बढ़कर निर्णय लेना होगा। कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के खिलाफ हर कदम पर केंद्र सरकार का समर्थन करेगी, बशर्ते वह ठोस और प्रभावी कदम उठाए। वहीं कांग्रेस के नेता कुंवर दानिश अली ने पहलगाम हमले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर ठीकरा नहीं फोड़ना चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि जो जिम्मेदारी उनकी थी उसे वह निभा नहीं पाए। पूर्व सांसद दानिश अली ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मीडिया को दिए एक बयान का वीडियो साझा करते हुए शनिवार को कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अपनी नाकामी को स्वीकार किया है।

## पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी होनी चाहिए तय : सुजॉय हाजरा



**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर तृणमूल कांग्रेस विधायक सुजॉय हाजरा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। हाजरा ने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा चूक पर सवाल उठाते हुए इसकी गहन जांच की मांग की और कहा कि केंद्र सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। साथ ही, उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया। पुलवामा हमले के बाद भी जांच में कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। इस बार भी केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि इतने संवेदनशील इलाके में सुरक्षा में चूक कैसे हुई। पर्यटन सीजन में जब इतने सारे लोग कश्मीर जाते हैं, तो वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बंगाल में भाजपा नेताओं को भारी सुरक्षा दी जाती है, तो कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ऐसा क्यों नहीं किया गया।

## झारखंड के मुख्य सचिव व उपायुक्त को नोटिस

**रांची,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची स्थित सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप निर्माण का विरोध थम नहीं रहा है। सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण से संबंधित मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और उपायुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने नगर विकास विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के प्रशासक को भी नोटिस जारी किया है। दूसरी ओर रैंप निर्माण के विरोध मामले में सत्ता पक्ष ने एक बार फिर भाजपा को घेरने की कोशिश की है।

झामुमो ने कहा कि बीजेपी को आदिवासियों ने नकार दिया है इसलिए छोटी-छोटी चीजों को लेकर सामने आती रहती है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने आज कहा कि राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा है। भाजपा खुलकर सामने नहीं आती है वह किसी संगठन या किसी की आड़ में आकर काम करती है। भाजपा के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि लगभग 3 महीने से सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का विवाद चल रहा है।सरना स्थल का लगभग 10 फीट से ज्यादा जमीन चला गया है इसलिए आदिवासी संगठन आंदोलन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरना स्थल को पुलिस छावनी में तब्दील कर रखा है। राज्य सरकार कभी नहीं चाहता है कि सरना स्थल का विवाद खत्म हो। राज्य सरकार चाहती तो इसका कोई दूसरा रास्ता निकाला जा सकता था लेकिन सरकार अपनी जिद्द पर पड़ी हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन और आदिवासी समाज के लोग एक बार फिर सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप निर्माण के मामले को लेकर शुक्रवार को आमने-सामने आ गए थे।

## अनंतनाग में पहलगाम हमले के बाद 175 लोग हिरासत में

### कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान जारी



**श्रीनगर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने अनंतनाग जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पिछले चार दिनों में अनंतनाग पुलिस, सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीमें संदिग्ध ठिकानों और सहायता नेटवर्क को निशाना बनाते हुए पूरे जिले में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही हैं।

पुलिस के एक बयान में कहा गया है, इन अभियानों के तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर छापे मारे गए। कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान चल रहा है। अब तक आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने वाले सहायता नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध रिसॉर्ट पहलगाम के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कई जिलों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और पूछताछ के लिए संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में अतिरिक्त मोबाइल वाहन चेक प्वाइंट (एमवीसीपी) स्थापित किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि इसके अलावा किसी भी संभावित आतंकवादी उपस्थिति को खत्म करने और जिले को सुरक्षित करने के लिए विशेष रूप से उच्च घनत्व वाले वन क्षेत्रों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कॉसो), घात लगाकर हमला और गहन गश्त शुरू की गई है। सुरक्षा बलों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी है क्योंकि जिले की पर्वत श्रृंखलाएं अनंतनाग से जुड़ी हुई हैं।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और हथियारों तथा गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में अनंतनाग के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी अभियान में तेजी लाने के बीच ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।

### शिवपुरी मामले में वायु सेना ने जताया खेद

**भोपाल/शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक मकान पर एक विमान से भारी गोले जैसी वस्तु गिरने से उस मकान के ध्वस्त होने के मामले में वायु सेना ने खेद जताया है। भारतीय वायु सेना ने कहा कि शिवपुरी के पास एक वायु सेना के एक विमान से गैर विस्फोटक वस्तु गिरने से मकान को हुए नुकसान को लेकर वायु सेना खेद व्यक्त करती है। इस मामले में वायु सेना की ओर से जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

### केरल के प्रख्यात इतिहासकार एमजीएस नारायणन का निधन

**कोझिकोड।** प्रख्यात इतिहासकार, लेखक एवं राजनीतिक टिप्पणीकार मुत्तयिल गोविंदा मेनन शंकर नारायणन का शनिवार को यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रेमलता और दो पुत्र एन विजय कुमार और एन विनय हैं। नारायणन उम्र जनित बीमारी से पीड़ित थे और शनिवार को कोझिकोड के मालापरम्बा स्थित अपने आवास ‘मैत्री’ में अंतिम सांस ली। बीस अगस्त 1932 को मलप्पुरम जिले के पोन्नानी में जन्मे नारायणन भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के सदस्य सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष रहे।

### पीआरएसआई ने मनाया राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में पीआरएसआई और एएमए ने एआई के जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग और पीआर की भूमिका पर एक सत्र के साथ राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया। एएमए के मुकुंदभाई पटेल ने शनिवार को बताया कि पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के अहमदाबाद चैप्टर और अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (एएमए) ने ‘एआई का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग जनसंपर्क की भूमिका’ विषय पर हाल ही में एक सत्र आयोजित करके राष्ट्रीय जनसंपर्क (पीआर) दिवस 225 मनाया। यह सत्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में जनसंपर्क के उभरते परिदृश्य पर केंद्रित था। इसमें उद्योगों में एआई को जिम्मेदारीपूर्वक अपनाने में पीआर पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

## जनता के अधिकारों पर हमला कर रही भाजपा : उमंग सिंघार



**इंदौर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ अभियान के संबंध में कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भारतीय जनता पार्टी सरकार हर दिन हमला कर रही है और जनता को इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान शुरू करने जा रही है। सिंघार ने यहां संवाददाताओं को इस अभियान के संबंध में जानकारी दी। इसका उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार प्रहार कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा केवल कांग्रेस का आंदोलन नहीं है। यह देश के हर उस नागरिक का आंदोलन है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करता है। आंदोलन मात्र वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज़ है। कांग्रेस द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख बिंदु-सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय-केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक जरूरतें हैं। यह अभियान 25 अप्रैल से 30 मई तक चार चरणों में संचालित होगा। 25 से 30 अप्रैल तक सभी राज्यों में जिला स्तर पर और पांच से 10 मई तक सभी जिलों में ब्लॉक स्तर पर जनसभाएं होंगी। इसके बाद विधानसभाओं में आम जनता के साथ संवाद और सभाएं एवं घर-घर जाकर प्रचार और संविधान बचाओ का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

### गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

# सूरत-अहमदाबाद में हजारों बांग्लादेशी किए गिरफ्तार

**अहमदाबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।

गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने अवैध अप्रवासियों को चेतावनी दी कि वे अपनी इच्छा से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उन्हें पकड़ लिया जाएगा और निर्वासित कर दिया जाएगा। उन्होंने अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। गृह मंत्री ने कहा कि हम उन फर्जी दस्तावेजों की भी जांच करेंगे जिनका इस्तेमाल उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों और गुजरात तक पहुंचने के लिए किया और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को गुजरात भर में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात छोड़ने का स्पष्ट आदेश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल को इस बात का सबूत दिया जाएगा कि बंदियों ने राज्य में कैसे फर्जी दस्तावेज बनवाए।



- **अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की दी गई चेतावनी**

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

बता दें कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानियों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। इसी नीति के आधार पर पाकिस्तान के लोगों को देश छोड़ने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान के लोगों की पहचान कर उन्हें देश से निकालने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए।

### दो बांग्लादेशी निकले अलकायदा के स्लीपर सेल

सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं। हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी। इनके निर्वासन की सभी प्रक्रियाएं यथाशीघ्र पूरी करने के लिए व्यवस्था की गई है।

# बिहार में चुनाव टिकट खरीदने का आरोप लगाकर घिरे प्रशांत किशोर



**मंत्री अशोक चौधरी करेंगे मानहानि का मुकदमा**

**पटना,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। राजनीतिक दल जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इन दिनों ‘जन सुराज उद्घोष यात्रा’ के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बारे में दिए गए बयान पर वह घिरते नजर आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जदयू नेता अशोक चौधरी ने शनिवार को कहा कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उसके लिए उनके खिलाफ मानहानि का केस करेंगे और लड़ेंगे। हम दलित परिवार से आते हैं, हम तलवार लेकर तो लड़ नहीं सकते। हमारे पास जो भी सामान्य नागरिकों के संसाधन हैं, हम उन्हीं का प्रयोग करेंगे और हमें लगता है कि हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा था, मैं न तो विधायक हूं, न सांसद, न ही बालू माफिया या शराब माफिया के लिए काम करता हूं। मैंने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है। मैं जो भी संसाधन खर्च कर रहा हूं, वह बिहार के गरीब लोगों के लिए खर्च कर रहा हूं, ताकि पैसे के अभाव में उन्हें राजनीति से दूर न रहना पड़े।

### प्रशांत किशोर ने जमुई में मंत्री पर साधा था निशाना

दरअसल, प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जमुई में मंत्री अशोक चौधरी पर जमकर निशाना साधा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा था कि उनका (अशोक चौधरी का) राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को ‘टिकट खरीदकर’ सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके।

## ओडिशा में हत्या के मामले में पांच को उम्रकैद

**भुवनेश्वर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। झारसुगुड़ा अदालत के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुभाष चंद्र ढाल ने काले जादू के शक में महिला की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। ढाल ने संतोषिनी, सौदामिनी, सहदेव, नवीन भोई और अक्षय जयपुरिया को उम्रकैद की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार, दो मार्च 2017 को झारसुगुड़ा जिले के बिजापाली गांव में काले जादू के शक में युत्सा जयपुरिया की हत्या कर दी गई। उसी दिन डोलामणि जयपुरिया के घर शिव गुरु पूजा आयोजित की गई थी। पीड़िता की बहन ममता जयपुरिया ने रेंगाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। डोलामणि की बेटियों संतोषिनी और सौदामिनी जयपुरिया ने घर में पूजा रखी थी। युत्सा अपने माता-पिता और बहन ममता के साथ वहां गई थी। पूजा के दौरान संतोषिनी और सौदामिनी पर शिव गुरु की आत्मा आने का दावा किया गया और उन्होंने युत्सा पर काले जादू का आरोप लगाया।

# तमिलनाडु में पूर्व विधायकों व विधान परिषद सदस्यों की पेंशन में बढ़ोतरी

**चेन्नई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की मासिक पेंशन तीस हजार रुपए से बढ़ाकर 35000 रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने शनिवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की मासिक पेंशन इस साल एक अप्रैल से 30,000 रुपए से बढ़ाकर 35,000 रुपए कर दी गई है। स्टालिन ने उपसभापति के पिचंडी और सदन में अन्य सदस्यों द्वारा किए गए अनुरोधों का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई इच्छाओं के सम्मान में पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों (उच्च सदन अब समाप्त हो चुका है) की मासिक पेंशन मौजूदा तीस हजार से बढ़ाकर 35,000 रुपए की जाएगी, इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाई। उन्होंने विधायकों के लिए पारिवारिक पेंशन 15,000 रुपए से बढ़ाकर 17,500 रुपए करने की घोषणा की। इसके अलावा पूर्व विधायकों और एमएलसी के लिए वार्षिक चिकित्सा भत्ता 75,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की भी घोषणा की। इस वर्ष का चिकित्सा भत्ता उन्हें पहले ही दिया जा चुका है इसलिए नियमों में आवश्यक संशोधन करने के बाद शेष 25,000 उन्हें दिए जाएंगे। उन्होंने विधायक निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि में वृद्धि के बारे में एक अन्य सदस्य के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र (राज्य में कुल 234 निर्वाचन क्षेत्र) के लिए हर साल तीन करोड़ रुपये आबंटित किए जाते हैं जिसका उपयोग विभिन्न कल्याणकारी उपायों को लागू किया जाता है।



- **मासिक पेंशन बढ़कर हुई पैंतीस हजार रुपए**
- **मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधानसभा में की इसकी घोषणा**

**कार्रवाई** *पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की बड़ी धड़कनें*

# जम्मू में शादी कर आई 34 पाक महिलाएं दीर्घकालिक वीजा पर

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर ही नहीं बल्कि जम्मू संभाग में भी पाकिस्तानी महिलाओं की शादी जम्मू के व्यक्तियों से हुई है। इनकी कुल संख्या 34 है। एक रोचक तथ्य इन शादियों का यह भी है कि इनमें से चार महिलाओं ने जिन बच्चों को जन्म दिया उन्हें पाकिस्तानी नागरिकता मिली है।**

जबकि कुछ सप्ताह पूर्व भारतीय केरिपुब जवान से शादी करने वाली पाकिस्तानी महिला मीनल का वीजा पिछले महीने की 14 तारीख को समाप्त हो चुका है। याद रहे केंद्र सरकार ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए व्यापार, सम्मेलन, पर्यटन और तीर्थयात्री सहित 14 श्रेणियों के वीजा रद्द कर दिए हैं। जम्मू में अधिकारियों ने बताया है कि चार बच्चों के साथ 34 पाकिस्तानी महिलाएं और केरिपुब कांस्टेबल से विवाहित एक अन्य महिला फिलहाल जम्मू क्षेत्र में रह रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, विवाहित 34 पाकिस्तानी महिलाएं यहां बस गई हैं और वे दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) की श्रेणी में आती हैं, जिसे रद्द नहीं किया गया है।

रोचक तथ्य यह है कि कुछ महिलाओं ने चार बच्चों को जन्म दिया है और उन्होंने भी पाकिस्तानी नागरिकता का विकल्प चुना है। एक अन्य पाकिस्तानी महिला मीनल खान ने यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान से शादी की है, जिसका वीजा इस साल 14 मार्च को समाप्त हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि महिला ने वीजा में विस्तार के लिए आवेदन किया है और उसका आवेदन केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष लंबित है। दरअसल शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंस की थी और उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जिन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए गए हैं, वे तय समय सीमा तक भारत छोड़ दें। सभी राज्य सरकारों को भेजे गए संदेश में गृह मंत्रालय ने कहा कि यह आदेश पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक और आधिकारिक वीजा पर लागू नहीं होगा।



- **केंद्र सरकार ने 14 श्रेणियों के वीजा किए हैं रद्द**

गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, सार्क वीजा रखने वालों को 26 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए और जिनके पास आगमन पर वीजा, व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक और तीर्थयात्री वीजा हैं, उन्हें 27 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को दिए जाने वाले समूह तीर्थयात्री वीजा वाले लोगों को भी 27 अप्रैल तक देश छोड़ देना चाहिए। फिलहाल जिले में 34 पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि सरकार के ताजा फैसले से इनका सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने सत्यापन की प्रक्रिया तेज कर दी है।

## हाना

चार बेटा राम के कौड़ी के न काम के।
जेकर चार झन बेटा हावय अउ चारोंझन कोनो काम नइ करय त ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# कंपोस्ट पिट बनगे घुरुआ

आज सोचे के विषय आये के घुरुआ काये? हर गांव म घुरुआ रहिस हे आज भी कोनों–कोनों गांव म दिखथे। ये घुरुआ म गोबर कचरा डाले जाये। साग–भाजी के कचरा मुर्गा मटन अंडा के कचरा, लइकामन के गंदगी। बछर भर सकलावय अउ सुखा जाये। बरसात म पानी पाके बने सड़ जाये। बरसात जब खतम होवय याने देवारी के बाद म येला निकाले जाये। बेच देंवयं या किसान ल अपन खेत म डारना राहय त गर्मी म डारंय।

केमिकल खातू डालत रहिन हे, लम्बा समय के बाद देखे गीस के ये ह धरती ल बंजर करत हे। ओला देखे के बाद फेर घुरुआ सुरता आये ले लगगे। गमला मन बर या फेर अपन बगीचा बर आज घर–घर म खातू बनत हावय। चायपत्ती, साग–भाजी के छिलका ल सकेल के एक तीर रखत जाथें। ये ह तीन–चार महिना म सड़ के खातू बन जथे। येखर उपयोग घर के बगीचा म करथें। गमला के पौधा बर भी आजकल कालोनी म इही तरह से खातू बनावत हावंय।

नगर निगम ह गीला कचरा अउ सूखा कचरा अलग–अलग इही कारण ले लेगत रहिस हे, के गीला कचरा के खातू बना के बेचे जाये। नगर निगम ल कुछ आमदनी हो जही। फेर ये सब कचरा होगे। गीला सूखा ल संघार दिन। गार्डन बर खातू कहां ले आवय? येखर बर रद्दा निकालिन के एक कंपोस्ट पिट बनाये जाये ओमा बगीचा के सब फूल–पान मन ल सकेल के डारे जाये। खातू जल्दी बनय येखर बर ओमा कुछ केमिकल घलो डारत रहिन हें। येखर उपयोग बगीचा म करे जाये या फिर बेचे जाये।

सात बछर होगे, न तो खातू बनत हे न तो केमिकल डारत हावंय। ये पत्ती के खातू म सबो तरह के तत्व होथे। कचरा ल आखिर फेके जाथे। नगर निगम के गाड़ी ओला कहां लेग के डारथे ओखरों पता नइये। आज विकसित समाज येखर बर सोचत नइये जबकि पॉश कालोनी म बहुत झन मन ये खातू ल घर म बना के अपन गमला म डारथें। रायपुर जइसे शहर म उच्च पद ले सेवानिवृत्त विजय मिश्राजी अपन बंगला म ये खातू बनाथे। सब ले बड़े बात ओखर घर तीर म गाय गरुआ आवत रहिथे त ओखर गोबर ल ओ स्वयं उठा के पत्ता मन ऊपर डारथे। ऊंखर घर म घर के बने खातू ले साग–भाजी पैदा होवत हावय। हमन ल भी अइसने बेकार जिनिस से अपन घर म खातू बनाना चाही। सुरता करव सब जब गांव म हर परिवार के अलग–अलग घुरुआ राहय अउ अपन घुरुआ के खातू ल अपन खुद के खेत म डारंय। ओ बेरा म केमिकल के जनम नइ होय रहिस हे। खातू तो बना के दूसर ल बांट देवयं।

–सुधा वर्मा

# अक्षय फल के दाता अक्षय तृतीया परब

अक्षय तृतीयाञ्ज नाम से ही स्पस्ट हे। जेकर कोनो काल युग में कभी क्षय नई होय। अक्षय तृतीया के अपन एक अलगेच महत्व हे। जे तिथि म हमर हिंदु मन के पूरा धार्मिक, सामाजिक, पौराणिक, पारम्परिक कारज हर बिना कोनो बिघ्न–बाधा के सम्पन्न हो जाथे।

अक्षय तृतीया अपन आप म अद्वितीय अउ स्वयंसिद्ध हे। ए तिथि म कोनो भी कारज करे म दिन, तिथि, लगन, घड़ी, मुहुर्त, पत्रा–पंचांग देखे के आवश्यकता नई पड़य। ए हर अपन आप म सिद्ध ही हावय।

अक्षय तृतीया के ए पावन दिवस हर बैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि म मनाय जाथे। धर्मग्रन्थ पुराण के अनुसार ए दिन जो भी शुभ कारज करे जाथे ओकर अक्षय फल मिलथे अउ ए कारण से एला 'अक्षय तृतीया' के नाम से जाने जाथे। अइसे माने जाथे कि ए पर्व हर शुक्ल पक्ष के तृतीया म होथे त एला अत्यंत शुभ माने जाथे।

अक्षय तृतीया चूंकि अपन आप म स्वयं सिद्ध होथे, इही कारण ए दिन ल च्सर्व सिद्ध मुहूर्तञ्ज के रूप म भी मनाय जाथे। ए कारण से ए तिथि के हमर हिंदु मन ल विशेष प्रतीक्षा रहिथे। अउ बिना कोनो पत्रा–पंचांग देखे शुभ कारज ल सम्पन्न करे जाथे।जेमा मांगलिक कारज विवाह सहित गृह–प्रवेश नवा–नवा वस्त्र–आभूषण के खूब खरीददारी आदि होथे।

हमर धर्म ग्रन्थ म अइसे उल्लेख हावय कि इही दिन पितर मन ल तर्पण, पिंडदान या फिर कोनो प्रकार के करे गे दान आदि के अक्षय फल के प्राप्ति होथे। तभे तो उल्लेख भी हावय–



**अक्षय तृतीया के ए पावन दिवस हर बैसाख मास के शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि म मनाय जाथे। धर्मग्रन्थ पुराण के अनुसार ए दिन जो भी शुभ कारज करे जाथे ओकर अक्षय फल मिलथे अउ ए कारण से एला 'अक्षय तृतीया' के नाम से जाने जाथे। अइसे माने जाथे कि ए पर्व हर शुक्ल पक्ष के तृतीया म होथे त एला अत्यंत शुभ माने जाथे।**

अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं।
तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया॥
उद्दिष्य दैवतपितृन्क्रियते मनुष्यैः।
तत् च अक्षयं भवति भारत सर्वमेव॥

ए दिन गंगा में स्नान–ध्यान,भगवत भजन करे से जन्म–जन्मांतर के जम्मो पाप हर धुल जाथे। अउ सच्चा मन से यदि भगवान से प्रार्थना करे जाए त ओ जम्मो अपराध ल क्षमा कर देथे।एकरे कारण ए परम्परा हे कि जनमानस अपन लिए मंगलकामना के प्रार्थना करथे।

अक्षय तृतीया ल वसन्त ऋतु के समापन अउ ग्रीष्म ऋतु के आरम्भ काल भी माने जाथे।ए करण जल से भरे घड़ा, पंखा, छाता, शक्कर, इमली, सत्तू आदि जेकर से गर्मी से राहत मिलथे ओ सब के दान करे जाथे अउ माने जाथे कि जो वस्तु दान म दिए जाथे ओ सब हर अगला जन्म म प्राप्त होथे।

अक्षय तृतीया के धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्व हावय। ए तिथि ल सतयुग अउ त्रेतायुग के आरम्भ काल,भगवान विष्णु के नर अवतार अउ हयग्रीव,परशुराम,ब्रम्हापुत्र अक्षय कुमार,गङ्गा मईया,अन्नपूर्णा मईया का अवतरण दिवस भी माने जाथे। इही दिन द्रौपदी चीरहरण, कृष्ण–सुदामा के मिलन अउ कुबेर के खजाना भी मिले रिहिस अउ इही दिन प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनारायण के कपाट भी खुलथे। इही दिन वृंदावन म श्रीबांके–बिहारी के श्री विग्रह के दर्शन भी हो पाथे। इही दिन महाभारत के युद्ध भी समाप्त होय रिहिस।

अक्षय तृतीया के सामाजिक अउ सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष महत्व हावय। ए दिन शादी–व्याह लगन के मांगलिक कारज भी सम्पन्न करे जाथे। पुतरी–पुतरा के विवाह पूरा रीति–रिवाज के साथ सम्पन्न करे जाथे, ताकि आने वाला नवा पीढ़ी हर सामाजिक परम्परा, रस्मो–रिवाज के व्यवहारिकता ल सीख सकें। जान सके। इही अक्षय तृतीया के दिन किसान भाई मन एकत्रित होके अपन–अपन ग्राम के देवी–देवता, कुल देवता से मंगल प्रार्थना अउ अच्छा फसल उपज के कामना करथें। बीज के मंत्रोंपचार करके खेत म बीजारोपण के शुरुवात करथें। जेला छत्तीसगढ़ में बीजारोपण या 'मूंठ लेना' कहे जाथे। ए प्रकार से यह कहे जा सकत हे कि अक्षय तृतीया के अपन सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक अउ पौराणिक महत्व तो हे। एकर अलावा हमर सांस्कृतिक विरासत ल सहेज के भी रखे हावय अउ हमर शुभ कारज ल करे के सुग्हर मुहूर्त भी प्रदान करथे।

**अशोक पटेल 'आशु', तुस्मा, शिवरीनारायण**

# अक्ति पानी अउ अन्न दान

हमर छत्तीसगढ़ मा तिहार मनाय के घातेच ओखी हवय। कभू प्रकृति पूजा ता कभू देव धामी पूजा त कभू मनौती पूरा होय पाछू धन्यवाद देहे बर तिहार मनाय जाथे। अइसने बैसाख महीना के तीज जौन ला अक्ति तिहार कहे जाथे एला किसान मन जादा जोर शोर ले मनाथे। अक्ति तिहार मा ठाकुरदेव सांहड़ा देव शीतला माता मौलीमाता डिउहारिन अउ खेत खार मा बसे देवी देवता ला अवइया चौमासा मा अपन खेती किसानी बर मनौती मांगथे। एखर खातिर किसान दोना मा धान भरके देवी देवता मन ला चढ़ाथे। गांव के देवी देवता मन ले अरजी बिनती करथे कि–हे गांव के रखवार सुख शांति अउ समृद्धि देवइया देवी–देवता तुंहर अशीष पा के हमर परिवार के पालन पोषण बर खेती किसानी करथन ता एसो घलाव अइसने किरपा करव। एक दोना अन्न तुंहर अशीष पाय बर चढ़ावत हवन। दान करत हवन। जइसे भुइंया हा एक दाना के हजार दाना करथे वइसने हमर खुशी ला हजार गुना बढ़ाहू।

**कहे जाथे दान के अबड़ महत्तम होथय मानस मा लिखाय हवय कलजुग मा धरम के चार पद मा दान के महत्तम के बखान करे हवय चाहे कोनो किसम के धान होय ओहा कल्याण करथेच। जेन केन बिधि दीन्हे दान करइ कल्याण। जतका दान करे जाथे ओखर हजारों गुना भगवान हा देथे। हमर छत्तीसगढ़ मा अक्ति ले दान शुरू होथय तौन देवारी छेरछेरा तक जाथे।**

अइसने हमर छत्तीसगढ़ म दाई–ददा पुरखा परिवार जौन मन सरग सिधारे पाछू पितर बन गय रथे ओकर अशीष पाय बर उदिम करे जाथे अक्ति तिहार के पहिली एसो एक बच्छर के बीच मा सरग जाय रथे उन ला ए दिन अक्ति पानी दे के पितर संग संघेरे के बूता करे जाथे जेमा जौन घर के मुखिया के लागमानी हा सरग जाथे ओहा अपन शक्ति भर सगा–सोदर ला नेवता नेवत के बलाथे अउ सोंहारी–बरा–भजिया, तसमई अउ शक्ति भर कलेवा बनाके खवाथे पियाथे। एला हमर बबा–कका ला अक्ति मिलाथन कहिथे। यहू हा अशीष पाय के एक ठन तरीका होथय।

कहे जाथे दान के अबड़ महत्तम होथय मानस मा लिखाय हवय कलजुग मा धरम के चार पद मा दान के महत्तम के बखान करे हवय चाहे कोनो किसम के धान होय ओहा कल्याण करथेच। जेन केन बिधि दीन्हे दान करइ कल्याण। जतका दान करे जाथे ओखर हजारों गुना भगवान हा देथे।

हमर छत्तीसगढ़ मा अक्ति ले दान शुरू होथय तौन देवारी छेरछेरा तक जाथे। हमर आमदनी मा बहुतेच झन के भाग होथे। प्रकृति के सबो पदारथ मन हमर मेहनत मा संग देय रथे पवन हमला हवा देथय, सूरुज हमला अंजोर अउ उर्जा देथय, आगी हमला ताप देथय, भुइयां हमला अन्न देथय, बादर हमला पानी देथय। ए मन नइ देतीस ता हमन कइसे करतेन? तेकरे सेती कहे जाथे हमर जतका भी हमर छोटे–बड़े आमदनी के साधन हवय ओहा प्रकृति के घलाव भाग हवय।

शास्त्र पुराण मा घलाव इही सीख दे हवय कि अपन एक बच्छर के आमदनी के दसवां भागा ला दान करना चाही। धरम कारज होय कि समाज कल्याण बर होय फेर दान करना चाही कल्याण के चार मुड़का मा कलजुग मा दान के फल खच्चित मिलथे। जौन मनखे दान नइ करय अउ सिर्फ सकेले मा धियान करथे ओखर धन छिना जाथे। दान के महत्तम ला द्वापर मा द्रौपदी के प्रसंग ले समझे जा सकत हे– जब श्रीकृष्ण के माई अंगरी मा चक्र चलाय खानी नानकुन कटा गे तब द्रौपदी हा लहू ला रोके बर अपन लुगरा ला दू अंगुल चिर के हाथ मा बांधिस इही दान के बदला म द्रौपदी ल चीरहरण के बेरा म अक्षय लुगरा मिलिस। अक्ति तिहार हा हमला इही सिखाथे कि प्रकृति भगवान अउ समाज बर करे थोरिक दान हा हजारों गुना होके वापस मिलथे। एमा पुरखा मन के असीस घलाव मिंझरे रहिथे।

**हीरालाल गुरुजी 'समय', छुरा, गरियाबंद**

# हरियर सोना

लोगन पिंवरा सोना ल तो बहुते जानथें पर हरियर सोना ला कम मन जानथें। आजकल सोन के कीमत बाढ़त जावत हे, आज पिंवरा सोना(धातु) ले मनखे अनजान नइ हे। हम गोठ बात करत हन हमर देश के हरियर सोना के जेला तेंदूपत्ता के नाव ले जाने जाथे। तेंदूपान के पेड़ मध्य भारत मा बियापक रूप ले पाय जाथे। हमर भारत देश म छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, अउ राजस्थान ल परमुख उतपादक राज्य माने जाथे।



जेकर संगरहन करे बर राज्य, संभाग, जिला इस्तर मा केन्द्र बनाय जाथे। तेंदू के झाड़ जंगल मा उगथे। तेंदू पाना के लाभ लेय बर दू महीना पहिली माघ, फागुन मा ओकर पउधा ला काटे जाथे। जेकर ले नवा पउधा म कोंवर –कोंवर साफ पाना तइयार होथे। तेंदूपान के तोड़ई के बुता चइत महीना के आखरी ले जेठ महीना के दुसर हप्ता तक चलथे। जंगल गांव मा रहइया मनखे मन पाना–पतउहा, बाँस, लकड़ी, चार, तेंदू, हर्रा, बहिरा, आँवरा, जइसन जंगल ले उबजे जिनिस ले अपन जिनगी चलाथें। एमा बाँस,लकड़ी, तेंदूपाना सबले बड़का आमदानी के जरिया आय, काबर कि जतेर जादा एकट्ठा करथें ओतरे उनला फइदा होथे। आजकाल बाँस अउ लकड़ी के काम–बुता घटत जावत हे, काबर कि सरलग जंगल काँटे जावत हे।

**तेंदूपान बर जादा ले जादा गरमी होना अनुकूल वातावरण माने गेहे,ये बीच मा कोनो किसम के करा - पानी नइ आना चाहि। करा - पानी ले तेंदूपान के गुनवत्ता खराब होथे, पाना चिरहा -फटहा मतहा होय लगथे। ये हरियर सोना च्वोंदूपानञ्ज ल सकेले बर राज्य इसतर ले एक गांव इसतर तक जोरपरहा तइयारी करे जाथे।**

तेंदूपान बर जादा ले जादा गरमी होना अनुकूल वातावरण माने गेहे,ये बीच मा कोनो किसम के करा –पानी नइ आना चाहि। करा – पानी ले तेंदूपान के गुनवत्ता खराब होथे, पाना चिरहा –फटहा मतहा होय लगथे। ये हरियर सोना च्वेंदूपानञ्ज ल सकेले बर राज्य इसतर ले एक गांव इसतर तक जोरपरहा तइयारी करे जाथे। येला एक मजदूर ले लेके फड़ मुंशी, चपरासी, परबंधक, छेत्र परभारी, वन विभाग अउ सासन, परसासन के निगरानी मा एकट्ठा करे जाथे। तेंदूपाना के हर पुड़ा के हिसाब राखे जाथे।

'पान ले काय बनथे' तेंदूपान ले गरीब मनके देशी सिगरेट च्बीड़ीञ्ज बनाय जाथे। तेंदूपान गुदाम मा जाथे जिहाँ ले बीड़ी बनइया कंपनी मनहा खरीद लेथें। पान मा माखुर ल लपेट के बीड़ी बनाय जाथे। बीड़ी के सँउखिन गांव वाले मन जाइदा होथे, येहर सिगरेट ले कमती कीमत मा मिल जाथे अउ जाइदा झन ला असानी ले बाँट के पिये जा सकत हे। आन–आन कंपनी आन– आन नाव के बीड़ी बनाके बेंचथे। आजो भी गाँव देहात मा बीड़ी के माँग बनेच हे।

*संगरहन कइसे होथे ट्ठ* जंगल मा रहइया तेंदूपान के मजदूर मन मुंधरहा ले पानी –पसिया ल धरके घर ले निकल जथे, बिहनिया ले मंझनिया तक अपन सक्ति के अनुसार पान ल ओली मा टोरके अपन मोटरी(बोझा) बना लेथे तिपत भोंभरा अउ पसीना ल सहन करथें। ये दिन मा सबो काम ल जलदी –जलदी करेल परथें। आके नहाके रतिहा के बोरे बासी ल खाथें। फेर लमहरी– लमहरी पाना ल ओरियाके गड्डी बाँधथे। गड्डी मा दुनो बाखा मिलाके पचास ठन होना जरूरी हे। ऊपर मा बड़े पान के ढकना होना चाहि। गड्डी बनाए के बाद घर मा गिनती कर लेथें। तेकर पाछु फड़ मा लेके जाथें। उहाँ गिनती होथे अउ फड़ मुंशी कारड म चघाथे। सुखाए मा पांच ले छे दिन लग जाथे। बाद मा गिनती कर बोरा मा भरे जाथे फेर परिवहन होथे अउ बोरा ल गुदाम तक सरकारी माधियम ले पहुँचाए जाथे।

कतेर कीमत मिलथे– मयहर आज ले बीस बच्छर पहिली पाना टोरत रेहों ओ बेखत एक गड्डी के रेट 45 ले 50 पइसा रीहिस हे माने एक सो के 45 रुपिया। आज दिनों– दिन रेट बाढ़त जावत हे। आन – आन राज मा आन – आन रेट हे। हमर छत्तीसगढ मा 5,500 रुपिया मानक बोरा होगे हे। माने एक गड्डी के साढ़े पांच रुपिया।

अउ एक सो के 5,50 रुपिया देय जावत हे। रेट हा तो बाढ़त हे फेर बरोबर पाना नइ मिले। सरकार हर चरन पादुका उतसाह बढ़ाए बर देथे। अचानक निधन होथे ओकर बर बीमा हे। सरकार बोनस राशि के निरधारन तको करथे। पहिली तो पान टोरई मा मजदूर मनके साल भरके खरचा –पानी निकल जाय। कोनो मन तो चिनहा घलोक लेवय।

उपज काबर घटत हे? अब पहिली जइसन जंगल नइ रहि गेहे अउ जउन खार मा उपजत रिहिस हे ओमन खेत बन गेहे। ते पायके येकर उपज घटते क्रम मा हे। मजदूर मन पान टोरई ला छोरके दुसर काम – बुता मा अब जाइदा धियान देवत हे। येकर उपज बढ़ाए बर कोनो सरकारी उपाय खोजना चाहि ताकि जंगलिहा मजदूर मन ला येकर फाइदा मिल सके। हमर भारत देश मा लगभग 10 मिलियन लोगन मनले बीड़ी बनवा के बेंचे जाथे।

**— मदन मंडावी**
**ढारा, डोंगरगढ़,**

# एक सम्राट अऊ एक शहर : सम्राट जाजल्यदेव प्रथम

जांजगीर के आत्मकथा। जहां के माटी म जनम लिहिस स्वराज के सपना देखइया सम्राट जाजल्यदेव प्रथम।

जब छत्तीसगढ़ के भुइयां म राजा मन के तलवार बादर कस गरजत रहिस, तभे कलचुरी वंश के एक डार ले एक तेजहा राजकुमार जनम धरिस– जाजल्यदेव प्रथम। ओकर पिताजी पृथ्वीदेव पहिली घलो एक सुघ्घर राजा रहिस, फेर जाजल्यदेव के आंखी म सपना अऊ माथा म जीत के रेखा रहिस।

ओ बेरा म त्रिपुरी के कलचुरी वंश के असर जनात रहिस, फेर जाजल्यदेव कभू घलो दूसर के छाया म रहइया राजा नइ रहिस। ओ अपन गद्दी म बइठ के नीत अऊ निष्ठा ले राज पाठ करे लगिस, फेर जलदीच ओ समझ गइस के छत्तीसगढ़ ला गरब के भुइयां बनाय के हे त अपन राज म आने कोनो के अधीनता नइ करना हेबय। धीरे बानी ले ओ त्रिपुरी के राजघराना के अधीनता ला छोड़ के स्वाधीनता के बिगुल फूंके लगिस।

उत्तर म कीन्यकुब्ज अऊ जझौती के राजा मन संग मितानी जोड़े के बाद ओकर रुतबा अउ बढ़गे। जेकर ले अब ओ सिरिफ राजा नइ रहिस, एक ठन सम्राट बनगे जेकर नाव दूरिहा तक बगरे लगिस।

फेर ओ दिन आइस जब ओकर सेना ह मन लंजिका (बालाघाट), भाणार (भंडारा), तलहारि (मल्हार–बिलासपुर), दंडकपुर (मिदनापुर), आंध्र अऊ किमिडी (गंजाम) तक फइल गे। कतको राजा मन तो ओकर अधीनता ल स्वीकार कर लिहिन। लड़ाई म ओ शेर कस गरजय अऊ रणनीति म बाज कस चतुर रहिस।

कहे जाथे के अपन ददा के हार के बदला लेहे बर ओ बस्तर के नागवंशी राजा सोमेश्वर उपर चढ़ाई कर दिहिस, अऊ लड़ाई म जीत के ओकर राजधानी के हाल–बेहाल कर दिहिस। सोमेश्वरदेव, ओकर रानी अऊ मंत्री सब्बो मन ला बंदी बना लिहिस फेर सोमेश्वरदेव के महतारी के बिनती म सब ला छोड़ दिहिस। ए ओकर ताकत के कहिनी रहिस,अउ ओकर मया, दया अऊ दूरदर्शिता के घलो गवाही रहिस।

जाजल्यदेव सिरिफ लड़इया राजा नइ रहिस, ओ एक संवेदनशील अऊ संस्कारधारी राजा रहिस। ओ जाजल्यधानी नांव के नगर बसाइस –जेन आज के जांजगीर आय। आजो घलो ओकर सुरता म जाजल्य महोत्सव के आयोजन होथे। ओ जानत रहिस के तलवार ले सिरिफ राज कर सकथन, फेर संस्कृति म सब्बोझन ल घोर लेबो त आत्मा जीत सकत हन।

पाली (कोरबा) के जुन्ना शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कराइस अऊ जांजगीर म भीमा तालाब के पार म एक बनेच सुग्घर विष्णु मंदिर बनवाय ल सुरू कराइस। जेहर मंदिर सप्त शैली के गजब नमूना आय, जेमा वैष्णव अऊ शैव दुनो परंपरा के सुंदर संगम देखे ल मिलथे। एकर सुग्घर मूर्तिकला अऊ सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर जइसे ऊंच जगती, मंदिर के भव्यता ला अउ घलो निखारथे। जेला आज नकटा मंदिर के नाव ले घलो जाने जाथे। ए मंदिर आजो ले अपन आधा रूप म हेबय। कहे जाथे के दुनिया के एकेठन मन्दिर आय जेमा मुकुट कलश नइ ह।

जाजल्यदेव अपन नांव के सोन अऊ तांबा के मुद्रा जारी करिस – जेमा लिखाय रहिस श्रीमत् जाजल्यदेव। ए नांव नहिं, एक चिन्ह रहिस,ओकर स्वतंत्र आत्मा के, ओकर सपना के।

कहे जाथे, अपन जिनगी के आखिरी बेरा म ओ मकरध्वज नाव के जोगी संग तीर्थ यात्रा म निकलिस फेर लहुट के वापिस नइ आइस। कोनो कहिथे ओ गया गइस अउ फेर नइ लहुटिस। कोनो कहिथे समाधि म लीन होगिस, कोनो मानथे ओ देव होगे।

फेर एक गोठ पक्का रहिस के वोहर वापिस लहुट के नइ आइस। जाजल्यदेव छत्तीसगढ़ के इतिहास म एक सोनहा पाना जोड़ के चल दिस, जऊन ल कोनो नइ भुला सकय।

**त्रिभुवन लाल साहू, बोड़सरा, जांजगीर,**

## नंदावत हावे खपरा छानी

नंदावत हावे खपरा छानी
अइसन पबरित ठांव जी।
घर के दुवारी ला गोबर ले लीपे
ओ कहां गवांगे मोर गांव जी।।

नान्हे नान्हे लइका मन खेले
गिल्ली बांटी संग भांवरा जी।
डूबके रहे तरिया मा मंझनिया
नई राहे ओला कोनो आभा जी ।।

होवत बिहनिया अंगाकर रोटी
पताल चटनी संग खांव जी ।
घर के दुवारी ला गोबर ले लीपे
ओ कहां गवांगे मोर गांव जी ।।

खेत मा बीरा ला बंधावत देख
तीज तिहार ह पल–पलाय जी।
जेठवनी ला माने सुघ्घर ताह्न
गड़वा बाजा के आरो आय जी ।।

लगिन धरय, मड़वा सजाय
समधिन भारी इतिराय जी।
डफरा गुदुम के साज साजे
मोटियारी हर झूमर जाय जी ।।

घर के दुवारी ला गोबर ले लीपे
ओ कहां गवांगे मोर गांव जी ।

नंदावत हावे खपरा छानी
अइसन पबरीत ठाव जी।
घर के दुवारी ला गोबर ले लीपे
ओ कहां गवांगे मोर गांव जी।।

**जयंत सिन्हा.अर्जुनी धमतरी**

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

रविवार,27 अप्रैल 2025

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- बताओ, टाइगर बिस्किट पर जो ग्रीन डॉट होता है, उसका क्या मतलब होता है?

स्टूडेंट- सर, इसका मतलब है कि टाइगर ऑनलाइन है.

## प्रधानमंत्री आवास सर्वे में बिलासपुर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल

### 30 अप्रैल तक जारी रहेगा सर्वे अभियान

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मोर द्वार साय सरकार अभियान चलाकर किए जा रहे आवास सर्वे कार्य में बिलासपुर जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। अब तक 1,52,624 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है, जो कि सभी 33 जिलों में टॉप पर है। सर्वे अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा।

गौरतलब है कि विशेष सर्वेक्षण पखवाडा अंतर्गत राज्य भर में मोर दुवार, साय सरकार महाभियान के तहत घर-घर जाकर आवास के लिए छुटे हुए पात्र परिवारो का सर्वे कार्य जारी है। सर्वेक्षको द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिला बिलासपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतो में 30 अप्रैल 2025 तक सर्वे का कार्य किया जाएगा। जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सर्वेक्षण का कार्य जनपद पंचायतो की निगरानी में ग्राम पंचायतों मे किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर जिला प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तगर्त सर्वे में राज्यभर में प्रथम स्थान पर आया है। कोई भी जरूरतमंद पात्र व्यक्ति आवास के लाभ से वंचित न हो, इसलिए जिले मे प्रचार



प्रसार के माध्यम से सर्वे में अपना नाम जुडवाने के लिए आमजन को अवगत कराया जा रहा है।

जिले में आज दिनांक तक 152624 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है। जिसमे स्वयं सर्वे के माध्यम से 15875 एवं सर्वेक्षकों के माध्यम से 136749 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है। सर्वे के अंतिम चार दिनो में सभी छुटे हुए पात्र परिवार को शामिल करने के लिए ग्राम-ग्राम सर्वे जारी है।

## स्वीमिंग पुल में तैरते हुए मार्केटिंग हेड की हृदयाघात से हुई मौत

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। देवरीखुर्द स्थित रेड डायमण्ड हाटल के स्वीमिंग पुल में तैरते के दौरान हैदराबाद बेस मल्टिनेशनल कम्पनी के मार्केटिंग हेड की मौत हो गयी।मार्केटिंग हेड का नाम मोहम्मद हुसैन बताया जा रहा है। मोहम्मद हुसैन हमेशा की तरह कम्पनी काम से गुरूवार को शाम आठ बजे रेड डायमण्ड हाटल पहुंचा। इसके बाद फ्रेस होने स्वीमिंग पुल गया। इसी दौरान तैरते हुए उनकी मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही हॉटल प्रबंधन ने व्यक्ति को सिम्स में भर्ती कराया। ईलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। सिम्स के डाक्टरों ने बताया कि प्रारम्भिक जांच पड़ताल से इंकार नहीं किया जा सकता कि मोहम्मद फारूक की मौत का कारण अटैक है।

गुरूवार को देर शाम देवरीखुर्द स्थित हॉटल रेड डायमण्ड में स्वीमिंग के दौरान हैदराबाद बेस मल्टिनेशन कम्पनी के मार्केटिंग हेड की स्वीमिंग के दौरान मौत हो गयी। सिम्स ने जांच पड़ताल और पोस्टमार्टम के बाद शव को आज यानी शनिवार को मृतक की पत्नी और उसके भाई के



हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मल्टिनेशनल कम्पनी कर्मचारी मोहम्मद फारूक का कम्पनी काम से हमेशा जब तब बिलासपुर आना जाना होता रहा है। हमेशा की तरह मोहम्मद फारूक गुरुवार को कम्पनी के काम से बिलासपुर पहुंचे। हैदराबाद से रवाना होने के पहले उन्होने हॉटल में आनलाइन कमरा बुक कराया था। गुरूवार को मोहम्मद फारूक देर शाम करीब आठ बजे हॉटल पहुंचे। इसके बाद तरोताजा होने के लिए स्विमिंग पूल गए। देर होने पर गार्ड ने समय का हवाला दिया। लेकिन उन्होने कहा कि थोड़ी देर तैरने के बाद कमरे में लौटेंगे। और उन्होने डिस्टर्ब करने से मना भी किया। कुछ मिनट बाद गार्ड दुबारा स्विमिंग पूल पहुंचा..स्थिति को देखते हुए तत्काल मोहम्मद फारूक को प्रबंधन को सूचना देने के बाद पानी बाहर निकाला। कम्पनी कर्मचारी को तत्काल सिम्स लाया गया। जांच पड़ताल के दौरान सिम्स के डाक्टर ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। प्राथमिक जांच के अनुसार मौत का कारण हार्ट अटैक है।

हॉटल प्रबंधन ने तत्काल आनलाइन जानकारी मृतक की पत्नी को दिया। बिलासपुर पहुंचने पर सिम्स के प्रबंधन ने बताया कि प्राथमिक जांच पड़ताल में मौत की वजह हार्ट अटैक है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान मृतक की पत्नी और भाई ने जानकारी दिया कि मोहम्मद फारूक को हार्ट की शिकायत थी। बहरहाल शोकाकुल परिजन शनिवार को शव हैदराबाद रवाना हो गया है।

## सार-संक्षेप



### रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वीन ने पुलिस मैदान में वाटर कुलर लगवाया

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस के द्वारा इस गर्मी को देखते हुए, पुलिस ग्राउंड में एक वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर का इंस्टॉलेशन करवाया गया, जिस से वहाँ खेलने वाले बच्चों को ठंडा और साफ पानी उपलब्ध होगा. इस वाटर कूलर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह, और एडिशनल एसपी ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, डीएसपी मंजूलता मैडम, जीपुलिस लाइन आरआई भूपेंद्र गुप्ता, द्वारा किया गया. इस मौके पर रोटरी क्वींस की अध्यक्षा मनीषा जायसवाल,सचिव प्रकृति वर्मा,शिल्पी चौधरी,सीमा ठाकुर,एकता वीरवानी, और रश्मि पटरिया, उपस्थित रहे ।साथ ही में रोटरी क्लब बिलासपुर के पूर्व सचिव चंचल सलूजा जी, भी उपस्थित रहे।

### चंचल ने धूप से बचने के लिए मटकी वालों को किया गार्डन छाता भेंट



**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में इन दिनों गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर जिले में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच गया है, भीषण गर्मी को देखते हुए समाज सेवी चंचल सिंह सलूजा द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। इसी तारतम्य में आज गर्मी को देखते हुए समाजसेवी रोटेरियन चंचल सलूजा ने शहर में मटका वालों को गार्डन छाता भेंट किया। रोटरी क्लब समाज में सेवा करते आ रहा है, भीषण गर्मी में के दौरान मटका वालों को कोई दिक्कत ना हो इसलिए रोटरी क्लब पूर्व सचिव चंचल सलूजा ने गार्डन छातों का वितरण किया।

### रेलवे स्टेशन शहडोल की सुरक्षा व्यवस्था और भी होगी बेहतर

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर, रायगढ एवं अम्बिकापुर स्टेशनों में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा श्वान दस्ता की तैनाती कर स्टेशन प्लेटफार्म तथा यात्री गाड़ियों की श्वानों से नियमित चेकिंग कराई जा रही है।

इसी क्रम में शहडोल रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शहडोल स्टेशन परिसर में श्वान दस्ते (डॉग स्क्वॉड) की भी तैनाती की गई है, जिसका विधिवत शुभारंभ मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

श्वान द्वारा स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी के साथ साथ आने जाने वाली महत्वपूर्ण गाडियों की चेकिंग सुनिश्चित किये जाने से आसपास के क्षेत्रों में यात्रा करने वाले यात्रियों को एक नई सुरक्षा अनुभूति होगी तथा सीआईसी रेल खंड के अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों अनुपपुर, उमरिया इत्यादि में भी आवश्यकतानुसार श्वान का उपयोग कर सुरक्षा एवं चेकिंग को प्रभावी बनाया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन पर संदिग्ध वस्तुओं की पहचान और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर और बेहतर निगरानी रखी जा सकेगी। जिससे सुरक्षा उपायों को और अधिक मजबूत मिलेगी ।

## बिना दवा और सर्जरी के असाध्य रोगों का समाधान

### आरोग्य कलश की अनोखी एमएचआरएस तकनीक

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आज की आधुनिक चिकित्सा प्रणाली जहां दवाओं और सर्जरी पर निर्भर है, वहीं आरोग्य कलश संस्था ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने का दावा किया है। संस्था के कबीर शोध संस्थान द्वारा विकसित एचएमआरएस (मध्य सिर मूल समाधान) तकनीक के माध्यम से मानसिक रोग, हृदय रोग, लकवा, गठिया, मधुमेह (शुगर), माइग्रेन, थायराइड, गर्दन व कमर दर्द जैसी असाध्य बीमारियों का उपचार बिना दवा और सर्जरी के संभव बताया जा रहा है।





बिलासपुर के प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, आरोग्य कलश के संस्थापक ज्ञानी दास मानिकपुरी एचएमआरएस प्रवर्तक जनक ने इस नई पद्धति की विस्तृत जानकारी दी। उनका कहना है कि रू।क्र तकनीक के जरिए रोगों का निदान बिना दर्द और समाधान बिना किसी साइड इफेक्ट के किया जा सकता है।

#### त्वरित जांच की विशेषता

संस्थान के अनुसार, मात्र 10 मिनट में पैर की त्वचा की जांच के माध्यम से शरीर में रक्त संचार और बीमारियों का पता लगाया जा सकता है। इस पद्धति से किए गए निष्कर्षों की पुष्टि आधुनिक तकनीकों जैसे एमआरआई, सीटी स्कैन और एक्सरे द्वारा भी की जा सकती है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और बढ़ जाती है।

#### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की तैयारी

आरोग्य कलश की इस अनोखी पद्धति का भारत सरकार में कॉपीराइट पंजीकरण एवं पेटेंट भी हो चुका है। शीघ्र ही यह तकनीक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित और विस्तारित की जाएगी। लगभग 150 देशों में इस तकनीक के प्रचार-प्रसार की प्रक्रिया जारी है। संस्था विशेष रूप से टीमवर्क को महत्व देते हुए विश्वभर में अपने सेवा केंद्र स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है।

#### नई आशा की किरण

आरोग्य कलश का मानना है कि उनकी अनूठी एमएचआरएस तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ा बदलाव लाएगी और लाखों लोग बिना दवाओं और सर्जरी के स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम होंगे। इस पहल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई आशा का संचार किया है और असाध्य रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक नई चिकित्सा उच्च गुणवत्ता युक्त हानि रहित आपातकालीन स्थितियों में भी वरदान साबित हो रही है।

### विश्वविद्यालय कैम्प में नमाज पर बवाल

## प्रोफेसरों समेत 8 पर गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज, धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय (जीजीयू) के एक एनएसएस कैंप में छात्र-छात्राओं को कथित तौर पर नमाज पढ़वाने के मामले में बड़ा मोड़ आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रोफेसरों और कैंप के टीम लीडर छात्र सहित आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई लगभग एक महीने चली जांच के बाद एसएसपी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है, जिसने परिसर में हड़कंप मचा दिया है।



डीएसपी रशमित कौर ने बताया कि 31 मार्च 2025 को यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैम्प कोटा क्षेत्र के शिवतराई लगाया गया था। 31 मार्च 2025 की सुबह 7 बजे प्रो.दिलीप झा, डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. नीरज कुमारी, डॉ. प्रशांत वैष्णव, डॉ. सुर्यभान सिंह, डॉ. बसंत कुमार तथा टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चैधरी द्वारा 159 छात्र-छात्राओं को नमाज पढ़वाया गया था। 15 अप्रैल को छात्र छात्राओं ने कोनी थाना में शिकायत की गई थी। इस मामले में एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिटी कोतवाली सीएसपी अक्षय शबद्र के नेतृत्व में जांच टीम बनाई गई। जांच में स्पष्ट हुआ है कि एनएसएस शिविर में नमाज पढ़वाकर धार्मिक भावनाओं को आहत पहुचाने वाले प्रो.दिलीप झा, डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. नीरज कुमारी, डॉ. प्रशांत वैष्णव, डॉ. सुर्यभान सिंह, डॉ. बसंत कुमार तथा टीम कोर लीडर छात्र आयुष्मान चैधरी नमाज पढ़वाया गया था। इस मामले में आठ के विरूध्द बीएनएस की धारा 196 (ख), 197 (1)(ख)(ग), 299, 302, 190 छ.ग. धर्म स्वातंत्रय अधिनियम की धारा 4 के तहत् अपराध कर पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

चूंकि एनएसएस शिविर का आयोजन थाना कोटा क्षेत्र के ग्राम शिवतराई में हुआ था, इसलिए घटना का मूलस्थल कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसी कारण विवेचना के लिए दर्ज अपराध की मूल डायरी को कोटा थाना, जिला बिलासपुर स्थानांतरित कर दिया गया है।

## दुर्ग-लालकुआँ के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-लालकुआँ-दुर्ग के मध्य 18 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है ।

गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग-लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 01, 08, 15, 22, 29, मई व 05, 12, 19, 26 जून को (09 फेरा) प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08772 लालकुआँ-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से 02, 09, 16, 23, 30 मई व 06, 13, 20, 27 जून को (09 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।



#### गाड़ियों की समय सारिणी

08771 दुर्ग-लालकुआँ साप्ताहिक समर स्पेशल दुर्ग से प्रत्येक गुरुवार को 10.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उस्लापुर आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंड्रारोड आगमन 14.55 बजे, प्रस्थान 14.57 बजे, अनूपपुर आगमन 15.40 बजे, प्रस्थान 15.45 बजे, शहडोल आगमन 16.20 बजे, प्रस्थान 16.22 बजे एवं उमरिया आगमन 17.14 बजे, प्रस्थान 17.16 बजे तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन शुक्रवार को 17.50 बजे लालकुआँ पहुंचेगी।

इसी प्रकार 08772 लालकुआँ-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन लालकुआँ से प्रत्येक शुक्रवार को 20.20 बजे रवाना होगी तथा तथा मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन उमरिया आगमन 19.46 बजे, प्रस्थान 19.48 बजे, शहडोल आगमन 21.20 बजे, प्रस्थान 21.22 बजे, अनूपपुर आगमन 22.05 बजे, प्रस्थान 22.10 बजे, पेंड्रारोड आगमन 23.00 बजे, प्रस्थान 23.02 बजे, तीसरे दिन उस्लापुर आगमन 01.15 बजे, प्रस्थान 01.25 बजे, रायपुर आगमन 03.00 बजे, प्रस्थान 03.05 बजे तथा रविवार को 04.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 03 जनरल, 15 स्लीपर, 02 एसी-3 सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

#### वाणिज्यिक ठहराव

रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा, निज़ामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी स्टेशनों पर रुकेगी।

## अयोध्या दर्शन सेवा समिति वं नगर निगम का शहर के 21 स्थानों में प्याऊ सेवा आज से

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अयोध्या दर्शन सेवा समिति एवं नगर निगम के तत्वावधान में, शहर के 21 विभिन्न स्थानों पर प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पुण्य कार्य का आयोजन संयोजक प्रवीण झा के नेतृत्व में हो रहा है। रविवार को सुबह 10.30 बजे नेहरू चौक में प्याऊ सेवा के कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल तथा महापौर श्रीमती पूजा विधानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



#### इन 21 स्थानों पर प्याऊ सेवा

हांफा चौक, नया बस स्टैंड, नेहरू चौक, मुंगेली नाका चौक, कलेक्टरेट चौक, मंगला चौक, महाराणा प्रताप चौक, प्रताप टॉकीज चौक, राजीव गांधी चौक, तारबाहर चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, सीएमडी चौक, गांधी चौक, जगमल चौक, गुरुनानक चौक, अशोक नगर चौक, राजकिशोर नगर चौक, मोपका चौक, महामाया चौक और गुरु घासी दास वि वि गेट चौक ।

### ट्रेन के सामने कूदकर अज्ञात बुजुर्ग ने आत्महत्या कर लिया

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत उसलापुर रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया है। सकरी थाना में 25 तारीख शुक्रवार रात 10 बजे के आसपास रेलवे कर्मचारियों द्वारा सकरी पुलिस को सूचना दी कि उसलापुर रेलवे स्टेशन से 700 मीटर की दूरी पर एक अज्ञात बुजुर्ग की लाश पड़ी है जिसका सर धड़ से अलग हो चुका है जिसके बाद मौके पर पहुंची सकरी पुलिस ने शव की तलाशी लेने पर जेब से एक सुसाइट नोट मिला जिसमें मृतक की पहचान आसमा सिटी फेस 2 निवासी श्यामा प्रसाद घोष पिता भवानी प्रसाद घोष उम्र 72 वर्ष के रूप में हुई।

## ईंट,सीमेंट गारों से अनीता के जीवन को मिल रही मजबूती

### पुरूषों के वर्चस्व वाले कार्य क्षेत्र में बनाई अपनी अलग पहचान

### महिलाओं के लिए मिसाल बनी अनीता गंधर्व

**बिलासपुर**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कोटा ब्लॉक के मिट्ठू नवागांव गांव में एक अलग दृश्य दिखाई पड़ता है, जहां गांव में रहने वाली अनीता गंधर्व राज मिस्त्री का काम करते हुए दिखती है। अपने काम में पारंगत अनीता आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल बन गई है, वो एक ऐसा कार्य कर रही हैं,जिसमें अब तक पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। राज मिस्त्री का काम कर अपने परिवार को आर्थिक संबल देने के साथ ही बिहान योजना की अन्य आजीविका गतिविधियों के जरिए अनीता अब लखपति दीदी भी बन चुकी है।

स्व सहायता समूह में जुड़ने से पहले अनीता के घर की अर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। सन् 2019 में अनीता राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना की वंदना महिला स्व सहायता समूह मे जुडी जहां उन्हें छोटे बड़े खर्च के लिए ऋण मिल जाया करता था, जिससे अनीता ने अपने घर के कई जरूरी काम करवाए। बिहान योजना के तहत ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण केंद्र (कोनी) में अनीता ने नि: शुल्क राज मिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अनीता ने ये काम शुरू करने का विचार किया। लेकिन ये आसान नहीं था,काम के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा, लोगों के लिए ये स्वीकार करना मुश्किल था कि कोई महिला ये काम बेहतर ढंग से कर पाएगी। अनीता बताती हैं कि जब वे काम की तलाश में जाती तो लोग मजाक बनाते कि एक महिला राज मिस्त्री का काम क्या कर सकेगी। लेकिन स्वच्छ भारत मिशन के तहत जब ग्राम में शौचालय बनवाने का काम आया तो समूह की दीदियों और बिहान टीम ने उनका उत्साह वर्धन किया ,साथ ही ग्राम के सरपंच ने भरोसा करते हुए काम करने का मौका दिया। अनीता खुश होकर बताती है कि मैने गांव में शौचालय निर्माण का काम सफलतापूर्वक पूरा किया ,इसके बाद नल जल योजना के साथ साथ ग्राम में 15 आवास का भी निर्माण किया।



अनीता कहती है कि बिहान योजना ने उनकी जिंदगी बदल दी समूह से सीआईएफ और बैंक लोन के सहायता से अब होटल और गुपचुप चाट का व्यवसाय भी शुरू कर दिया है, जिससे होने वाली आजीविका ने उन्हे लखपति दीदी की श्रेणी में ला दिया है। अनीता ने बताया कि अपने घर का निर्माण भी उन्होंने खुद ही किया जिससे पैसे की काफी बचत हुई।अब वह अपने अपने परिवार का पालन पोषण बेहतर तरीके से कर पा रही है। अब गांव की महिलाएं भी ये कार्य सीखना चाहती हैं। अनीता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहती है कि बिहान योजना ने उनका जीवन संवार दिया है। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की इस योजना ने उन जैसी महिलाओं को बड़ा सहारा दिया है।

# बगदेवा परियोजना की वर्कशॉप से 10 क्विंटल स्क्रैप पार, 3 गिरफ्तार

## कर्मचारी की शिकायत पर दर्री में कार्रवाई

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की बगदेवा परियोजना में घुसकर कीमती सामान को पार करने के मामले में कटघोरा पुलिस ने कबाड़ चोरी के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग 10 क्विंटल कबाड़ एवं परिवहन में उपयोग छोटा हाथी वाहन को जप्त किया गया है।

खबर के अनुसार अपराध उन्मूलन को लेकर पुलिस अपना काम कर रही है। इसी क्रम में कटघोरा थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रार्थी शांति नगर बाकीमोंगरा निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी 49 वर्ष ने थाना कटघोरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित हो रही बगदेवा परियोजना में स्थापित बीएसएनएल टावर और वर्कशॉप से कीमती सामान चोरी हो गया है। घटना को अंजाम देने के मामले में किनकी भूमिका रही। यह उस समय ज्ञात नहीं



हो सका। फिर भी प्रबंधन के सुरक्षा विभाग ने कुछ संदेहियों पर टारगेट किया और पुलिस को इससे अवगत कराया। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों आरोपियों में विकास टंडन पिता देवप्रकाश टंडन 20 वर्ष निवासी दर्री निलगिरी, रामसाय पिता फागुराम 19 वर्ष लेमरु कपुरवा, विजय मंझवार पिता हरन सिह मंझवार 22 वर्ष गढ़ उपरोड़ा लेगरु को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें बीएसएनएल टावर में लगे लोहे के एंगल, वर्कशॉप से चोरी किए गए रॉड, प्लेट, नट-बोल्ट सहित अन्य लोहे का सामान शामिल हैं।

साथ ही आरोपियों के पास से एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 6806 भी जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। याद रहे इससे पहले कोरबा जिले की कई परियोजनाओं में कबाड़ चोरों ने संगठित रूप से ऐसे कार्यों को अंजाम दिया और विरोध जताने पर एसईसीएल के सुरक्षाकर्मियों पर हमला भी किया। उनके खिलाफ कई मामले अलग-अलग थाना में दर्ज हैं। अब शिकंजा कसे जाने और पारदर्शिता से काम होने के कारण अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर गोपाल मोदी की नियुक्ति से संगठन में हर्ष



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल मोदी को कोरबा जिला भाजपा का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गोपाल मोदी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी जिले में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखेगी। गोपाल मोदी की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और वे आगामी चुनावों के लिए तैयारियां तेज कर रहे हैं।

बता दे जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा पर प्रदेश नेतृत्व का मानना रहा कि कोरबा नगर निगम सभापति चुनाव में भाजपा पार्षदों को एकजुट रखने में विफल रहे जिसके कारण सभापति चुनाव में भाजपा की करारी हार हुई व भाजपा के बागी नूतन सिंह ठाकुर चुनाव जीत गए, जिला भाजपा अध्यक्ष पद पर गोपाल मोदी की नियुक्ति से भाजपा खेमे में हर्ष ब्यापत है, गोपाल मोदी जिला सदस्यता अभियान के प्रभारी सहित जिला भाजपा मंत्री के अलावा कोशाध्यक्ष सहित विभिन पदों में रहकर भाजपा संगठन के लिए कार्य करते रहे हैं !

## सार-संक्षेप

### सड़क पर अब आएगा सामान तो होगा जप्त



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम व यातायात पुलिस ने सुनालिया चौक से सीएसईबी चौक तक दुकान संचालकों को दुकानों का सामान बाहर नहीं रखने की हिदायत दी। दुकान संचालकों को समझाया जा रहा है, अगर फिर भी दुकानदार नहीं माने तो आगे सामान जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। नगर में अधिकांश दुकान संचालक सामान को बाहर पार्किंग और सडक पर रख देते हैं। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही नहीं कई स्थानों पर पार्किंग की समस्या होती है। इसकी वजह से वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। निगम और यातायात विभाग की टीम ने दुकान संचालकों को सामान को बाहर नहीं निकालने कहा है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रीष्म अवकाश में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कुसमुंडा में प्रेरणा महिला मंडल के द्वारा ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। 5 से 12 वर्ष के बच्चे से शामिल हुए। बच्चों ने अपनी अभिरुचि के अनुसार चित्र तैयार कर निर्णायक का ध्यान खींचा। भाजपा नेता विकेश झा और राजेश पटेल ने इस अवसर पर अपनी बात रखी। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रेरणा महिला मंडल के अध्यक्ष उमा कुमारी, निक्की कौर एवं सदस्यों ने योगदान दिया।

### विधायक राठिया ने पीड़ितों का कुशलक्षेम जाना



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भैसमा के आश्रित ग्राम पहरीपारा में विवाह कार्यक्रम में खाना खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग की घटना को लेकर रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्हें मालूम चला कि अमानक बूंदी का सेवन करने से पहरीपारा के 23 बच्चों सहित 51 लोगों की हालत खराब हो गई है। इस पर वे तुरंत जिला चिकित्सालय/मेडिकल कॉलेज पहुंचे। संबंधित वार्ड पहुंच उनका कुशलक्षेम जाना और डॉक्टरों को उनके बेहतर इलाज के लिए आदेशित किया। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के उन प्रयासों की भी सराहना की है, जिसके अंतर्गत घटना की जानकारी होने के बाद गांव में बीएमओ डॉ. दीपक राज के द्वारा फौरी तौर पर शिविर लगाए गए और सभी लोगों का परीक्षण किया गया।

### जोगिन जंगल में जंगली सुअर का हमला, ग्रामीण की मौत

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा जिले के ग्राम फुलसरी में हुए एक हादसे ने पूरे ग्राम को दहशत और शोक में डुबो दिया। बताया जा रहा हैं कि ग्राम के ही 56 वर्षीय बंधु राम कंवर नामक अधेड़ की जंगली सुअर के हमले में मृत्यु हो गई। घटना उस समय हुई जब वे रोजाना की तरह सुबह नीज कार्य के सिलसिले में ग्राम के पास स्थित जंगल गए थे।

जानकारी के अनुसार बंधु राम कंवर ग्राम के पास जोगिन जंगल (कक्ष क्रमांक पी-1116) में गए थे। इसी दौरान जंगल में घात लगाए बैठे एक जंगली सुअर ने उन पर अचानक हमला कर दिया। सुअर ने उन्हें बुरी तरह घायल कर काफी दूर तक घसीटा। गंभीर चोटों के चलते घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। जब तक ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# समूह के पास आई पीडीएस दुकान तो लोगों को राशन मिलना हुआ बंद

## पचरा में अंगूठा लगवाते हैं पर सुविधा नहीं

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत पचरा ग्राम पंचायत में पीडीएस सोसायटी के अधिकार पुरानी व्यवस्था से हटाकर अब महिलाओं के समूह को दे दिए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें नियमित रूप से चावल नहीं दिया जा रहा, जबकि उनसे अंगूठा लगवाकर उनकी उपस्थिति और राशन प्राप्ति दर्ज की जा रही है।

ग्रामीण बताते हैं कि बीते एक वर्ष से उन्हें सही मात्रा में चावल नहीं दिया जा रहा। स्थिति यह है कि अंगूठा लगवाने के बाद चावल की जगह कभी शक्कर, कभी चना थमा दिया जाता है और चावल के लिए उन्हें हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों का यह भी कहना है कि दुकान संचालक शक्कर के दाम तय कीमत से अधिक वसूल रहा है।

जब ग्रामीण इस पर आपत्ति जताते हैं और पूछताछ करते हैं तो उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि चावल बाद में मिलेगा। दुकान संचालक ने बताया कि पूर्व में राशन में कुछ कटौती की गई थी और सोसाइटी द्वारा वसूली दिखाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी वसूली की भरपाई लाभार्थियों से की जा रही है।

खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि यदि किसी प्रकार की वसूली दर्शाई गई है, तो उसकी भरपाई हितग्राहियों से नहीं, बल्कि संबंधित दुकान संचालक से की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की शिकायतें गंभीर हैं और यदि ऐसा हो रहा है, तो यह नियमों के विरुद्ध है तथा इसकी जांच कराई जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएँ, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

साथ ही ग्रामीण यह भी चाहते हैं कि राशन वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि भविष्य में कोई हितग्राही अपने हक से वंचित न हो। यह मामला ना सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में किस तरह लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है।

# नेटवर्क ठीक करे बीएसएनएल, होती है परेशानी

## टीएसी की बैठक में दिनेश सोनी ने रखी बात

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक बिलासपुर में आयोजित हुई। 25 अप्रैल को आयोजित इस बैठक में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की ओर से दिनेश सोनी सम्मिलित हुए। दिनेश सोनी ने सांसद द्वारा दिए गए प्रस्ताव को बैठक में रखा और शीघ्र उस पर क्रियान्वयन किए जाने हेतु जोर दिया। इसके अतिरिक्त बीएसएनएल उपभोक्ताओं की सुविधा को अधिक से अधिक बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया।

श्री सोनी ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के शहर इलाकों में जहां बीएसएनल का नेटवर्क कई बार कमजोर हो जाता है तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सुविधा अपेक्षाकृत उपलब्ध नहीं होने के कारण संचार सुविधा का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल पाता है। बीएसएनल को अपने नेटवर्क के साथ-साथ टैरिफ के मामले में भी राहत देने की जरूरत है। बीएसएनएल अपनी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करे ताकि जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा सके व बीएसएनल कंपनी को लाभ हो। कोरबा सांसद ने महाप्रबंधक बीएसएनएल से विभिन्न बिंदुओं को इस बैठक में शामिल करने पत्र लिखा, जिसे दिनेश सोनी ने प्रस्तुत किया। बैठक में बीएसएनएल की तरफ से नीतेश कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक व्यावसायिक क्षेत्र बिलासपुर, मुकेश श्रीवास्तव आंतरिक वित्त सलाहकार बिलासपुर, सुमन कुजूर परिचालन क्षेत्र सरगुजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन क्षेत्रों में चाहिए बीएसएनएल टॉवर

बीएसएनएल को सुझाव दिया गया कि हाथी प्रभावित गांव चोटिया, सिरमिना, दमऊकुंडा, सलिहाभाठा, एतमानगर, सरभोका, बंजारी, आमाटिकरा, अमझर, परला, पसान, मोरगा, केंदई, गुरसियां आदि गांव एवं रामपुर विधानसभा के पसरखेत, जिल्गा, कुदमुरा, बरपाली, लेमरू आदि में बीएसएनएल का टावर लगवाया जाए। कोरबा जिले के पर्यटन स्थल सतरेंगा, केंदई, बुका, चैतुरगढ़, देवपहरी जैसे स्थलों में नेटवर्क न होने के समान है, यहाँ बीएसएनएल टावर की सुविधा प्रदान की जाए। कोरबा जिले के धार्मिक स्थल मड़वारानी पहाड़ के ऊपर पहाड़गांव, मातिन दाई मंदिर आदि स्थलों में बीएसएनएल टावर की सुविधा प्रदान की जाए।

# कबाड़ दुकान की आड़ में जमीन हथियाई, निगम ने चलाया बुलडोजर



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अमरैयापारा के मुख्य मार्ग पर संचालित कबाड़ दुकान के खिलाफ नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही की। इसके अंतर्गत व्यापारी द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर बेजा कब्जा से मुक्त कराया गया।

नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कबाड़ का व्यवसाय कर रहे व्यक्ति के अवैध अतिक्रमण को जेसीबी लगाकर हटाया गया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही की जा रही है। शहर में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी है। उन्होंने आगे बताया कि बायपास रोड रामनगर मोड़ से आम रोड तक संचालित कबाड़ दुकान को हटाने के संबंध में सुशासन त्यौहार में शिकायत मिली थी। इसके आधार पर व्यवसायी को पहले अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन उसने कोई कार्यवाही नहीं की और सड़क से लगे सामान को नहीं हटाया। इसके बाद पुलिस और निगम की संयुक्त टीम ने दोबारा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। इससे पहले संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए झगरहा में मदन अग्रवाल के कबाड़ ठिकाने से उस हिस्से को हटा दिया गया जो मुख्य मार्ग तक फैला दिया गया था और इससे लोगों को आने-जाने में समस्या हो रही थी। निगम ने कहा है कि जहां भी ऐसे मामले प्रकाश में आएंगे, त्वरित कार्रवाई की जाएगी

# मुस्लिम समाज ने आतंकवाद का जलाया पुतला

## दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी, पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में कोरबा के टीपी नगर में मुस्लिम समाज की विभिन्न जमातों एवं कमेटियों के नेतृत्व में एक मौन जुलूस व कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे टीपी नगर मस्जिद से बड़ी संख्या में समाज के लोग हाथों में मोमबत्तियां लिए टीपी नगर चौक तक शांतिपूर्ण जुलूस के रूप में निकले।

इस कार्यक्रम में सुन्नी मुस्लिम जमात, मेमन जमात, मरकज़ी सीरत कमेटी, इत्तेहाद कमेटी, मरकज़ी ईदगाह क़ब्रिस्तान कमेटी, यंग मेमन कमेटी सहित शहर की सभी मस्जिदों की कमेटियों के पदाधिकारीगण, समाजसेवी व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने की शपथ ली। मौन जुलूस के बाद टीपी नगर चौक पर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन कर




विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से माँग की कि पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद की जड़ें पूरी तरह से समाप्त की जाएं, ताकि देश में शांति और सौहार्द बना रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश की सरज़मीं पर आतंक की कोई जगह नहीं है। जम्मू-कश्मीर में हमारे देशवासियों पर इस प्रकार के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। सरकार को चाहिए कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेनकाब किया जाए।

# स्वरोजगार और साइबर अटैक से सावधान किया लोगों को

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया शिविर

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा के कौन्सलों द्वारा एसबीआई आरसीटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

नंदकिशोर पासवान, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल द्वारा वित्तीय साक्षरता के बारे में प्रकाश डाला। सीमा नायक, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने पैसे का महत्व एवं स्वरोजगार की जानकारी प्रदान की। प्रमोद तिवारी, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा द्वारा पैसे कमाने का हुनर एवं बचत करने के तरीके बताये गये एवं विपिन मिश्रा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने निःशुल्क विधिक सेवा की जानकारी दी।

उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से साइबर अटैक, जीवन सुरक्षा बीमा, जीवन बीमा, वित्तीय प्रबंधन, व्यावसायिक गुण, बचत करने के तरीके एवं नालसा स्कीम की जानकारी प्रदान किया गया।

उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आरसीटी के ट्रेनर सुरंजना बिसवाल, ललीता नाग, ऋषिकर भारती, समाज सेवी आकाश कुमार, एलआईसी विकास अधिकारी किशन दास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र अहमद खान सहित 30 लाभार्थी उपस्थित थे।

# तहसीलदार से बद्तमीजी, अधिवक्ता पर मामला दर्ज

## राजस्व कर्मियों ने रोकने की कोशिश भी की

कोरबा-कटघोरा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कटघोरा में एक तहसीलदार के साथ बद्तमीजी करने पर ण्क अधिवक्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में उसकी जमानत हो गई। उसके खिलाफ बीएनएस की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता सुधीर मिश्रा पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। खबर के अनुसार किसी बात को लेकर अधिवक्ता के द्वारा तहसील कार्यालय में शोरगुल और गाली-गलौज किया जा रहा था। इस पर महिला तहसीलदार के द्वारा उन्हें ऐसा व्यवहार नहीं करने और गाली-गलौज नहीं करने की समझाइश दी गई किंतु अधिवक्ता नहीं माने और उन्होंने महिला तहसीलदार के साथ भी अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए कथित तौर पर गाली-गलौज तक कर डाला। यहां पहुंचे दूसरे राजस्व कर्मियों और अधिकारियों ने भी अधिवक्ता को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ हाथापाई करने की भी खबर है। इस पूरे मामले को लेकर कटघोरा एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व राजस्व अधिकारी थाना पहुंचे और उनके द्वारा इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिस पर पुलिस ने मिश्रा को हिरासत में ले लिया। हालांकि कुछ घंटे बाद उसे जमानत मिल गई।

इससे पहले विगत वर्ष मुरली होटल के संचालक के साथ भी इन्हीं अधिवक्ता और उनके साथियों के द्वारा गाली गलौज, मारपीट जैसी घटना को अंजाम दिया गया था, जिसे लेकर उनके विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। एक पुलिस अधिकारी से भी अभद्रता पूर्वक व्यवहार इन्होंने किया था, जब पुलिस अधिकारी अपने परिवार के साथ अपने वाहन में मौजूद थे।

# एमआईसी ने मंजूरी दी सिटी डेवलपमेंट प्लान को

कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा में सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत शहर का तेजी से विकास होगा। इसके लिए सरकार की ओर से 1000 करोड़ आबंटन किया जाएगा। योजना के अंतर्गत शहर में कई सेवाओं को पीपीपी मॉडल से संचालित कराकर बेहतर किया जाएगा

कोरबा नगर निगम में मेयर इन काउंसिल के बैठक में सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत होने वाले विकास कार्यों का अनुमोदन लिया गया। इसके लिए डीपीआर तैयार करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें गौरव सर्किट सबसे प्रमुख और महत्वाकांक्षी योजना है। कमिश्नर आशुतोष पांडे बताया कि शहर के विकास से जुड़े अनेक कार्य होंगे। जिसमें बहुप्रतीक्षित जैन चौक से वीआईपी रोड होते हुए कोसाबाड़ी तक गौरव पथ निर्माण प्रमुख है। शहर के बड़े तालाबों को रायपुर के मरीन ड्राइव के तौर पर विकसित किया जाएगा। सड़कों का विस्तार होगा, जिससे शहर की सूरत बदलेगी। वर्ष 2025 का बजट पिछले महीने महापौर संजू देवी राजपूत के द्वारा पारित किया गया जिसमें नगर निगम कोरबा को सभी स्रोत से 920 करोड रुपए प्राप्त होने की संभावना व्यक्त की गई जबकि खर्च इससे कम होना है। नगरी निकायों को विभिन्न कार्यों के लिए सरकार से अनुदान प्राप्त होता है । अगर सिटी डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत पूर्व को बड़ी रकम प्राप्त होती है और इस हिसाब से कम होता है तो आने वाले समय में यहां की तस्वीर कुछ अलग हो सकती है।

# विषाक्त बूंदी से लोग बीमार, सांसद और प्रतिनिधि ने ली जानकारी



कोरबा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा के रामपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत भैसमा के आश्रित ग्राम पहरीपारा के ग्रामीण स्व बिसाहूदास महंत चिकित्सालय में उपचार करा रहे फ़ूड पॉइज़निंग से बीमार हुए 38 बच्चों और 5 पुरुष, 5 महिला की स्वास्थ्य की जानकारी सांसद ज्योत्सना महंत पल-पल लेती रहीं। सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने मरीजों से मिलकर उनके परिजनों से कुशलक्षेम जाना। उन्हें बताया गया कि बीमार हुए 38 बच्चों में से 31 बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है, शेष बच्चों का उपचार जारी है। 5 महिला व 5 पुरुष मरीज का भी उपचार चल रहा है जिन्हें जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मेडिकल कालेज के डीन डॉ. सहारे, चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर, उप अधीक्षक डॉ.जाटवर के निर्देशन में चिकित्सको व नर्सिंग स्टाफ की टीम अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहें हैं। सांसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया ने इन सभी का आभार जताया है।

## सार-संक्षेप

### टीम भावना के साथ कार्य कर दायित्वों का करें निर्वहन

### निवर्तमान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े को दी गई भावपूर्ण विदाई




**रायगढ़,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के निवर्तमान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर स्थानांतरण एवं एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े का संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद पर स्थानांतरण होने पर आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई।

विदाई समारोह में अधिकारियों ने कलेक्टर गोयल के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए अपने कार्य अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर गोयल ने कहा कि रायगढ़ में अपने 18 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। आपके साथ कार्य करने के साथ ही आपको लीड करने का अवसर मिला और रायगढ़ टीम ने बहुत अच्छा कार्य किया। हमें यह पद जिम्मेदारी देती है जिसका फर्ज अदा करना होता है और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। सभी अधिकारी-कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। जिले की जो भी उपलब्धि है उसमें आप सभी का सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले की कार्यप्रणाली अपने आप में मिसाल है, इसे बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह कार्य करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि रायगढ़ का कार्यकाल काफी सुखद रहा है। आप सभी के सहयोग के साथ बेहतर कार्य हुए है। रायगढ़ के कार्य परंपरा को ध्यान में रखते हुए अच्छे से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों में आनंद ले, कार्य बेहतर होगा। उन्होंने कलेक्टर गोयल के संबंध में कहा कि वे एक अच्छे मार्गदर्शक की भूमिका में रहे, उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कलेक्टर गोयल को नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में निवर्तमान कलेक्टर गोयल एवं एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

#### प्रकरणों के अधिकाधिक निराकरण हेतु न्यायाधीशगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की हुई बैठक




**रायगढ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा आगामी 10 मई 2025 को इस वर्ष के द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है, जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।

राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले लोक अदालत में रखे जाएंगे। जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन मामलों एवं न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिकाधिक संख्या में निराकरण हेतु न्यायाधीशगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें ली जा रही हैं, जिसमें राजस्व अधिकारियों के साथ भी इस माह बैठक लिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकद्मा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है।

### एनीकट निर्माण में अनियमितता की हो जांच व कार्रवाई बोले कांग्रेसी नेता अविनाश पाठक खिलाफत में उतरेंगे सड़को पर

**कोरिया,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के युवा नेता अविनाश पाठक ने एक बार फिर वन विभाग के निर्माण कार्यों के अनियमितताओ को बताते हुए काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। श्री पाठक ने बताया कि भ्रष्टाचारियो में सुधार नहीं हुआ तो वह उसके खिलाफ सड़क पर उतर कर उनके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेसी नेता अविनाश पाठक बताते है कि इन दिनों एक दर्जन से ज्यादा गुरुघासी दास राष्ट्रीय उद्यान के वन परिक्षेत्र सोनहत व रामगढ़ के अंतर्गत एनीकट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# किसानों ने जमीन के मुआवजा को लेकर सड़क पर 10 घंटे चक्का जाम किया

### अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त हुआ

डभरा, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। इस भीषण चिलमिलाती धूप में प्रभावित किसानों द्वारा सक्ती से टुण्ड्री रायगढ़ सड़क मार्ग के ओड़ेकरा चौक पर 25 अप्रैल के सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चक्का जाम कर मुआवजे की मांग किया गया। एडीबी कंपनी अधिकारियों एवं भूअर्जन अधिकारी डभरा के लिखित आश्वासन के बाद प्रभावित किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया गया। लिखित समझौता में भूअर्जन की सभी प्रक्रिया पूर्ण कर सोमवार तक जिला कलेक्टर सक्ती के भेजने की बात कही गई है।



एडीबी कंपनी के द्वारा सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के लिए ग्राम सिंघीतराई ओड़ेकेरा टुंडी कंवली सराईपाली के किसानों कीसड़क किनारे जमीन को अधिग्रहण कर जबरन सड़क निर्माण कार्य कराया गया है जो करीब 9 सालों के बाद भी एडीबी कंपनी एवं भूअर्जन अधिकारी डभरा द्वारा प्रभावित किसानों के जमीन का मुआवजा राशि आज तक नहीं दिया गया है। प्रभावित किसानों को कई बार अधिकारियों द्वारा झूठे आश्वासन दिया जा चुका है । एडीबी कंपनी एवं प्रशासन किसानों को गुमराह कर रहे है। जबकि किसानों की निजी भूमि पर सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य कराया गया है। परंतु प्रभावित किसान मुआवजा राशि के लिए दफ्तरों का चक्कर काट रहे है जिम्मेदार अधिकारियों ने किसानों को मात्र झूठे वायदे ही किया । ग्रामीण किसान अपने निजी भूमि के मुआवजा राशि के लिए किसके पास जाएं। जबकि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के पहले किसानों को भुगतान करना होता है फिर आज तक प्रभावित किसानों को भुगतान नहीं किया गया जिसे लेकर नाराज किसानों द्वारा चक्का जाम का रास्ता अपनाया। विभागीय अधिकारी एवं भूअर्जन अधिकारी के लापरवाही की खामियाजा किसान भुगत रहे है । वही धरना स्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और अधिकारियों द्वारा किसानों को समझाइश दिया गया। स्थानीय प्रशासन की ओर से तहसीलदार डभरा संजय मिंज अनुराग भट्ट तहसीलदार चंद्रपुर व पुलिस के अधिकारी कमल किशोर महतो टी आई दलबल के साथ मौके पर डटे रहे। वही मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अंजली गुप्ता एस डी ओ पी मौके पर उपस्थित रहे। वही प्रभावित किसानों को अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन के बाद माने और शाम 7 बजे चक्का जाम समाप्त किया। एडीबी कंपनी के अधिकारी एवं भूअर्जन अधिकारी डभरा एवं अधिकारियों के लिखित रूप में आश्वासन देने के बाद सड़क मार्ग से आंदोलनकारी किसान हटे और शाम को मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ।

सुबह 9 बजे से सक्ती से टुण्ड्री सड़क मार्ग पर चक्का जाम होने से ग्रामीणों राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही

## एकेडमिक हाइट्स में वार्षिक पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन - विगत सत्र में विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित




**मनेन्द्रगढ़,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में सत् 2024 - 25 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षा नगर पंचायत झगड़ाखांड श्रीमती रीमा रमेश यादव व रमेश यादव जी उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय के संचालक गण संजीव ताम्रकार, श्रीमती ज्योति ताम्रकार जी, आशीष कक्कड़ जी, श्रीमती आशि कक्कड़ जी, प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती तोषी अग्रवाल जी विद्यालय के प्राचार्य पी रविशंकर जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती जी के आगे द्वीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात कक्षा पांचवी की छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के शिक्षक आनंद विश्वकर्मा द्वारा स्वागत भाषण देकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया, तत्पश्चात विद्यालय की चीफ कोऑर्डिनेटर सुश्री रूबी पासी द्वारा अपने अभिभाषण में बीते सत्र में हुए समस्त शैक्षणिक प्रतियोगिताओं व गतिविधियों तथा विद्यालय के छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यालय द्वारा आने वाले सत्र की योजनाओं पर ध्यानाकर्षण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा विगत सत्र में हुए प्रतियोगिताओं जैसे टाइगर डे प्रतियोगिता, क्ले मोल्डिंग प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सोलो डांस प्रतियोगिता इत्यादि के विजेता छात्र- छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रमेश यादव ने अपने वक्तव्य में छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल विद्यालय इस जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय है और यह कथन यहां के छात्रों की उपलब्धियां और अनुशासन सिद्ध करता है। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रायोगिक ज्ञान का होना अति आवश्यक है और यह विद्यालय इन दोनों ही कसौटियों पर खरा उतरता है जो छात्रों को सामाजिक दृष्टिकोण से एक सफल व्यक्ति और नागरिक के तौर पर देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी संचालक गण और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के संचालक संजीव ताम्रकार जी ने सभी विजेताओं को बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हमारे अध्यापकगणों ने नए और प्रभावी शिक्षण तरीकों को अपनाया है, जिससे छात्रों की समझ और प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। हमारे विद्यालय के छात्र खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे छात्रों ने विद्यालय के बाहर भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार जीते हैं और विद्यालय का नाम सिर्फ जिले और राज्य में नहीं पूरे देश में रोशन किया है। आने वाले समय में विद्यालय कई नई महत्वपूर्ण योजनाएं बना रहा है जिससे कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। उपस्थित अतिथियों को उनके अमूल्य समय देने के लिए स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सोनम निषाद के द्वारा किया गया।

## राज्यपाल ने की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक, विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए अहम निर्देश



### गम्भीरतापूर्वक ढंग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, संवेदनशीलता के साथ आमजनों के हित के लिए हो कार्य- राज्यपाल रमेन डेका

**अम्बिकापुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार को सरगुजा जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए गहन समीक्षा की गई। जल-संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक कृषि प्रोत्साहन, स्वच्छ भारत मिशन, टी.बी. का उन्मूलन, बाल लिंगानुपात, शिक्षा, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक धरोहरों का सरंक्षण, स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की भागीदारी, नशामुक्ति, जनजातीय एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं, इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा की गतिविधियों जैसे विविध विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के प्रारंभ में अपर कलेक्टर सुनील नायक ने जिले की संक्षिप्त जानकारी के साथ जिले में क्रियान्वित योजनाओं और उपलब्धियों के संबंध में राज्यपाल डेका को अवगत कराया। राज्यपाल डेका ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले।

संवेदनशीलता के साथ आमजनों के हित के लिए कार्य करें, सभी प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरतापूर्वक ढंग से अपने कार्यों का निर्वहन करें। राज्यपाल रमेन डेका ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही जिले के समग्र विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल, संभागीय नगर सेनानी राजेश पाण्डेय, डीएफओ तेजस शेखर, जिलापंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर अग्रसेन गौशाला में बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अम्बिकापुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। शनिवार विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर अग्रसेन गौशाला, चढिश्मा, अंबिकापुर में पशुधन विकास विभाग द्वारा बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में 305 पशुओं का गलघोंटू एवं एक टैगिया रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। साथ ही 208 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई और 19 पशुओं का उपचार भी किया गया।

शिविर का शुभारंभ पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. आर.पी. शुक्ला, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. सी.के. मिश्रा एवं गौशाला के अध्यक्ष श्री हीरालाल गर्ग द्वारा गाय और बधिया को माला पहनाकर एवं गुड़ खिलाकर किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील मिंज द्वारा गौशाला के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों एवं गौशाला प्रबंधकों को पशुओं के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और प्रबंधन के विषय में तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया। शिविर में गौशाला के उपाध्यक्ष जय भगवान अग्रवाल, श्री राम निवास जायसवाल, पशु चिकित्सा सहायक अल्पज्ञ डॉ. सुनील मिंज, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी झबृजेंद्र सिंह एवं श्री उमेश कुशवाहा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार 2025 बनी नागरिकों के लिए आशा की किरण

**अम्बिकापुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण होने से आम नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से सुशासन तिहार आमजन के लिए एक सशक्त मंच बना जहां उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# पेयजल संकट से निपटने मंत्री ने बुलाई संयुक्त बैठक

## डीएवी स्कूल के छोटे बच्चे अगले शिक्षा सत्र से होगे सिफ्ट, गोदरीपारा विवेकानंद भवन के समीप एसई सीएल भवन में संचालित होंगी चार कक्षाएं

### रोजगार, पर्यटन, जल संकट, शिक्षा, सड़क पर दिनभर मंथन, पानी पर एक सप्ताह का अल्टीमेटम, पीएचई को 10 प्वाइंटों में बोर करने निर्देश जारी

**एमसीबी/चिरमिरी,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। चिरमिरी जी एम कॉम्प्लेक्स के श्यामली गेस्ट हाउस में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अधिकारियों संग नगर निगम की संयुक्त आवश्यक बैठक ली, जिसमें नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, आयुक्त नगर निगम आर पी आंचला, तहसीलदार चिरमिरी शशि शेखर मिश्रा, इंजीनियर नगर निगम चिरमिरी विक्टर, पीएचई स्टॉप सहित निगम के एमआईसी मेंबर उपस्थित रहे। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने जिले के कलेक्टर डी राहुल वेंकट रमन, डीएफओ मनीष कुमार के साथ चिरमिरी के विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर जायजा लिया।



ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम चिरमिरी में नई शहर सरकार बनने के बाद महापौर प्राथमिक स्तर पर पेयजल संकट से निपटने के लिए संपूर्ण क्षेत्रों का दौरा कर रहे है लेकिन अप्रैल माह में अचानक से बढ़ा पारा पेयजल की समस्या को न्योता दे रहा है, इसी के मद्देनजर श्री जायसवाल ने आकस्मिक संयुक्त बैठक बुलाई। बैठक में विभिन्न मुद्दों के साथ पेयजल संकट से निपटने के लिए चिरमिरी के अलग अलग स्थानों में जहां बोर से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके, उस स्थानों को चिन्हांकित कर लगभग 10 स्थानों में बोर कराया जाना सुनिश्चित किया वही बड़ा बाजार, डोमेनहिल, गोदरीपारा में निर्मित बड़े बड़े टंकियों को पाइप लाइन से जोड़कर वार्डों तक पानी पहुंचाने की बात कही और चिरमिरी में 10 स्थानों में बोर की सफलता के लिए पीएचई विभाग को जिम्मेदारी सौंपी। इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री ने पेयजल संकट के जल्द समाधान को लेकर एक सप्ताह का डेडलाइंस अधिकारियों और नगर निगम अमले को दिया। उन्होंने चर्चा के बाद यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बोर की सफलता के बाद डोमेनहिल में जल संकट से बचने के लिए 120 एचपी और 80 एचपी के दो पंपों की आवश्यकता पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान किया जाना चाहिए और सख्त लहजे में चिरमिरी के विभिन्न प्वाइंटों के निरीक्षण संयुक्त रूप से अगले दिन से ही किए जाने का निर्देश भी दिया। बैठक में शामिल विभिन्न मुद्दों में अमृत जल मिशन -2 के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। नगर उत्थान के लिए निगम को मिले 15 करोड़ रुपए में शामिल कार्यों की जानकारी अधिकारियों से हासिल किया जिसमें आयुक्त नगर पालिक निगम और इंजीनियर विक्टर ने नगर उत्थान की दिशा में किए जाने वाले कार्यों का लेखा जोखा बैठक में प्रस्तुत किया वही चिरमिरी जलाशय, मेरो और आमाडांड जलाशयों की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी एकत्रित करने का निर्देश माननीय मंत्री द्वारा अधिकारियों को दिया गया। श्यामली गेस्ट हाउस में आयोजित आकस्मिक बैठक में नीलम सरोवर पार्क, एडवेंचर पार्क, वार्ड क्रमांक एक के पोड़ी साइडिंग को जंगल सफारी की तर्ज पर विकसित करने, मड हाउस, हल्दीबाड़ी स्थित सिद्ध बाबा शिव मंदिर के ऊपरी शिखर में 110 फीट भारत का झंडा लगाने, नालंदा परिसर के लिए 250 सीट की स्वीकृति आने पर संचालित किए जाने सहित मंगल भवन, चौपाटी तथा लाइवलीहुड के संचालन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इससे पूर्व जायसवाल अधिकारियों संग क्षेत्र के दौरे में गोदरी पारा के उड़िया स्कूल का निरीक्षण किया जहां उड़िया स्कूल के भवन और संभावनाओं पर मंथन हुई वहीं आगे गोदरीपारा के प्राथमिक कन्या स्कूल के वर्तमान स्थिति का हालत का आकलन किया गया।

अगली कड़ी में बरतूंगा और लाहिड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी संभावनाओं की तलाश के मद्देनजर जायजा लिया गया इस दौरान स्कूल के स्थानांतरण की गंभीर हालत से निपटने के लिए मंत्री जी दल बल के साथ बरतुंगा पहुंचे थे, जहां भारी संख्या में अध्ययन कर रहे बच्चों के परिजन भी मौजूद रहे। उपस्थित स्थानीयजनों से चर्चा के उपरांत निर्णय निकला गया कि छोटे बच्चों को जो ओपन कास्ट माइंस के नजदीक भवन में रूत्त, चत्त, 1स्ञ और 2ठ्ठस्र क्लास संचालित किया जा रहा है उसे सिफ्ट किया जाना चाहिए और अगले शिक्षा सत्र से गोदरीपारा के विवेकानंद भवन के समीप एससीएल के भवन जिसमें पूर्व मेंवस्कुल संचालित था उसमें सिफ्ट किया जाएगा और शेष बच्चे भवन निर्माण होने तक यथावत उसी भवन में फिलहाल उनका अध्ययन जारी रहेगा और यह निर्णय बच्चों के पालक, संस्था मैनेजमेंट, एसई सीएल, कलेक्टर एमसीबी, डीएफओ एमसीबी और स्थानीय निवासियों के संयुक्त चर्चा और विचार विमर्श के बाद लिया गया।

## सार-संक्षेप

### विदाई सह सम्मान समारोह में शामिल हुए जन प्रतिनिधि




**सारंगढ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। तीन शिक्षकों कृष्ण कांत पटेल श्रवण कुमार पटेल छबि लाल सिदार की सेवा निवृत्ति पर आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय विधायक सारंगढ उत्तरी जांगडे व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ की हड्डी की तरह होते हैं जो कि समाज को नई दिशा देने वाले जन प्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों को गढने का कार्य करते हैं तथा एक गुरु का महत्व तो गोविंद से भी अधिक बताया गया है अतः मैं तीनों गुरूओं को उनके सफल शिक्षकीय कार्यकाल पर उन्हें सादर प्रणाम करते हुए उनके सुखद जीवन की कामना करता हूं।वहीं विधायक ने भी शिक्षकों के अतुलनीय योगदान की सराहना करते हुए उनका महत्व सबसे अधिक बताया।

### पीएमश्री सेजेस सारंगढ के छात्र छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**सारंगढ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय सारंगढ के छात्र छात्राओं ने रायपुर के छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र ,जंगल सफारी व राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शैक्षणिक भ्रमण किया जहाँ उन्हें प्राचार्य सुदीप्त प्रधान एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र में विज्ञान से सम्बंधित व जंगल सफारी में वन व वन्य प्राणियों के सम्बंध में तथा स्टेडियम में क्रिकेट के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।


### भेड़ीकोना अमलीडीह पुल में बड़ा हादसा अनियंत्रित ट्रक नदी में गिरा, एक की मौत



जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक देर रात अनियंत्रित होकर भेड़ीकोना अमलीडीह पुल से नीचे नदी में गिर गई। हादसे में ट्रक चालक शिव साहू, उम्र लगभग 25 वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। सुबह ट्रक चालक का छोटा भाई नूतन साहू (उम्र लगभग 22 वर्ष) ट्रक का जायजा लेने नदी में उतरा। ट्रक को देखने के प्रयास में वह पानी के भीतर फंस गया और दुर्भाग्यवश उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि पुल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिससे ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से पुल की मरम्मत और सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि हादसे के कारणों की गहनता से जांच की जाएगी।

### सट्टा-पट्टी के माध्यम से जुआ खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सक्ती पुलिस द्वारा एक कार्यवाही की गई। सूचना के आधार पर सट्टा पट्टी लिखकर जुआ खिलाने वाले एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम लक्ष्मण प्रसाद साहू, पिता चैतराम साहू, उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10, अखराभाठा, थाना सक्ती, जिला सक्ती है। आरोपी के पास से एक सफेद कागज पर लिखा सट्टा अंक, एक डॉट पेन तथा नगदी 2130 रू की राशि बरामद की गई। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर जब पुलिस टीम पहुंची, तो सट्टा खेलने वाले अन्य लोग मौके से फरार हो गए, जबकि लक्ष्मण प्रसाद साहू मौके पर ही पकड़ा गया।

पूछताछ में वह सट्टा पट्टी लिखने की बात स्वीकार करते हुए वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष बरामद सामग्री को जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश, प्र.आर. शब्बीर मेमन, आर. यादराम चन्द्रा तथा आर. महासिंह सिदार की भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 06 के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया।

### समर कैंप को लेकर असमंजस, कलेक्टर लेंगे अंतिम निर्णय

जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों को 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए समर कैंप आयोजित करने का सुझाव भेजा है। विभाग का मानना है कि इस अवकाश का रचनात्मक उपयोग विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु किया जाना चाहिए। हालांकि समर कैंप का आयोजन अनिवार्य न होकर स्वैच्छिक रहेगा और इसका अंतिम निर्णय संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा लिया जाएगा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में पहुंचे प्रभारी मंत्री

### 250 लोगों को किया गया सम्मानित



जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले करीब 250 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आम नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, महिलाओं, पत्रकारों और युवाओं की उपस्थिति रही।

अपने संबोधन में मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने जांजगीर ऑडिटोरियम का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जांजगीर-चांपा जिले को विकास के नए पथ पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में यह जिला छत्तीसगढ़ के नक्शे पर अपनी अलग पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं, और भाजपा की विचारधारा अंबेडकर के समतामूलक समाज के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सामाजिक समरसता और गरीबों के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। मंत्री चौधरी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर को हमेशा उपेक्षित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जहां अंबेडकर को मुंबई से चुनाव हराने और उनके मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, वहीं भाजपा ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया और लंदन, दिल्ली, मुंबई में उनके नाम से भव्य स्मारक बनाए। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पत्रकार के साथ मारपीट, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

चार दिन पूर्व अकलतरा में पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को लेकर जिले के पत्रकारों में भारी आक्रोश है। घटना के अनुसार, अकलतरा के स्थानीय संवाददाता हीरेन्द्र पालीवाल पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया और उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया।

इस घटना के विरोध में जिला प्रेस क्लब ने वित्त एवं प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित पत्रकार को पुलिस सुरक्षा देने तथा दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पत्रकारों ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो पत्रकार संगठन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## रेलवे स्टेशन के बाहर जन सुविधाओं का अभाव

### यात्रियों को हो रही भारी परेशानी




जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। चांपा रेलवे स्टेशन के सामने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के लिए आवश्यक जन सुविधाओं का घोर अभाव देखने को मिल रहा है। आधुनिक यात्री सुविधाओं के अभाव में यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर के बाहर न तो बैठने के उचित इंतजाम हैं और न ही साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक है।

खास बात यह है कि चांपा रेलवे स्टेशन को महत्वपूर्ण स्टेशनों की श्रेणी में गिना जाता है, फिर भी यहां आधारभूत सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों के बैठने, विश्राम करने, शौचालय, पीने के पानी और सफाई जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की भारी कमी है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायतें कीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। स्टेशन परिसर में गंदगी फैली हुई है और यात्री प्लेटफॉर्म पर फर्श पर बैठने को मजबूर हैं। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त है जिससे यात्रियों को वाहन खड़ा करने में कठिनाई होती है। स्टेशन के बाहर ऑटो और टैक्सी स्टैंड का भी समुचित प्रबंधन नहीं है। यात्रियों को स्थानीय वाहनों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इस अव्यवस्था के चलते अक्सर यात्रियों और वाहन चालकों के बीच झगड़े की स्थिति भी बनती है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि चांपा स्टेशन के सामने साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को तुरंत उपलब्ध कराया जाए ताकि आने-जाने वाले यात्रियों को सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। अगर जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## जुआ खेलते गिरफ्तार,33 हजार से अधिक नगद जब्त



### छःमोबाइल व मोटरसाइकिल जब्त

जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अकलतरा क्षेत्र में जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को अकलतरा पुलिस व साइबर टीम की संयुक्त कार्यवाही में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 33,270 रुपये नकद, 6 मोबाइल फोन, 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डीएसपी प्रदीप कुमार सोरी के निर्देशन में अकलतरा पुलिस व साइबर टीम ने दबिश देकर जुआ खेलते हुए 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय (थाना प्रभारी अकलतरा), एएसआई विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, आनंद किशोर, अर्जुन यादव एवं हजारी लाल मेरसा का योगदान रहा।

#### गिरफ्तार आरोपियों में

संजीव कुमार साहू (40), निवासी कोसा बालचंद साहू (59), निवासी कोसा,रविचंद्र निराला (48), निवासी मुरलीडीह, टीकम टंडन (44), निवासी खिसोरा, अजय रात्रे (30), निवासी मुरलीडीह, मकबूल खान (35), निवासी अकलतरा शामिल है।

## राहगीरों के लिए रोटरी क्लब ने खोला प्याऊ घर

### पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के हाथों हुआ शुभारंभ




**खरसिया,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जीव जंतु सहित आम नागरिकों राहगीरों के लिए गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा आवश्यक और जरूरी शुद्ध शीतल पेयजल होता है इन दिनों जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी से लोग परेशान हैं इसके चलते राहगीरों को पानी की बहुत ज्यादा आवश्यकता पड़ रही है। राहगीर शीतल शुद्ध जल के लिए इधर-उधर भटकते रहता है और जैसा भी पानी मिलता है उसे पी लेता है जिससे उसकी तबीयत खराब होने की भी संभावना रहती है इसी को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब खरसिया के द्वारा दिलीप सिंह एवं हरभजन सिंह सलूजा की पावन स्मृति में रेलवे क्रॉसिंग के पास सब्जी मंडी खरसिया में शुद्ध और शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्याऊ घर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के कर कमलों द्वारा उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी पार्षद विजय शर्मा, रवि सहिस, दीपक अग्रवाल तारा, साहिल शर्मा, रूपेश सर्राफ, अमोल भूरु, आनंद अग्रवाल, कैलाश शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इससे राहगीरों को आसानी से शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। किसी को प्यास से परेशान नहीं होना पड़ेगा संस्था के सदस्य रोजाना मटके में ठंडा पानी की व्यवस्था करेंगे। संस्था के अध्यक्ष अनिल गर्ग, सेक्रेटरी नीरज बंसल, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, प्रोग्राम अध्यक्ष विन्नी सलूजा ने कहा कि गर्मी के दिनों में राहगीरों और पशु पक्षियों को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है। सफर के दौरान राहगीरों को शुद्ध शीतल पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ता है, इससे निजात दिलाने के लिए रोटरी क्लब खरसिया ने प्याऊ घर की सुविधा उपलब्ध कराई है।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से 6300 एमएल देशी शराब जब्त



जांजगीर, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सक्ती पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को अवैध देशी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 6300 एमएल देशी शराब और एक होंडा एक्टिवा स्कूटर जब्त की गई है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 62,800 रुपये बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति होंडा एक्टिवा क्रमांक सीजी 11 बीजे 2401 में अवैध शराब लेकर बुधवारी बाजार से कचहरी चौक की ओर जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार व्यक्तियों की पहचान राजू धिरहे (32 वर्ष) एवं चंद्रप्रकाश बघेल (34 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम डोंगिया थाना सक्ती, के रूप में हुई। तलाशी के दौरान चंद्रप्रकाश बघेल के पास से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 35 नग देशी प्लेन शराब की शीशियां बरामद की गईं, जिनमें प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरी थी। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक उमेश साहू एवं आरक्षक गणेश साहू द्वारा की गई।

## स्काई एलॉयज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच और औषधि वितरण शिविर आयोजित

### मानव की सबसे बड़ी पूंजी निरोगी काया कर्मचारियों व समाज का स्वास्थ्य सर्वोपरि - विकास अग्रवाल




**खरसिया,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। उद्योग केवल उत्पादन का केंद्र नहीं होते, बल्कि सामाजिक सेवा क्षेत्र के उत्थान एवं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के सशक्त माध्यम भी होते है स्वस्थ शरीर मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है इसे ध्यान में रखते हुए जब कंपनी प्रबंधन अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए कर्मचारियों एवं आसपास के समाज के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, तो वह न केवल औद्योगिक विकास, बल्कि सामाजिक उत्थान की दिशा में भी एक मजबूत कदम उठाता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड के संयंत्र परिसर में 24 अप्रैल को नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ईएसआईसी विभाग, भूपदेवपुर के योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार नवरंग (चकित्सा अधिकारी, भूपदेवपुर) एवं डॉ. विनोद दर्शन (चिकित्सा अधिकारी, भूपदेवपुर), उनकी सहयोगी टीम तथा संयंत्र के स्टाफ की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की इनकी टीम ने सेवा भाव से लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं रोगों की पहचान कर नि:शुल्क दवाएं प्रदान की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल कहा कि यह शिविर हमारे संगठन की उस मूल भावना का प्रतीक है जिसमें हम मानते हैं कि कर्मियों और समाज का स्वास्थ्य सर्वोपरि है, एक स्वस्थ कार्यबल ही किसी भी संस्थान की असली संपत्ति होता है, कंपनी प्रबंधन को गर्व है कि वे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी इसी भावना के साथ स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे। ईएसआईसी भूपदेवपुर टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी सेवा भावना से यह शिविर सफल हो सका। इस आयोजन के अंतर्गत उच्च रक्तचाप, मधुमेह, श्वसन संबंधी रोग, त्वचा विकार, नेत्र समस्याएं आदि की जाँच की गई । इस शिविर में वितरित की गई सभी औषधियाँ ईएसआईसी विभाग, भूपदेवपुर एवं कंपनी प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

## अभा अघरिया क्षेत्रीय समिति के वार्षिक सम्मेलन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान



**डभरा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र डभरा के वार्षिक सम्मेलन व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन कृष्णा पैलेस डभरा में आयोजित किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्रीमती ऊषा पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं ओमप्रकाश पटेल बबलू क्षेत्रीय अध्यक्ष डभरा की अध्यक्षता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष सक्ती कमल किशोर पटेल के संयोजकता में किया गया।

वही स्थानीय निकायों में अघरिया समाज के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य पार्षद,सरपंच और पंच के चुनावों में साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाज के ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना से हुआ।इसके बाद उपस्थित समस्त मंचस्थ अतिथियों का फूलमाला और पुष्पगुच्छ से स्वागत क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने किया। अपने स्वागत भाषण में क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल बबलू ने उपस्थित समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथियों के उद्बोधन के बीच बीच में विभिन्न जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष जिला पंचायत कमल किशोर पटेल ने क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों को कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु सी एस आर और डी एम एफ मद में करोड़ों की राशि होती है उसको हासिल कर अपने क्षेत्र के विकास में लगाएं। उन्होंने कहा कि अघरिया समाज के ग्राम पंचायत में सरपंच चुने गए हैं उन ग्राम पंचायतों में बोरवेल लगाने की घोषणा की।अखिल भारतीय अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऊषा पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज के अघरिया समाज के लोगों का नाम मुख्य रूप से कृषि के क्षेत्र में सम्मान के साथ लिया जाता है।समाज के लोग व्यवसाय, राजनीति के क्षेत्र में भी बहुत आगे आ गए हैं। हमें समाज की कुरीतियों को दूर करते हुए समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।इसके उपरांत मंचस्थ समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ संरक्षक गण विभिन्न क्षेत्रों के उपस्थित पदाधिकारीगण और डभरा क्षेत्रीय समिति के समस्त पदाधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले का आभार प्रदर्शन डभरा क्षेत्रीय महासचिव ओमप्रकाश पटेल ने किया।कार्यक्रम का सफल संचालन विनोद पटेल और इंद्रकुमार पटेल ने किया ।

# देश विदेश

## बांग्लादेश में बीएनपी-आवामी लीग के बीच वर्चस्व की लड़ाई

**ढाका,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हबीगंज के नौगांव गांव में हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। सिलहट उस्मानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी नेता अख्तर मियां और अवामी लीग के शाहजहां मियां के समर्थकों के बीच क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर लंबे समय से तनाव बढ़ रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्ष के समर्थकों ने कथित तौर पर हिंसक झड़प की। यह टकराव लगभग दो घंटे तक चला।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, कहा

# आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरा

**सुरक्षा परिषद ने सभी सदस्य देशों से दायित्वों को निभाने का किया आग्रह**

**संयुक्त राष्ट्र,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। परिषद के सदस्यों ने आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले आयोजकों, आरोपियों और वित्तपोषकों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों को गोलियों से भून दिया गया था।

15 सदस्य देशों वाली सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को जारी अपने एक प्रेस वक्तव्य में दोहराया कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। सदस्य देशों ने इस हमले के पीड़ित परिजनों, भारत और नेपाल सरकार के साथ गहरी सहानुभूति और संवेदना प्रकट की है। उन्होंने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सुरक्षा परिषद ने सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के अनुरूप तयशुदा दायित्वों को निभाने का आग्रह किया है। साथ ही, सभी



प्रशासनिक एजेंसियों (प्रासंगिक) के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किए जाने पर बल दिया है। परिषद ने ध्यान दिलाया कि कोई भी आतंकी कृत्य आपराधिक है और इसे न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता, चाहे उसे किसी ने कहीं भी, किसी भी मंशा से अंजाम दिया हो। काउंसिल ने कहा कि आतंकवादी हमलों से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पनपते खतरों से सभी देशों को निपटने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानूनों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों, अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी कानूनों, और मानवतावादी कानूनों के अनुरूप की जानी चाहिए। स्टीफन दुजैरिक ने कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की है।


## ट्रंप ने भारत-पाक तनाव पर मध्यस्थता की भूमिका से किया इनकार



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रहे तनाव में अमेरिका की किसी भूमिका से इनकार कर दिया। यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। ट्रंप ने कहा कि दोनों देश इस मसले को किसी न किसी तरह सुलझा लेंगे। ट्रंप पहले अपने कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन जब उनसे रोम जाते समय पत्रकारों ने पूछा कि क्या वे इस मुद्दे पर चिंतित हैं और क्या वे दोनों देशों के नेताओं से बात करेंगे, तो उन्होंने इस बार मध्यस्थता की पेशकश नहीं की। रोम में वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव 1500 साल से चल रहा है। हालांकि, यह ऐतिहासिक रूप से अतिशयोक्ति है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि दोनों नेता इसे सुलझा लेंगे। मैं दोनों को जानता हूं। भारत हमेशा से अपनी सीमा विवादों में बाहरी मध्यस्थता के खिलाफ रहा है, चाहे वह पाकिस्तान के साथ हो या चीन के साथ।

## ईरान का भारत-पाकिस्तान को दोस्ती का पैगाम



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इस बीच ईरान ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। तेहरान ने 13वीं सदी के एक महान फारसी कवि की कविता का हवाला देते हुए कहा कि वह क्षेत्र में तनाव कम करने में मदद करने को तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भारत और पाकिस्तान को भाई जैसे पड़ोसी बताया। अराघची ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ईरान के भाई जैसे पड़ोसी हैं, जिनके बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। अन्य पड़ोसियों की तरह, हम उन्हें अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। तेहरान इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपने अच्छे कार्यालयों का उपयोग करने के लिए तैयार है।

## सुडोकू 6895

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 27 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ किसी खास कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उत्साह के साथ नए कार्य की शुरूआत करेंगे। इस दौरान अति उत्साह से हानि न हो इसका ध्यान रखें।

वृषभ - शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है। परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। इससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

मिथुन - परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विवाह योग्य जातकों के रिश्ता पक्का होने के योग है। मित्रों से विशेष लाभ होगा।

कर्क - नौकरी व्यवसाय के क्षेत्र में उच्च पदाधिकारियों के प्रोत्साहन से आपका उत्साह दुगुना होगा। वेतन वृद्धि या पदोन्नति की सूचना मिल सकती है। माता तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अधिक निकटता रहेगी।

सिंह - आज का दिन धार्मिक कामों में गुजरने वाला है। परिजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज पहले हाथ में आए काम को पूरा करें, फिर दूसरे काम की ओर बढ़ें। गुस्से पर संयम रखें।

कन्या - आज नए काम की शुरुआत न करें। क्रोध और वाणी पर संयम रखना आवश्यक होगा। बाहरी खाद्य पदार्थ खाने से तबीयत खराब होने की संभावना है। उनका सेवन न करें।

तुला - दैनिक कामों के बोझ से हल्का होने के लिए आज आप पार्टी, सिनेमा, नाटक या पर्यटन का आयोजन करेंगे। मित्रों को आमंत्रित करेंगे। किसी खास मित्र के साथ से आनंदित महसूस करेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन हर तरह से सुखमय गुजरेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

धनु - यात्रा- प्रवास का आयोजन स्थगित रखें। कार्य निष्फलता से हताशा हो सकती है। इससे आपको क्रोध होगा। क्रोध को नियंत्रण रखने से बात अधिक नहीं बिगड़ेगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी।

मकर - प्रतिकूलताओं का सामना करें। पारिवारिक क्लेश आपके मन को व्यथित करेंगे। माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति मान- प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

कुंभ - आज आपका मन बहुत राहत महसूस करेगा। शारीरिक स्वस्थता आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पड़ोसियों और भाई बहनों के साथ अधिक मेल-मिलाप रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहियों का आगमन आनंददायी बनेगा।

मीन - आज का दिन आर्थिक योजना बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आप जो काम पूरा करने का निश्चय करेंगे, उसे पूरा कर सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। आपकी आय भी बढ़ेगी। सुंदर स्थान पर प्रवास पर जाने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# पाक सेना प्रमुख ने फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग

**इस्लामाबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।

मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं - में हिंदुओं से अलग हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का अस्तित्व अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा करना देश के सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। मुनीर ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बलिदान दिया। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। इस सभा को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले की किसी



**मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच व आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं : जनरल सैयद असीम मुनीर**

भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।

आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है।

यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया हो। पहलगाम में जघन्य हमले से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया था।

16 अप्रैल को इस्लामाबाद में मुनीर ने पीएम शरीफ की मौजूदगी में ही प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा था कि वे यह न भूलें कि वे एक उच्च विचारधारा और संस्कृति से जुड़े हैं। पाक सेना प्रमुख ने कहा कि आपको अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर बतानी चाहिए। हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम जीवन के हर पहलू में हिंदुओं से अलग हैं। हमारे धर्म, हमारे रीति-रिवाज, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी आधार पर दो-राष्ट्र सिद्धांत की नींव रखी गई थी।

भारत ने तत्काल ही पाक सेना प्रमुख पर निशाना साधा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 17 अप्रैल को नई दिल्ली में एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा, देखिए, कोई विदेशी चीज उनके गले की नस कैसे बन सकती है? यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान के साथ इसका एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली करना है।

## भारत के साथ खड़े होने का समय : रॉबर्ट जॉन ब्लैकमैन

**लंदन,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटिश सांसद रॉबर्ट जॉन ब्लैकमैन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया को आतंकवाद को खत्म करने की कोशिश में भारत का साथ देना चाहिए।



हैरो ईस्ट से सांसद ने कहा कि स्पष्ट रूप से, प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर बहुत ही कड़ा बयान दिया है। सच्चाई यह है कि इन आतंकवादियों और उन सभी लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्होंने उनका समर्थन किया। यह भारत के खिलाफ एक संगठित आक्रमण है जिसका उद्देश्य जानबूझकर कश्मीर में पर्यटन सीजन को बाधित करना है। अपराधियों को दंडित करना ही होगा। ब्लैकमैन ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होने का वक्त है। उन्हें भारत में सभी विपक्षी दलों का समर्थन हासिल है। अब पश्चिम की सरकारों को एकजुट होना चाहिए और जरूरत के समय भारत का समर्थन करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद का यह खतरा हमेशा के लिए खत्म हो जाए। सांसद ने कहा कि इस जघन्य हमले की वजह से दुनिया की साहनुभूति भारत के साथ है।

## पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों की स्थिति हो रही बदतर : यूएससीआईआरएफ

**न्यूयॉर्क,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते धार्मिक और राजनीतिक भय, असहिष्णुता और हिंसा के माहौल को देखते हुए, अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

आयोग ने अमेरिकी सरकार से आग्रह किया कि वह पाकिस्तानी अधिकारियों और एजेंसियों पर प्रतिबंध लगाए जो उस देश में धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार हैं। इसके अलावा, उनकी संपत्तियां जब्त की जाएं और अमेरिका में उनके प्रवेश पर रोक लगाई जाए।


धार्मिक स्वतंत्रता निकाय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से ईसाई, हिंदू, और शिया और अहमदिया मुस्लिम, पाकिस्तान के कठोर ईशनिंदा कानून के तहत




उत्पीड़न का मुख्य शिकार बने रहे। वे पुलिस और भीड़ की हिंसा का सामना कर रहे हैं। ऐसी हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को शायद ही कभी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

इन बार-बार होने वाली घटनाओं का मुकाबला करने के लिए, आयोग ने सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान को विशेष चिंता का देश (सीपीसी) के रूप में फिर से नामित करे, क्योंकि वहां धार्मिक स्वतंत्रता का व्यवस्थित, निरंतर और गंभीर उल्लंघन हो रहा है।

## वर्ग पहेली 6895



**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6894

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रे | मा | २ ला | प | ■ | ■ | ३ ब | लि | ४ हा | री |
| क्षा | ■ | भ | ■ | ५ व | जू | द | ■ | हा | ■ |
| ६ गा | य | क | ■ | ज | ■ | ७ त | र | का | री |
| र | ■ | ८ र | ९ ज | नी | क | र | ■ | र | ■ |
| ■ | १० प | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ स्वा | ■ | १२ ऋ |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | प | र्ण |
| ■ | ण | ■ | १६ त | ह | म | त | ■ | ■ | मु |
| १७ प्र | ति | ज्ञा | ■ | ■ | द | ■ | १८ सं | १९ यु | क्त |
| शं | ■ | ■ | २० प्रा | र्थ | नी | २१ य | ■ | व | ■ |
| २२ सा | धा | र | ण | ■ | ■ | २३ दि | वा | क | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6895 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 |

## आज का इतिहास

1526 - मुगल शासक बाबर दिल्ली के सुल्तान को पराजित कर नया बादशाह बना।
1662 - नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
1748 - मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन हुआ।
1878 - कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिए पहली मंजूरी दी।
1908 - लंदन में चौथे ओलंपिक खेल शुरू हुए।
1941 - जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।
1942 - अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोग मारे गए।
1960 - नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।
1961 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिए पृथ्वी की कक्षा में एक्सप्लोरर 11 लांच किया।
1961 - सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
1963 - क्यूबा के तत्कालीन प्रधानमंत्री फिदेल कास्त्रो रूस की अपनी यात्रा के दौरान राजधानी मॉस्को पहुंचे।
2011 - अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्म को लेकर हुए विवाद के बाद सार्वजनिक तौर पर जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति जारी की।
2012 - यूक्रेन के दिनप्रोपेत्रोव्स्क में चार धमाकों में 27 मरे।

**मामला** पीओके के मुजफ्फराबाद में फ्लड अलर्ट जारी होने पर पाक ने कहा

# बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ना भारत की चाल

**इस्लामाबाद, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में शनिवार को फ्लड अलर्ट जारी किया गया। दरअसल शनिवार दोपहर झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी अधिकारियों को बिना कोई सूचना दिए भारत की ओर से पानी छोड़ा गया। चकोठी सीमा से मुजफ्फराबाद तक झेलम नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों ने जल स्तर में तेज वृद्धि देखी, जिससे बाढ़ आने का खतरा पैदा हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ना भारत की चाल है।**

इस सप्ताह की शुरुआत में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने की एक कोशिश है। मुजफ्फराबाद में स्थानीय प्रशासन ने झेलम नदी के जल स्तर में अचानक वृद्धि की पुष्टि की। इसके चलते पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हट्टियन बाला क्षेत्र में जल आपातकाल की घोषणा कर दी गई।

हट्टियन बाला, गारी दुपट्टा, मझोई और मुजफ्फराबाद के स्थानीय लोगों ने जलस्तर बढ़ने की पुष्टि की। लोगों ने बताया कि मस्जिदों में चेतावनी भरी घोषणाएं की गई, जिनमें झेलम नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया। घारी दुपट्टा के एक निवासी ने कहा कि चेतावनी भरी घोषणाओं ने नदी के किनारे रहने



- **हट्टियन बाला क्षेत्र में जल आपातकाल की घोषणा**
- **झेलम नदी के किनारे रहने वालों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा**

वाले निवासियों में दहशत पैदा कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, पानी भारत के अनंतनाग से चकोठी क्षेत्र के जरिए प्रवेश कर गया।

राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि यह अप्रत्याशित था, लेकिन सिंधु जल संधि को स्थगित करने की भारत की हालिया धमकी के बाद ऐसा होना तय था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस्लामाबाद को सूचित किए बिना झेलम नदी में पानी खोलने के भारत के कदम से दोनों पड़ोसियों के बीच चल रहे तनाव में वृद्धि हो सकती है।

सिद्दीकी ने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) तीन युद्धों और पाकिस्तान तथा भारत के बीच कई क्षेत्रीय विवादों के बीच भी जारी रही। फिर भी, भारत अब लंबे समय से चले आ रहे इस समझौते से बाहर निकलने के लिए तैयार है। इससे पहले दिन में, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहलगाम घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की पेशकश की। वहीं ईरान और सऊदी अरब ने तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की।

## दुनिया को जानें

### चीन ने पहली बार पृथ्वी-चंद्रमा दूरी-पैमाने पर उपग्रह लेजर रेंजिंग में सफलता प्राप्त की

**बीजिंग,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी विज्ञान अकादमी (सीएएस) के अंतरिक्ष अनुप्रयोग इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएसयू) के मुताबिक, सीएएस की 'पृथ्वी-चंद्रमा अंतरिक्ष में डीआरओ अन्वेषण अनुसंधान' परियोजना टीम ने डीआरओ-ए उपग्रह एकल-कोने वाले शंकु परावर्तक और 1.2 मीटर व्यास वाले टेलीस्कोप ग्राउंड लेजर रेंजिंग प्रणाली के माध्यम से लगभग 3.5 लाख किलोमीटर की दूरी पर एक नई उपग्रह लेजर रेंजिंग तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह पहली बार है कि चीन ने पृथ्वी-चंद्रमा दूरी पैमाने पर उपग्रह लेजर रेंजिंग में सफलता प्राप्त की है।

इस नई प्रौद्योगिकी प्रयोग का आयोजन व कार्यान्वयन सीएएस के सीएसयू द्वारा किया गया। शांगहाई खगोलीय वेधशाला उपग्रह-जनित परावर्तक के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है, युन्नान खगोलीय वेधशाला भू-आधारित लेजर रेंजिंग प्रणाली के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है और चीन का सूक्ष्म उपग्रह नवप्रवर्तन अनुसंधान संस्थान उपग्रह प्लेटफॉर्म के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है।

# खेल जगत

## आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है : रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूर्नामेंट में 300 रन बनना भी संभव है। आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरुआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है। रिंकू ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं। आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है; पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं।



# डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के नौ मैचों में लगातार दूसरे और पांचवें अर्द्धशतक की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

■ सभी निगाहें आरसीबी के विराट व दिल्ली के केएल राहुल पर

(आरसीबी) के हौसले आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी और कुल छठी जीत से बुलंद हैं। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स से अपने घर में मिली छह विकेट की हार का हिसाब चुकता करना है तो विराट कोहली को अपने दिल्ली के घरेलू मैदान पर वैसी ही बड़ी पारी खेलनी जैसी कि केएल राहुल ने बेंगलुरु के अपने घरेलू मैदान पर 93* रन की खेली थी। आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के समान रूप से 12-12 अंक है लेकिन एक मैच कम खेलने अपनी बेहतर नेट रन नेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स दूसरे स्थान पर है। आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले पांच में तीन मैच जीते है और अपने घर बेंगलुरू सहित दो मैच हारे हैं। मैच के नतीजे में आरसीबी के विराट कोहली और दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल का बल्ले प्रदर्शन खासा अहम रहने वाला है। विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बना ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर हैं। कोहली ने इसी फिरोजशाह कोटला मैदान पर क्रिकेट खेल बड़े हुए हैं और इस पर दस पारियों में483 रन बनाए हैं। विराइ फिरोजशाह कोटला मैदान एक और बड़ी पारी खेल कर अपनी टीम को जिताने को बेताब होंगे। दिल्ली के एक अच्छी बात यह है कि आरसीबी के सबसे कामयाब तेज गेदबाज हेजलवुड के खिलाफ पर पांच पारियों में मात्र एक बार आउट हुए है। वही आरसीबी के धुरंधर बल्लेबाज विराट काहली ने इस सीजन में जिन मैचों में अर्द्धशतक जड़े हैं उनमें टीम जीती है। दिल्ली कैपिटल्स के फिरोजशाह कोटला पर इस सीजन में खेले दोनों मैच बड़े स्कोर वाले रहे है। दिल्ली के लिए उसके दोनों लेग स्पिनर कुलदीप यादव और विपराज निगम ने गेंद को फ्लाइट कराने के साथ घुमा कर खासी कामयाबी हासिल की है।



### अपनी फील्डिंग और चुस्त करने की जरूरत : अक्षर



हम पॉवरप्ले में विकेट नहीं ले पाए लेकिन हमने मैच पर काबू बनाए रखा। मैच को अपने हाथ से निकलने नहीं दिया। हमने कुछ विकेट चटका वापसी की और कुछ विकेट चटका लखनउ का 16 पर रोक दिया।पहले चोट के चलते मेरी गेंदबाज प्रभावित हुई। अब में बेहतर महसस कर रहा हू। मैंने इसमें पॉवरप्ले में गेंदबाजी की और लय में महसूस किया,हमारा ध्यान पिच और मैच अप पर था। हम अपनी फील्डिंग बेहतर कर सकते हैं। हमें अपनी फील्डिंग और चुस्त करने कीजरूरत है।

### कोहली की विराट फार्म से भी जूझेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूद सत्र में अब तक 392 रन ठोक चुके विराट कोहली की शानदार फॉर्म रविवार को यहां मेजबान दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अभियान का अहम हिस्सा होगी।



अरुण जेटली स्टेडियम में कल शाम आईपीएल की दो शीर्ष टीमें आमने सामने होंगी। कोहली की शीर्ष पर निरंतरता आरसीबी के हालिया प्रदर्शन का आधार रही है, जिससे टीम को अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत मिली है। कोहली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 70 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। कप्तान रजत पाटीदार इस लय का फायदा उठाने और दिल्ली के खिलाफ टीम के मजबूत रिकॉर्ड को जारी रखने की कोशिश करेंगे, जिसने दोनों टीमों के बीच पिछले सात मुकाबलों में से पांच में जीत दर्ज की है। दिल्ली को अपने खुद के प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी होगी, जिसने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 8 विकेट से जोरदार जीत दर्ज की है। कप्तान अक्षर पटेल फॉर्म में चल रहे केएल राहुल और अभिषेक पोरेल पर भरोसा करेंगे, जिन्होंने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

# वानखेड़े में एलएसजी के खिलाफ नए आत्मविश्वास से उतरेगी मुंबई

■ मुंबई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं

■ रोहित ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है



**मुंबई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चार मैचों में शानदार जीत से उत्साहित मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ नये आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

यह मैच मुंबई के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मुबंई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं वहीं एलएसजी ने इस सीजन में असंगत प्रदर्शन किया है और वह पांच जीत और चार हार के साथ छठे स्थान पर है। मुंबई की वापसी काफी हद तक उनके प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म की वजह से है। सीजन की धीमी शुरुआत के बावजूद, एमआई ने हाल के मैचों में अपनी किस्मत बदल दी है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाइयों ने सही समय पर काम करना शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है। उनके हालिया प्रदर्शनों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 46 गेंदों पर 70 रन की पारी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। रोहित से मुंबई की निरंतर सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इस बीच, सूर्यकुमार यादव धमाकेदार फॉर्म में हैं। नौ मैचों में 62.16 की औसत और 166.51 की स्ट्राइक रेट से 373 रन बनाने के साथ, सूर्यकुमार मुंबई के मध्य क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन गए हैं। उनका योगदान अमूल्य रहा है, खासकर पिछले मैच में 19 गेंदों पर उनकी तेज तर्रार 40 रन की नाबाद पारी निर्णायक साबित हुयी थी। पलक झपकते ही खेल को पलटने की उनकी क्षमता उन्हें इस आईपीएल के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक बनाती है।

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने भी बल्ले और गेंद से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। टूर्नामेंट में 12 विकेट लेने के साथ, पांड्या डेथ ओवरों में एक विश्वसनीय विकल्प रहे हैं, जिससे बहुत जरूरी सफलताएं मिली हैं। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की अगुआई में एमआई का गेंदबाजी आक्रमण लीग में सबसे मजबूत में से एक है। बॉल को दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता के साथ, बोल्ट ने हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में 4-26 के आंकड़े के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। अपनी सटीकता और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले बुमराह ने मुंबई के आक्रमण में नियंत्रण की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है। इसके विपरीत, लखनऊ सुपर जायंट्स को स्थिरता पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, खासकर उनके गेंदबाजी आक्रमण में। हालांकि उनके शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी कई बार ठोस रही है, लेकिन उनका समग्र प्रदर्शन आश्वस्त करने वाला नहीं रहा है। मिचेल मार्श बल्ले से अहम खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने आठ मैचों में 160.74 की स्ट्राइक रेट से 344 रन बनाए हैं। इस सीजन में उनके चार अर्द्धशतक लखनऊ के लिए अहम रहे हैं, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजी लाइनअप से समर्थन की जरूरत होगी, खासकर निकोलस पूरन, जो कई बार विस्फोटक रहे हैं, उन्होंने 204.89 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 377 रन बनाए हैं।

# धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी

**चेन्नई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार के बाद, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दावा किया कि चेन्नई सुपर किंग्स ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम ने कई समस्याओं का सामना किया है, लेकिन शायद उनमें से सबसे बड़ी समस्या उनका लगातार कम स्कोर है। पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे, मिड-सीजन में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस और दीपक हुड्डा द्वारा देर से किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज फिर से लड़खड़ा गए और केवल 154 रन ही बना पाए। दूसरे हाफ में कुछ पल के लिए खेल को अपने पक्ष में करने के बावजूद, यह स्कोर बहुत कम साबित हुआ और उन्हें लगातार चौथी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा। एमएस धोनी ने मैच के बाद कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में, अगर आपके पास एक या दो क्षेत्र हैं जहां आप कमियों को दूर कर सकते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन अगर आपके अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है, क्योंकि आपको कुछ बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन अगर अधिकांश अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो आप उन खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच खेलने देते हैं।



### सीएसके अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने के लिए अब बहुत सतर्क होगी : रायडू

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की आईपीएल 2025 में हार का सिलसिला जारी है। हाल ही में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी। इस पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू ने कहा कि अब सीएसके टी-20 क्रिकेट की बदलती शैली के अनुसार खुद को ढालने में ज्यादा सतर्क रहेगी। एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके ने अपनी टीम में कुछ बदलाव किए, लेकिन फिर भी जीत नहीं मिली और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर ही बनी रही।

# युवा खिलाड़ियों की निडरता से रवि शास्त्री प्रभावित

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह का भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना तय है। महज 17 वर्षीय म्हात्रे को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने चोटिल कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया था और उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 30 और 32 रन बनाते हुए अपने बोल्ड स्ट्रोकप्ले से प्रशंसकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। मुंबई में दूसरी रात मुंबई इंडियंस के खिलाफ आयुष म्हात्रे ने जो शॉट खेले, वे तीन शॉट जिस तरह से उन्होंने शानदार शुरुआत की, एक 17 वर्षीय के लिए अविश्वसनीय शॉट, एक स्टार-स्टडेड मुंबई इंडियंस लाइन-अप के खिलाफ और उस अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करने के लिए, उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि आयुष म्हात्रे का भविष्य है। जब मैं उसे देखता हूं, तो उसके द्वारा खेले गए कुछ शॉट्स, मुझे लगता है कि अगर उसे सही तरीके से संभाला जाए और सही तरह के लोगों के साथ हो, तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो बहुत आगे तक जा सकता है। दूसरी ओर, 14 वर्षीय सूर्यवंशी, जो आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए 34 और 16 के स्कोर से प्रभावित किया, जिसमें आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को क्का लगाना भी शामिल है।



## सार संक्षेप

### ओलंपिक चैम्पियन झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड।** चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 4 मिनट तक चले मैच में रूस की अनस्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ 64 में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूर्नामेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग वाली पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग की मुख्य समस्या उनकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 4 प्रतिशत अंक ही जीत पाईं, जबकि पोटापोवा ने बहुत अधिक निरंतरता दिखाई, उन्होंने पहले सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा। झेंग ने तब निर्णायक मोड़ पाया जब उसने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी।

### यूपी की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम कर्नाटक रवाना

**लखनऊ।** वाराणसी की काजल पटेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम आगामी 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए शनिवार को कर्नाटक के लिये रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति के बाद चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की।उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछली चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और इस बार उम्मीद है कि टीम अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए प्रदेश का परचम लहराएगी। 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप कर्नाटक के मंड्या जिले में 3 अप्रैल से 4 मई 225 तक आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को कर्नाटक के लिए रवाना हो चुकी है।

# केकेआर और पंजाब के समर्थन में आए प्रशंसक

**कोलकाता,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा जिसके लिए केकेआर के प्रशंसक बड़ी संख्या में पहुंच चुके हैं, हालांकि पंजाब के प्रशंसकों ने भी उम्मीद जताई है।



केकेआर के समर्थक रोहित कुमार ने कहा कि मैं केकेआर का समर्थन कर रहा हूं। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। मैं कोलकाता के इस बेहतरीन खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानता हूं। उसे खेलना आता है। लेकिन मैं चाहता हूं कि आज केकेआर जीते, टीम के जीतने में वेंकटेश अय्यर और सुनील नारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी क्योंकि दोनों बढ़िया खेल रहे हैं। एक अन्य प्रशंसक ओवैस ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आज केकेआर जीतेगी और मैं यह देखने आया हूं। पंजाब टीम के प्रशंसक भी अपनी टीम के प्रति गहरा समर्थन व्यक्त कर रहे हैं। एक प्रशंसक अमरदीप कुमार केसरी ने कहा कि यह मैच ज्यादा जोशपूर्ण और आनंददायक होगा। श्रेयश अय्यर अच्छा खेलेंगे। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। एक समर्थक सुशील कुमार चौहान ने कहा कि मैं आज पंजाब का समर्थन कर रहा हूं।

# वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में चरनी के प्रदर्शन पर रहेगी नजर : हरमनप्रीत कौर

**कोलंबो,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में कैसा प्रदर्शन करती हैं, जहां टीम रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगी। आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले से आने वाली चरनी ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए दो मैचों में चार विकेट लेकर ध्यान आकर्षित किया, जहां रन फ्लो को नियंत्रित करने और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को चकमा देने की उनकी क्षमता सबसे अलग थी। बाद में उन्होंने देहरादून में सीनियर महिला मल्टी-डे चैलेंजर ट्रॉफी के तीन मैचों में नौ विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया। हरमनप्रीत ने शनिवार को प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके। मैं व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वह इस खास टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करने जा रही है। त्रिकोणीय सीरीज, जिसमें तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है, भारत के लिए इस साल के अंत में होने वाले घरेलू वनडे विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत है। यह सीरीज विश्व कप से पहले हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि यह हमारे लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलने और उस अनुभव को प्राप्त करने का एक शानदार अवसर है।



चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके : हरमनप्रीत

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम पहले मैच में 3-5 से हारी

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन शनिवार को पर्थ के पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 से हार गई। भारत ने महिमा टेटे (27%), नवनीत कौर (45%) और लालरेम्सियामी (50%) के माध्यम से गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए नेसा फ्लिन (3%), ओलिविया डाउन्स (9%), रूबी हैरिस (11%), टैटम स्टीवर्ट (21%) और केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44%) ने गोल किए। मैच की शुरुआत बहुत ही शानदार रही, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और नेसा फ्लिन (3%) द्वारा बनाए गए बेहतरीन फील्ड गोल के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा और ओलिविया डाउन्स (9') और रूबी हैरिस (11') ने डिफेंसिव खामियों का फायदा उठाते हुए दो और फील्ड गोल किए, जिससे पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा।

# योगासन में उत्कृष्टता का जश्न : दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप का उद्घाटन कल के. डी. जाधव इंडोर रेसलिंग हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े उत्साह और उमंग के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन योगासन भारत ने युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से किया है। इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मनाने का यह अद्वितीय अवसर है। इस उद्घाटन समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता, मुख्य अतिथि के रूप में और भारत सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप की ऊर्जा को देखना मुझे खुशी से भर देता है। मैं योगासन भारत को इस ऐतिहासिक चैम्पियनशिप के लिए बधाई देती हूं और इंद्रप्रस्थ योगासन के प्रयासों को सराहती हूं। मैं 20 देशों के सभी खिलाड़ियों, यहां मौजूद 200 से अधिक एथलीटों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह चैम्पियनशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत, एशिया और दुनिया के लिए योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में मनाने की नई शुरुआत है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में इस जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना एक प्रेरणादायक अनुभव है। भारत का ज्ञान, विज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एक बार फिर हमारी वैश्विक पहचान को नया रूप दे रही है। हम योगासन को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की और अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप्स भारत में आयोजित करने का समर्थन करते हैं। मुझे विश्वास है कि आगामी चैम्पियनशिप्स में भारत की सफलता हमारी गहरी संस्कृति और परंपराओं का प्रतिबिंब बनेगी।





■ इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.361 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.392 |

# साहित्य

व्यंग्य

# असहमत

■ हरिशंकर परसाई



> कोई घटना होती है तो वह उसके बारे में एक दृष्टिकोण बना लेता है और उससे उसका उल्टा दृष्टिकोण पहले ही मन में हमारे ऊपर मढ़ देता है। फिर वह हमसे उस आरोपित दृष्टिकोण के लिए नफ़रत करता है। नफ़रत इतनी इकट्ठी हो जाती है कि वह उस घटना के लिए ज़िम्मेदार भी हमें मान लेता है। चीन ने भारत को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया तो उसे लगा, जैसे अल्टीमेटम हमने दिया हो। बस्तर में आदिवासियों पर गोली हमने ही

यह सिर्फ़ दो आदमियों की बातचीत है –

'भारतीय सेना लाहौर की तरफ़ बढ़ गई– अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके।'

'हाँ, सुना तो। छम्ब में पाकिस्तानी सेना को रोकने के लिए यह ज़रुरी है।'

'खाक ज़रूरी है! जहाँ वे लड़ें, वहां लड़ना चाहिए या हर कहीं घुसना चाहिए?'

'हाँ उधर नहीं बढ़ना था।'

'मगर मैं कहता हूँ क्यों नहीं बढ़ना था? उधर से दबाव पड़ेगा तो इधर तुम्हारे बाप रोक सकते हैं उन्हें?'

'फिर तो उधर बढ़ना ही ठीक हुआ।'

'ठीक हुआ! ठीक हुआ! कुछ समझते भी हो इसका क्या मतलब होता है? इसका मतलब होता है – टोटल वार! पूर्ण युद्ध! हमला!'

'हाँ जी, यह तो हमला जैसा ही हो गया।'

'मगर मैं कहता हूँ, जो इसे हमला कहता है, वह बेवक़ूफ़ है। हम तो हमले का मुक़ाबला करने के लिए बढे हैं।'

'इस दृष्टि से तो हमारा बढ़ना सुरक्षात्मक कार्रवाई हुआ।'

'मगर सुरक्षात्मक कार्रवाई कहकर तुम दुनिया की नज़रों में धूल नहीं झोंक सकते जो हुआ है, वह सबको दिख रहा है।'

'हाँ, विल्सन ने तो ऐसा कुछ कहा भी है।'

'तुम विल्सन के कहने की परवाह क्यों करते हो? जो तुम्हें सही दिखे, करो।'

'बिलकुल ठीक है। जो देश के हित में हो, वही हमें करना चाहिए।'

'देशहित की बात करते हो! देशहित कोई समझता भी है? सिर्फ़ देशहित देखोगे या अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया का भी ख्याल रखोगे?'

'ठीक कहते हो। आज की दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया देखना भी ज़रूरी है।'

'मगर मैं कहता हूँ, अंतर्राष्ट्रीय रुख ही देखते रहोगे या देश के भले की भी कुछ सोचोगे? अंतर्राष्ट्रीयता की धुन में ही तो तुम लोगों ने देश को गर्त में डाल रखा है।'

इस बातचीत में जो लगातार सहमत होने की कोशिश करता रहा, वह मैं हूँ। मैं उससे बहस नहीं करता, मतभेद ज़ाहिर नहीं करता, सिर्फ़ सहमत होना चाहता हूँ। पर वह सहमत होने नहीं देता। वह कभी किसी को सहमत नहीं होने देता। अगर कोई सहमत होने लगता है तो वह झट से असहमति पर पहुँच जाता है। सहमति से भी वह नाराज़ होता है और असहमति से भी। पर असहमति का विस्फोट बड़ा भयंकर होता है। इसलिए मैं सहमत होते-होते निकल जाता हूँ, जैसे आंधी आने पर आदमी ज़मीन पर लेट जाये। उसने मेरी तरफ़ देखा। मैं कुछ नहीं बोला। दूसरी तरफ़ देखने लगा। वह खिसियाया– कैसे बेवक़ूफ़ से पाला पड़ा है! खीजा-कैसे बेईमान लोग हैं। क्रोधित हुआ– सबको देखूँगा! तना– मैं किसी की परवाह नहीं करता! ढीला हुआ– कैसा दुर्भाग्य है! दुखी हुआ-ऐसों की चलती है, मेरी नहीं चलती, मन में फिर तनाव आया। वह अँगुलियों के कटाव गिनता हुआ जल्दी-जल्दी चला गया।

सारी दुनिया ग़लत है। सिर्फ़ मैं सही हूँ, यह अहसास बहुत दु:ख देता है। इस अहसास में आगे की अपेक्षा होती है कि मुझे सही होने का श्रेय मिले, मान्यता मिले, क़ीमत भी मिले। दुनिया को इतनी फ़ुर्सत होती नहीं है कि वह किसी कोने में बैठे उस आदमी को मान्यता देती जाए जो सिर्फ़ अपने को हमेशा सही मानता है। उसकी अवहेलना होती है।

अब सही आदमी क्या करे। वह सबसे नफ़रत करता है। खीजा रहता है। दु:ख भरे तनाव में दिन गुज़ारता है। इसकी दुनिया से इसी तरह की लड़ाई है। पर वह मुझसे ही क्यों उलझता है? हर बार मुझे ही ग़लत क्यों सिद्ध करता है? बात यह है कि पूरी दुनिया से एक साथ लड़ा नहीं जा सकता। दुनिया के हज़ारों मोर्चे हैं और करोड़ों लड़ने वाले हैं। मगर दो देशों की लड़ाई में पूरे देश आपस में नहीं लड़ते। सिपाही से सिपाही लड़ता है। लड़ने के मुआमले में सिपाही देश का प्रतिनिधि होता है। उन कुछ लोगों को, जिनसे उसकी अक्सर भेंट होती है, उसने दुनिया का प्रतिनिधि मान लिया है। इनमें भी सबसे ज़्यादा मुलाक़ात मुझसे होती है, इसलिए इन कुछ का प्रतिनिधि मैं हुआ। इस तरह दुनिया का प्रतिनिधि मैं बन गया। मुझे ग़लत बताता है तो दुनिया ग़लत होती है। मुझे गाली देता है तो दुनिया को गाली लगती है। मुझ पर नाराज़ होता है तो दुनिया पर नाराज़गी ज़ाहिर होती है। मैं दबता हूँ तो दुनिया को दबा देने का सुख उसे मिलता है। सारी दुनिया की तरफ़ से इस मोर्चे पर मैं खड़ा हूँ और पिट रहा हूँ। वह मुझसे नफ़रत करता है। मगर मुझे ढूँढता है। कुछ दिन नहीं मिलूँ, तो वह परेशान होता है। जिससे नफ़रत है, उससे मिलने की इतनी ललक प्रेम-सम्बन्ध में भी नहीं होती। मुझसे मिलकर मुझे ग़लत बता कर, मुझ पर खीजकर और मुझे दबाकर जो सुख उसे मिलता है, उसके लिए वह मुझे तलाशता है। विश्व-विजय के गौरव और संतोष के लिए योद्धा दुनिया भर की खाक छानते थे। वह कुल चार-पांच मील सड़कों पर मुझे खोजता है तो दुनिया को जीतने के लिए कोई ज़्यादा नहीं चलता।

अगर सारी दुनिया ग़लत और वह सही है तो मैं ग़लत हूँ और वह सही है। मैं पहले उससे असहमत भी हो जाता था। तब वह भयंकर रूप से फूट पड़ता था। उसे ग़लत माने जाने पर गुस्सा आता था। वह लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर आ जाता था। मैंने सहमत होने की नीति अपनाई। मैं सहमत होता हूँ तो वह सोचता है, यह कैसे हो सकता है कि मैं और दुनिया, दोनों ही सही हों। दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह झट से ठीक उलटी बात कहकर असहमत हो जाता है। तब वह एकमात्र सही आदमी और दुनिया ग़लत हो जाती है। मैं फिर सहमत हो जाता हूँ तो वह फिर उस बात पर आ जाता है जिसे वह खुद काट चुका है।

'बहुत भ्रष्टाचार फैला है।' 'हाँ, बहुत फैला है।'

'लोग हल्ला ज़्यादा मचाते हैं। इतना भ्रष्टाचार नहीं है। यहाँ तो सब सियार हैं। एक ने कहा, भ्रष्टाचार! तो सब कोरस में चिल्लाने लगे भ्रष्टाचार!'

'मुझे भी लगता है, लोग भ्रष्टाचार का हल्ला ज़्यादा उड़ाते हैं।'

'मगर बिना कारण लोग हल्ला नहीं मचाएँगे जी? होगा तभी तो हल्ला करते हैं। लोग पागल थोड़े ही हैं।'

'हाँ, सरकारी कर्मचारी भ्रष्ट तो हैं।'

'सरकारी कर्मचारी को क्यों दोष देते हो? उन्हें तो हम-तुम ही भ्रष्ट करते हैं।'

'हाँ, जनता खुद घूस देती है तो वे लेते हैं।'

'जनता क्या ज़बरदस्ती उनके गले में नोट ठूंसती है? वे भ्रष्ट न हों तो जनता क्यों दे?'

कोई घटना होती है तो वह उसके बारे में एक दृष्टिकोण बना लेता है और उससे उसका उल्टा दृष्टिकोण पहले ही मन में हमारे ऊपर मढ़ देता है। फिर वह हमसे उस आरोपित दृष्टिकोण के लिए नफ़रत करता है। नफ़रत इतनी इकट्ठी हो जाती है कि वह उस घटना के लिए ज़िम्मेदार भी हमें मान लेता है। चीन ने भारत को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया तो उसे लगा, जैसे अल्टीमेटम हमने दिया हो। बस्तर में आदिवासियों पर गोली हमने ही चलायी। वियतनाम पर अमेरिकी बमबारी फिर शुरू हो गई तो उसने मान लिया कि हमने ही बम-वर्षा का हुक्म दिया है। कुछ दिन वह खूब भन्नाता रहा। मिला नहीं। एक दिन वह मिल गया। ऐसे मिला, जैसे युद्ध-अपराधियों से मिल रहा हो। मिलते ही फूट पड़ा– 'तुम्हारे अमेरिका ने फिर बम बरसाना शुरू कर दिया है।' उसने हमें ऐसे देखा, जैसे पुलिस हत्यारे को देखती है।

हमने कहा, 'यह बहुत बुरा किया। इससे क्रांति की आशा फिर नष्ट हो गई।'

वह एक क्षण को सहम गया। वह कई दिनों से हमें बमबारी का समर्थक मानकर हमसे नफ़रत कर रहा था। मगर हम तो बमबारी की निंदा कर रहे थे। अब वह क्या रुख अपनाये! उसे सँभालने में ज़्यादा देर नहीं लगी। खीजकर बोला, 'शांति? व्हाट डू यू मीन बाई शांति? यह शब्द झूठा है। सब साले शांति की बात करते हैं और लड़ाई की तैयारी करते हैं!'

हम चुप। उसे संतोष नहीं हुआ। उसने साफ़ रुख अपना लिया, 'कह दिया, बुरा किया क्या बुरा किया? उत्तर से दक्षिण में फ़ौज आती हैं, चीनी हथियार आते हैं। उसके ठिकानों पर बम गिराए बिना कैसे काम चलिएगा?'

'इस दृष्टि से तो बमबारी ठीक मालूम होती है।'

'क्यों ठीक है? नागरिक क्षेत्रों पर बम बरसाना ठीक है, यह कहते शर्म आनी चाहिए!'

'हाँ, नागरिक क्षेत्र पर अलबत्ता बम नहीं गिरना चाहिए।'

'मैं कहता हूँ, कहीं भी क्यों गिराना चाहिए? अमेरिका को क्या हक़ है इधर आने का? यह उसके राज्य का हिस्सा नहीं है।'

'ठीक कहते हो। एशिया में अमेरिका को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।'

'मगर बहुत से बेवक़ूफ़ इस नारे को बिना समझे लगाते हैं। वे भूल जाते हैं कि इधर चीन बैठा है जो सबको निगल जाएगा।'

हम चुप हो गए। वह कुछ भुनभुनाता रहा। फिर झटके से उठा और अँगुलियों के कटाव गिनता हुआ फुर्ती से चला गया।

गोरे और सुडौल इस जवान के कपाल पर तीन रेखाएँ खिंची रहती हैं। हमेशा तनाव में रहता है। नौकरी उसकी साधारण है। एक कॉलेज में पढ़ाता है। कॉलेज से नफ़रत करता है। प्रिंसिपल से, साथियों से, विद्यार्थियों से नफ़रत करता है। बगीचे में खिले फूलों से भी उसे नफ़रत है। मकानमालिक से इसलिए नाराज़ है कि मकान उसका है। नगरपालिका से सड़क के लिए नाराज़ है। नाले से मच्छरों के लिए नाराज़ है। दुनिया से क्यों नाराज़ है, यह ठीक वही जानता होगा। शुरू में ही उसने दुनिया से कुछ ज़्यादा ही उम्मीद कर ली होगी। बहुत से नौजवान मौजूदा हालात के सन्दर्भ में महत्वाकांक्षा नहीं बनाते। वह अनुपात से ज़्यादा हो जाती है। बहुत से तो अपने पिता के ज़माने के सन्दर्भ में महत्वाकांक्षा बना लेते हैं – पिता के ज़माने में हर एम. ए. पास प्रोफ़ेसर हो जाता था, अब नहीं होता। मगर उस सन्दर्भ में जो एम.ए. होकर प्रोफ़ेसर बनने का तय कर लेता है, वह अक्सर निराश होता है। इस आदमी ने भी जवानी के शुरू में तय कर लिया होगा कि मुझे दुनिया से इतना मिलना चाहिए, यह मेरा हक़ है। इस हिसाब से कहीं वह गड़बड़ कर गया। उसने योग्यता के हिसाब से महत्वाकांक्षा नहीं बनाई। उसने मौजूदा ज़माने की स्पर्धा, पक्षपात और चतुरता को भी नज़रंदाज़ कर दिया। उसने मान लिया कि दुनिया ने उसकी क़ीमत नहीं दी। वह आसपास आगे बढ़ते हुए तुच्छ लोगों की भीड़ देखता और सबसे नफ़रत करता है। स्थायी असहमति उसका अपने आपको जोड़ने का प्रयत्न है। इससे वह विशिष्ट बने रहने की कोशिश करता है क्योंकि विशिष्ट हुए बिना वह जी नहीं सकता। एक बार ही मैंने उसे सहमत होते पाया है। उसने केन्द्रीय सरकार में किसी बड़ी नौकरी के लिए आवेदन किया था। वह उसे नहीं मिली। मुझे मिला तो मैंने पूछा।

उसने कहा, 'नहीं मिली'

मैं डर रहा था कि कहीं इसने इसके लिए भी मुझे ही ज़िम्मेदार न मान लिया हो। पर उसकी आँखों में ऐसा आरोप-भाव नहीं था। मेरी हिम्मत बढ़ी। मैंने कहा, 'आजकल पक्षपात बहुत चलता है।'

वह सहमत हो गया। बोला, 'ठीक कहते हो। ऊपर के लोग अपनों को अच्छी जगह फ़िट करते हैं।'

'और योग्य आदमियों की अवहेलना होती है।'

'हाँ, और नालायक ऊँचे पदों पर बिठाये जाते है।'

'तभी तो सब जगह स्तर गिर रहा है।'

'अरे भाई! स्तर तो कुछ रहा ही नहीं।'

'पता नहीं, कब तक यह अंधेर चलेगा!'

'मैं भी यही सोचता हूँ कि आखिर ऐसा कब तक!'

सहमति के इस दुर्लभ क्षण को मैं बिगड़ने नहीं देना चाहता था। इसलिए इससे पहले कि वह किसी बात पर असहमत हो उठे, मैं चल दिया। वही भी मुड़ा। मगर वह अँगुलियों के कटाव नहीं गिन रहा था।

## गज़लें

### ■ साक़ी फ़ारुक़ी

बदन चुराते हुए रूह में समाया कर
मैं अपनी धूप में सोया हुआ हूँ साया कर

ये और बात कि दिल में घना अंधेरा है
मगर ज़बान से तो चाँदनी लुटाया कर

छुपा हुआ है तिरी आजिज़ी के तरकश में
अना के तीर इसी ज़हर में बुझाया कर

कोई सबील कि प्यासे पनाह माँगते हैं
सफ़र की राह में परछाइयाँ बिछाया कर

ख़ुदा के वास्ते मौक़ा न दे शिकायत का
कि दोस्ती की तरह दुश्मनी निभाया कर

अजब हुआ कि गिरह पड़ गई मोहब्बत में
जो हो सके तो जुदाई में रास आया कर

नए चराग़ जला याद के ख़राबे में
वतन में रात सही रौशनी मनाया कर

### ■ ज़ेब ग़ौरी

ख़ंजर चमका रात का सीना चाक हुआ
जंगल जंगल सन्नाटा सफ़्फ़ाक हुआ

ज़ख़्म लगा कर उस का भी कुछ हाथ खुला
मैं भी धोका खा कर कुछ चालाक हुआ

मेरी ही परछाईं दर ओ दीवार प है
सुब्ह हुई नैरंग तमाशा ख़ाक हुआ

कैसा दिल का चराग़ कहाँ का दिल का चराग़
तेज़ हवाओं में शोला ख़ाशाक हुआ

फूल की पत्ती पत्ती ख़ाक पे बिखरी है
रँग उड़ा उड़ते उड़ते अफ़्लाक हुआ

हर दम दिल की शाख़ लरज़ती रहती थी
ज़र्द हवा लहराई क़िस्सा पाक हुआ

अब उस की तलवार मिरी गर्दन होगी
कब का ख़ाली 'ज़ेब' मिरा फ़ितराक हुआ

### ■ मुनीर नियाज़ी

देती नहीं अमाँ जो ज़मीं आसमाँ तो है
कहने को अपने दिल से कोई दास्ताँ तो है

यूँ तो है रंग ज़र्द मगर होंट लाल हैं
सहरा की वुसअतों में कहीं गुल्सिताँ तो है

इक चील एक मुम्टी पे बैठी है धूप में
गलियाँ उजड़ गई हैं मगर पासबाँ तो है

आवाज़ दे के देख लो शायद वो मिल ही जाए
वर्ना ये उम्र भर का सफ़र राएगाँ तो है

मुझ से बहुत क़रीब है तू फिर भी ऐ 'मुनीर'
पर्दा सा कोई मेरे तिरे दरमियाँ तो है

---

इतने ख़ामोश भी रहा न करो
ग़म जुदाई में यूँ किया न करो

ख़्वाब होते हैं देखने के लिए
उन में जा कर मगर रहा न करो

कुछ न होगा गिला भी करने से
ज़ालिमों से गिला किया न करो

उन से निकलें हिकायतें शायद
हर्फ़ लिख कर मिटा दिया न करो

अपने रुत्बे का कुछ लिहाज़ 'मुनीर'
यार सब को बना लिया न करो

# फ़िल्म 'खंडहर' : मृणाल सेन (1984)

■ अजय चंद्रवंशी



खंडहर में एक वीरानी होती है, अकेलापन होता है। मानो अस्तित्व और अनस्तित्व के बीच की स्थिति! मगर खंडहर यह भी बताता है कि कभी वहाँ आबादी थी, चहल -पहल थी। खंडहर सामान्यत: जर्जर होते जाता है और एक दिन उसका अस्तित्व भी मिट जाता है ।मगर उसके दिन फिर भी सकते हैं। किसी निगाहें -करम से उसकी वीरानी मिट भी सकती है ।मगर.... एक मगर जुड़ा ही रहता है!

फ़िल्म 'खंडहर' की जामिनी की ज़िंदगी भी जैसे खंडहर हो गई है ।एक अशक्त बीमार,दृष्टिहीन माँ है जिसकी मानो एकमात्र इच्छा बाकी रह गई है कि किसी तरह बेटी का विवाह हो जाए ।जामिनी भी युवा है स्वभाविक है उसकी जीवन-इच्छाएं हैं, मगर परिस्थितियां एकदम विपरीत हैं ।रिश्तेदार सब अपने-अपने जीवन में मस्त दूर जा चुकें हैं, एक चचेरा भाई दीपू है वह दो -तीन सालों में आ जाता है। उसके पास भी केवल सहानुभूति है ।दीदी-जीजा खर्च के लिए कुछ पैसे भेज देते हैं, अपने पास बुलाते भी हैं मगर माँ का वही सामंती जीवन मूल्य कि बेटी के यहाँ नहीं जायेंगे, कुटुंब का मोह, आड़े आ जाता है। भले ही वह 'कुटुंब' जर्जर खंडहर हो चूका है।

जामिनी और उसकी माँ उस खंडहर में अकेले हैं। विशाल खंडहर उनके एकाकीपन और बढ़ा देता है। कभी निरंजन नामक दूर रिश्ते का एक युवक जामिनी से विवाह करने की बात कहकर गया था। जामिनी की माँ आज भी उसका इन्तिज़ार कर रही है, जबकि जामिनी को पता है उसने विवाह कर लिया है, मगर माँ की हालत देखकर वह उसे बताती नहीं। मगर वह इस अभिनय से तंग आ गई है। एक तरफ उसका अपना दु:ख उस पर माँ की बेकरारी उसे और चोट पहुँचाती है और अक्सर एक चिड़चिड़ापन से बहस का अंत होता है।

परिस्थिति वश दीपू का दोस्त सुभाष जामिनी की माँ के भरम को कायम रखते ख़ुद को निरंजन की तरह पेश करता है। जाहिर है उद्देश्य कुछ समय उसे तकलीफ से दूर रखना था, मगर इसके कारण कहानी में एक मोड़ आ जाता है। सुभाष फोटोग्राफर है, कैमरा हमेशा साथ रहता है। वह केवल व्यावसायिक नहीं कलात्मक फोटो खींचने में भी रूचि रखता है। खंडहर की निरवता, एकांतता उसे आकर्षित करती है, इसलिए वह उसका अलग-अलग कोणों से तस्वीर लेते रहता है।

इस घटना से सुभाष थोड़ा द्वंद्वग्रस्त हो जाता है। अनजाने ही जामिनी की तरफ थोड़ा आकर्षित दिखाई पड़ता है ।जामिनी की मरती इच्छाओं में थोड़ी जान आती दिखाई पड़ती है। मगर यह 'यथार्थ' महज छलावा साबित होता है। सुभाष का आकर्षण में एक संवेदनात्मक तटस्थता है। जामिनी के प्रति उसमें सहानुभूति है मगर प्रेम नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसका मन शहरी मध्यमवर्गीय 'हिसाबी -किताबी ' है। वह जामिनी की तरफ एक कदम आगे नहीं बढ़ाता। उसकी मुख्य चिंता जामिनी नहीं उसकी तस्वीर है, इसलिए गांव से जाने के वक्त भी वह सटीक पोज में जामिनी की फोटो खींचने के लिए लालायित रहता है,और उसमें सफल भी हो जाता है। सुभाष बुरा नहीं है मगर उस तरह 'अच्छा 'भी नहीं है जैसा प्रारंभ में दर्शक को लगता है।

कुल मिलाकर इस विडंबना से जामिनी का जीवन मुक्त नहीं हो पाता। उसका पूरा जीवन जैसे खंडहर हो गया है। जीवन में जैसे कोई सुख,कोई दुख नहीं,बस चल रहा है। वातावरण में बेचारगी है मगर उसका व्यक्तित्व उदात्त है, वह अपना दुख प्रकट नहीं करती,उसे पी जाती है। उसे अपनी माँ की अक्षमता का बोध है और उसे अकेले छोड़ नहीं सकती। माँ भी जैसे उसकी शादी के लिए ही जिंदा है,उसे अपनी अक्षमता का बोध है मगर बेटी की शादी न होना सबसे बड़ा दुख है। अपनी खीझता निकालने के लिए एक-दूसरे के अलावा कोई नहीं है।

यह कहा जा सकता है कि जामिनी में दीनता नहीं है मगर उसके व्यक्तित्व में विद्रोह भी नहीं है ।वह परिस्थितियों के आगे जैसे समर्पण कर चुकी है,उसे कभी बदलने का प्रयास नहीं करती। अवश्य यह भाव दर्शक को कचोटती है मगर जटिल सामाजिक तानेबाने,आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों में ऐसा सोचना शायद जितना आसान है उसका होना उतना नहीं।

फिल्म का दृश्यांकन शीर्षक अनुरूप एक खंडहर में किया गया है जो परिस्थिति के तनाव को उभारने में सहायक होता है। फिल्म प्रेमेंद्र मित्रा की बंगाली लघु कहानी' तेलेनापोता अबिष्कार'पर आधारित है।

# देश के युवाओं को सरकारी नौकरी देने की संकल्प सिद्धि के लिए रोजगार मेले का आयोजन-तोखन

## किसी को रोजगार मिलता है तो परिवार सशक्त होता है और परिवार सशक्त होता है तो समाज विकसित और सशक्त होता है

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। देशभर के 47 स्थानों पर आज, रोजगार मेला के माध्यम से लगभग 51 हजार से अधिक उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।

इसी श्रृंखला में राजधानी के पं. दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में भी केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ मुख्य आयकर आयुक्त के सौजन्य में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया ।इस दौरान भारत सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्त होने वाले 63 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत सरकार का रोजगार मेला प्रधानमंत्री की अत्यंत अभिनव पहल है । उन्होंने बताया कि यह 15 वां रोजगार मेला है ।पिछले रोजगार मेले में लगभग 71000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे और इस बार 51000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहे हैं।

तोखन साहू ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके ईमानदार प्रयासों के कारण उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है और उन्होंने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया है।

श्री साहू ने कहा कि जब किसी को रोजगार मिलता है तो परिवार सशक्त होता है और परिवार



सशक्त होता है तो समाज विकसित और सशक्त होता है और उसके बाद राज्य और राष्ट्र सशक्त और विकसित होता है, यह अत्यंत गौरव का क्षण है ।

श्री साहू ने कहा कि वर्ष 2027 के अंत तक भारत को पांच ट्रिलियन इकोनामी बनाना है । उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करना है ।अंत में उन्होंने पुन: सभी अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

इसके पूर्व छत्तीसगढ़ की मुख्य आयकर आयुक्त, श्रीमती अपर्णा करण ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आयकर विभाग के लिए इस प्रकार के रोजगार मेला का आयोजन का उत्तरदायित्व मिलना एक गौरव का अवसर है । उन्होंने कहा कि रोजगार मेला के जरिए अब तक 10 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के पहले अनेक रिक्तियां भारत सरकार के विभिन्न विभागों में थी जिन्हें भरने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया था । लेकिन वर्ष 2014 के पश्चात देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की रिक्तियों को भरने के लिए मिशन मोड में प्रयास किया गया है और यह प्रयास तब तक जारी रहेगा जब तक कि अधिकांश विभागों की रिक्तियों पर भर्ती ना हो जाए ।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र के युवाओं को और इस देश के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए युवाओं को रोजगार प्रदान कर, आत्मनिर्भरता की ओर देश को आगे बढ़ाना है।

अंत में श्रीमती अपर्णा करण मुख्य आयकर आयुक्त ने सभी नए अभ्यर्थियों का अभिनंदन करते हुए आशा व्यक्त की कि देश के विकास के लिए यह अभ्यर्थी अत्यंत महती भूमिका अदा करेंगे ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में इस आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलियों से मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# ससुराल में पेट्रोल डालकर युवक को जलाने का प्रयास

### तीन पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

### सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का मामला

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम कोरमी में ससुरालवालों ने एक युवक को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की। पीड़ित राहुल धुरी (उम्र 21 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गया और उसे बर्न एंड ट्रॉमा रिसर्च सेंटर विनोबा नगर में भर्ती कराया गया है। मामले में राहुल के बयान और गवाहों के कथन के आधार पर पार्वती धुरी, बोधू धुरी और ज्योति धुरी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।एफआईआर के मुताबिक, घटना 3 अप्रैल 2025 की रात करीब 11.30 बजे की है, जब आरोपी पार्वती धुरी ने राहुल धुरी पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी थी। इसके बाद बोधू धुरी और ज्योति धुरी ने आग




की लपटों में जलते राहुल पर लाठी से हमला भी किया और गंदी-गंदी गालियां दीं। बुरी तरह झुलसे राहुल को परिजन पहले सिम्स बिलासपुर और फिर डीकेएस अस्पताल रायपुर ले गए, जहां से उसे बर्न एंड ट्रॉमा रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया।सिरगिट्टी पुलिस ने धारा बीएनएस के तहत आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल पीड़ित का इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने अस्पताल से मिले डॉक्टरी मेमो और बयान के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप



### परशुराम जन्मोत्सव के लिए आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की हुई बैठक

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी श्री परशुराम जन्मोत्सव के परिपेक्ष में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की एक आवश्यक बैठक महासभा की महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षा श्रीमती दिव्या चतुर्वेदी के निवास स्थान पर आयोजित की गई, बैठक में महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेंन्द्र तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का विशेष महत्व है तप, पराक्रम, ज्ञान एवं न्याय के प्रतीक भगवान परशुराम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें एवं सभी को खुशहाल एवं स्वास्थ्य पूर्ण जीवन का आशीर्वाद प्रदान करें । श्री तिवारी ने बिलासपुर में आगामी 28 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित चार दिवसीय श्री परशुराम जन्मोत्सव में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की सहभागिता एवं योगदान हेतु उपस्थित समस्त पदाधिकारियो एवं सदस्यों से चर्चा कर अधिक से अधिक संख्या में बढ़-चढ़कर सभी से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर संभव अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता निभाने की सहमति दी। बैठक में उपस्थित महासभा की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा त्रिपाठी, मुख्य संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष संजय तिवारी बिलासपुर जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने भी सभी विप्र जनों से श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने 1 मई को आयोजित शोभा यात्रा का दयालबंद में भव्य स्वागत करने एवं शोभायात्रा में शामिल विप्रजनो के लिए शीतल पेय की व्यवस्था कर वहीं से एक साथ शोभायात्रा में शामिल होने का निर्णय लिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतक सभी पर्यटकों का स्मरण कर मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में प्रमुख रूप से श्रीमती राजश्री मिश्रा श्रीमती रीटा तिवारी शलभ चतुर्वेदी आर्यवीर चतुर्वेदी अक्षत तिवारी इत्यादि उपस्थित थे। बैठक का संचालन श्रीमती दिव्या चतुर्वेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन शलभ चतुर्वेदी ने किया।

### चकरभाठा के मेटल स्टोर में महिला गैंग ने उड़ाए 50 हजार

**सीसीटीवी में फुटेज में चेहरे आया सामने, स्कार्फ बांधकर वारदात को दिया अंजाम**


**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। चकरभाठा स्थित छत्तीसगढ़ मेटल स्टोर में फर्नीचर खरीदने आई महिला के पर्स से 50,000 चोरी करने वाली महिला गैंग का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना 19 अप्रैल की है, जब रानीगांव निवासी रूखमणी निर्मलकर अपने पति के साथ दुकान पहुंची थीं। खरीदारी के बाद भुगतान करने के लिए जब उन्होंने पर्स देखा तो उसमें रखी नकदी गायब थी। घटना की रिपोर्ट पर चकरभाठा पुलिस ने अपराध धारा बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकान संचालक बाबा दुबे के अनुसार, फुटेज में दो महिलाएं दिख रही हैं, जिनमें एक आसमानी कलर का शूट और दूसरी कत्थई रंग की साड़ी व इस्काफ में नजर आ रही है। दोनों महिलाएं भीड़ का फायदा उठाकर रूखमणी निर्मलकर के पर्स से रकम निकालते हुए स्पष्ट दिख रही हैं। संचालक ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ महिलाएं चेहरे पर इस्काफ बांधकर दुकान में प्रवेश करती हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। पहले भी नवरात्रि के समय इसी तरह चोरी की वारदात हो चुकी है।फिलहाल चकरभाठा पुलिस ने आरोपी महिलाओं की तलाश तेज कर दी है। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस और दुकान संचालक ने आम लोगों से अपील की है कि अगर कोई इन महिलाओं को पहचानता हो तो तुरंत पुलिस या नजदीकी थाने को सूचना दें, ताकि उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।




# 17 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

## ओले-बिजली गिरने की भी चेतावनी

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में गर्मी का प्रकोप जारी है। राजधानी रायपुर प्रदेश में सबसे गर्म चल रहा यहां शुक्रवार को पारा 43.8 डिग्री तक पहुंच गया। आने वाली हवा की दिशा में बदलाव और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से अगले कुछ दिन थोड़ी राहत वाला हो सकता है। नमी के असर से आने वाले एक दो दिनों में छत्तीसगढ़ के 17 जिलों में अंधड़, बादल, बारिश जैसी गतिविधि बनने के आसार हैं।



मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, अप्रैल के दूसरे और तीसरे सप्ताह में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाए हैं। खासकर राजधानी रायपुर में धरती जमकर तपी है, जिससे यहां ग्रीष्मलहर की स्थिति बनी हुई है। रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग भी भारी गर्मी की चपेट में है और पेंड्रा जैसे ठंडे इलाके में लू की गर्म हवा चल रही है। शुक्रवार को भी हालात कुछ ऐसे ही बने रहे और राजधानी की गर्मी ने प्रदेश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। यहां सुबह से चिलचिलाती धूप ने दोपहर होने के बाद लू का रूप ले लिया। शाम चार बजे बाद झुलसाने वाली गर्मी मौजूद रही, मगर छाए बादलों की वजह से धूप से थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अब हवा के साथ आने वाली नमी की वजह से मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। वातावरण में आर्द्रता बढ़ने से दोपहर बाद सप्ताह के अंत तक अलग-अलग स्थानों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने, बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की स्थिति में बनी रहेगी। इस बदलाव से अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# अलायंस एयर विमानों की कमी के कारण बिलासपुर को पर्याप्त सुविधा देने में सक्षम नहीं

## 2021 में दिल्ली के लिए सप्ताह में आठ उड़ान थी जो आज 5 दिन है

### प्रयागराज और जबलपुर के लिए भी सप्ताह में चार दिन से घट कर अब केवल दो दिन

### राज्य सरकार 72 सीटर विमान चलाने वाली सभी कंपनियों को ओपन टेंडर से आमंत्रित करें



**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से मांग की है की सरकारी कंपनी एलाइंस एयर बिलासपुर को पर्याप्त सुविधा देने में सक्षम नहीं है इसलिए ओपन टेंडर के माध्यम से ऐसी सभी विमानन कंपनियां जिनके पास 72 सीटर या समकक्ष विमान उपलब्ध है उन्हें बिलासपुर से उड़ान संचालित करने के लिए आमंत्रित किया जाए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने चार साल का ब्यौरा देते हुए बताया कि जब एक मार्च 2021 को बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट प्रारंभ हुआ था तब सप्ताह में दिल्ली के लिए आठ उड़ाने मौजूद थी जो आज घटकर पांच रह गई है जबकि दिल्ली की किसी भी उड़ान में कम यात्री होने की शिकायत नहीं है । वस्तुत अधिकांश बार किराया 8000 या अधिक होता है जो दर्शाता है की पर्याप्त यात्री बिलासपुर से दिल्ली के बीच यात्रा कर रहे हैं। इसी तरह बिलासपुर से प्रयागराज और बिलासपुर से जबलपुर के बीच भी सप्ताह में चार-चार उड़ान थी विशेष कर प्रयागराज की उड़ान लगभग पूरी भरी हुई चलती थी परंतु आज यह उड़ान घटकर सप्ताह में दो दिन सप्ताह में रह गई है यही हालत जबलपुर की उड़ान का है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि एलाइंस एयर कंपनी केंद्र सरकार के अधीन है और राजनीतिक कर्म से इसकी उड़ने निर्धारित होती है कई बार यह देखा गया है कि केंद्रीय मंत्री अपने लिए राजनीतिक महत्व के क्षेत्र में नई उड़ाने शुरू करने की घोषणा करते हैं और क्योंकि विमान की कमी है अत: दूसरे सेक्टर में चल रही उड़ान को बंद करके नई उड़ान शुरू की जाती है। ऐसा बिलासपुर के साथ हो चुका है जब बिलासपुर से इंदौर सप्ताह में चार दिन चलने वाली उड़न जिसमें यात्रियों की संख्या पर्याप्त थी उसे बंद कर दो दिन सप्ताह में दिल्ली से इंदौर और दो दिन गोवा से इंदौर चलाया गया। तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के राजनीति के लिए इंदौर अधिक महत्व का था इसका परिणाम बिलासपुर में होगा। समिति ने कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए यह आवश्यक है की अन्य कंपनियों को भी बिलासपुर से उड़ान प्रारंभ करने के लिए आमंत्रित किया जाए। क्योंकि राज्य सरकार बिना टेंडर के एलाइंस एयर को सब्सिडी दे रही है अत यही सब्सिडी निजी कंपनी को देने के लिए ओपन टेंडर किया जाना जरूरी है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा जिसमें रामशरण यादव, बद्री यादव, अनिल गुलहरे ,रवि बनर्जी, देवेंद्र सिंह ठाकुर ,मनोहर खटवानी ,समीर अहमद बबला, चित्रकांत श्रीवास, महेश दुबे टाटा, अशोक भंडारी ,प्रकाश बहरानी दीपक कश्यप, पंकज सिंह, रणजीत सिंह खनूजा, शिव मुदलियार, गोपाल दुबे, चंद्र प्रकाश जायसवाल, संतोष पीपलवा विजय वर्मा, प्रेम दास मानिकपुरी ,अखिल अली, मोहसिन अली, और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# विधायकों के नलकूप खनन और हैंडपंप स्थापना के 500 प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही शुरू

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव लगातार भ्रमण कर एवं जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता की खुद कर रहे निगरानी

### नलकूप खनन और हैंडपंप स्थापना के विधायकों के प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के लिए प्रमुख अभियंता को दिए हैं निर्देश

### विभागीय अधिकारियों को भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों पर सतत निगरानी रखने और वैकल्पिक व्यवस्था के भी निर्देश

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने भीषण गर्मी को देखते हुए विधायकों से प्राप्त नलकूप खनन और हैंडपंप स्थापना के प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता को खासतौर पर निर्देशित किया है। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री साव के निर्देश के बाद पीएचई ने विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता तय करते हुए प्रदेशभर में 500 नलकूपों के खनन और हैंडपंप स्थापना के लिए त्वरित



कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों पर सतत निगरानी रखने और वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी के लिए भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-0008 पर प्राप्त पेयजल समस्या से संबंधित शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

ग्रीष्म काल में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव द्वारा इसकी सक्रिय और सतत निगरानी की जा रही है। वे ग्रामीण इलाकों का लगातार भ्रमण कर एवं जनसंपर्क के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की खुद निगरानी कर रहे हैं। अभी भीषण गर्मी से कई गांवों में जलस्तर गिरने के कारण जल संकट की स्थिति बन रही है। ऐसे गांवों में स्थापित पेयजल व्यवस्था में कठिनाई परिलक्षित हो रही है। इसे देखते हुए उन्होंने भू-जल स्तर गिरने से प्रभावित विकासखंडों के सभी स्रोतों की सतत निगरानी रखने और पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

# बेघर होने का डर, तपती दोपहर में कलेक्टर के सामने गुहार सरकारी जमीन पर बसे ग्रामीणों ने मांगा जीने का अधिकार

**बिलासपुर,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम बिटकुला के इन ग्रामीणों की आंखों में डर है, और हाथों में है उम्मीद का एक छोटा सा आवेदन पत्र। तपती धूप और भीषण गर्मी की परवाह किए बगैर ये अपने छोटे-छोटे बच्चों को गोद में उठाए, प्रशासन से अपने बसेरे को बचाने की गुहार लगाने पहुंचे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वे सालों से इस सरकारी जमीन पर रह रहे हैं। इनके परिवारों ने इसी जमीन को अपना घर बनाया, पीढ़ियों ने यहीं जीवन गुजारा। लेकिन अब बेदखली का आदेश उन्हें बेसहारा करने वाला है। उनका दर्द साफ झलकता है जब वे कहते हैं कि अगर प्रशासन ने उन्हें हटाया तो उनके पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं रहेगी।ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने वर्षों बाद अपने पक्के मकान का सपना पूरा करने की कोशिश की, तो गांव के एक व्यक्ति टुकेश्वर पाटनवार ने उनके निर्माण कार्य पर आपत्ति दर्ज करवा दी। उसका कहना है कि यह जमीन गौचर भूमि है।इसके चलते प्रशासन ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना



बढ़ गई हैं।

इन ग्रामीणों का तर्क है कि अगर यह जमीन वाकई विवादित थी, तो इतने वर्षों तक उन्हें यहां रहने की अनुमति क्यों दी गई।आज जब उनके सिर पर छत बनने वाली थी, तो कानूनी विवाद खड़ा कर दिया गया। ग्रामीणों का दर्द यह भी है कि अब बारिश का मौसम नजदीक है और बिना पक्के मकान के जीना बच्चों-बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।ग्रामीणों की एकमात्र मांग है कि प्रशासन उन्हें उस जमीन का पट्टा प्रदान करे, जिस पर वे वर्षों से बसे हुए हैं।

ताकि वे कानूनी रूप से सुरक्षित रह सकें और अपने बच्चों को एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य दे सकें। ग्रामीणों ने नम आंसू से कहा हम सालों से यहां रह रहे हैं। अब हमारे मकान पर रोक लगाई जा रही है। हम चाहते हैं कि सरकार हमें इस जमीन का पट्टा दे ताकि हम बिना डर के अपने परिवार के साथ रह सकें। गर्मी की तपन से ज्यादा इन ग्रामीणों के मन में छाए बेघर होने के भय ने उन्हें बेहाल कर दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इनकी इस मानवीय अपील पर संवेदनशीलता दिखाता है या नहीं।

**NECC**

| 27.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 180 |
| डिलीवरी | 420 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771